सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 02 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 118, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 60,847 करोड़

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। } 10

## सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है लद्दाख

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताते हुए कहा कि यह केंद्रशासित प्रदेश सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है। } 12



## बंगाल में 15 मतदेय स्थलों पर आज होगा पुनर्मतदान

### मतगणना केन्द्र पर ड्रामेबाजी कर रहीं ममता : शुभेन्दु



एजेंसी

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के 15 मतदेय स्थलों (बूथ) पर चुनावी अनियमितताओं की शिकायत के बाद दो मई को पुनर्मतदान कराने का शुक्रवार को आदेश दिया।

वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पिछली रात मतगणना केंद्र के सामने ड्रामेबाजी करने का आरोप लगाया। शुभेंदु ने भवानीपुर स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री चाहे दो दिन और इस तरह का नाटक करती रहें, लेकिन इससे नतीजे नहीं बदलेंगे। भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ चुनाव ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कॉमर्शियल एलपीजी के दाम 993 रुपये बढ़े, पांच किलो वाला सिलेंडर भी महंगा

### विमान ईंधन की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर बढ़े, औद्योगिक थोक डीजल की कीमत में बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू विमानन कंपनी के लिए विमान ईंधन की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं किया गया। इससे इन कंपनियों को राहत मिली। हालांकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में उछाल के साथ वाणिज्यिक एलपीजी और पांच किलोग्राम के सिलेंडर की कीमतों में अब तक की सबसे अधिक बढ़ोतरी की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर (5.33 प्रतिशत) बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दी है। इसके साथ ही, होटल एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19-किलोग्राम के वाणिज्यिक



एलपीजी सिलेंडर की कीमत 993 रुपये बढ़ाकर रिकॉर्ड 3,071.50 रुपये कर दी गई। पांच किलोग्राम एफटीएल या बाजार मूल्य वाले एलपीजी सिलेंडर की दरें 549 रुपये से बढ़ाकर 810.50 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गईं। अब पांच किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चार साल से नहीं बढ़े पेट्रोल व डीजल के दाम : हरदीप पुरी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के बीच भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर स्थिति बेहद अहम मोड़ पर पहुंच गई है। एक तरफ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दावा किया है कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत ने पिछले चार साल से अधिक समय तक कीमतों को स्थिर रखा है। वहीं, दूसरी ओर सरकारी सूत्रों का स्पष्ट कहना है कि खुदरा कीमतों पर लगी इस रोक के कारण तेल कंपनियों को हो रहे भारी घाटे को देखते हुए निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की पूरी संभावना है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### 15 जून से जेवर एयरपोर्ट में विमान परिचालन शुरू

लखनऊ/जेवर। उत्तर भारत के एविएशन सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने घोषणा की है कि 15 जून से हवाई अड्डे से कमर्शियल फ्लाइट्स का संचालन शुरू होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों, विभिन्न एयरलाइंस और कार्गो ऑपरेटरों के लिए एक आधुनिक और विश्वस्तरीय एविएशन गेट-वे उपलब्ध हो जाएगा। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम मानी जा रही है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति मिली है। एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्लस्टर्स के विकास की श्रृंखला में जेवर एयरपोर्ट एक अहम कड़ी बनकर उभरा है। एयरपोर्ट का संचालन प्रधानमंत्री के उद्घाटन और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से एयरोड्रोम सुरक्षा कार्यक्रम की मंजूरी मिलने के बाद शुरू हो रहा है।

### बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत

महोबा। जिले के श्रीनगर क्षेत्र में एक बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम पिपरा माफ स्थित उर्मिल बांध के पास एक युवक के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। जांच के दौरान पता चला कि बांध के पास रहने वाले रितेश (7) और आर्यन (8) शाम करीब साढ़े चार बजे नहाने के लिए गए थे, जहां वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना का पता तब चला जब चार साल की एक बच्ची ने परिवार को इसके बारे में बताया।

# नये भारत के शिल्पकार हैं श्रमिक : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में श्रमिकों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब श्रमिक वर्ग सशक्त और सुरक्षित हो। इसी दृष्टि से राज्य सरकार श्रमिक परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ा रही है। अब तक 12 लाख 26 हजार निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड सुविधा दी जा चुकी है, जिससे उनके परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध हो रहा है। शेष 15 लाख 83 हजार श्रमिकों को भी शीघ्र इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। औसतन एक परिवार में 5 सदस्यों के आधार पर, यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ



देगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कम से कम 1 करोड़ श्रमिक परिवारों, यानी लगभग 5 करोड़ लोगों तक इस योजना का सीधा लाभ पहुंचाना है, जो प्रदेश के इतिहास में श्रमिक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अटल आवासीय विद्यालय के पहले बैच के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में वर्ष 2023 में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना एक नई मिसाल बनी। इन बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के अथक श्रम व पसीने की लाज रखी है। नए भारत के निर्माण में आप सभी श्रमिक भाई-बहन प्रधानमंत्री जी के विजन के वास्तविक शिल्पकार हैं। सर्दी-गर्मी, आंधी-तूफान की परवाह किए बिना आप जो पसीना बहाते हैं, उसकी एक-एक बूंद धरती माता को सोना उगलने की शक्ति देती है। कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में श्रममेव जयते मंत्र के साथ श्रमिकों को सम्मान और गौरव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने श्रम एवं सेवायोजन विभाग से कहा है कि नए वेज बोर्ड का गठन किया जाए। उसकी रिपोर्ट मंगाई जाए और यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पेयजल, सिंचाई व राहत प्रबंधन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं : सीएम

लखनऊ। प्रदेश में भीषण गर्मी और इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन-प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पेयजल आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था और राहत प्रबंधन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाकर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। शुक्रवार को कृषि, जलशक्ति, पशुधन, समाज कल्याण एवं उद्यान विभाग के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पूर्व में सूखा प्रभावित रहे 18 जनपदों में विशेष निगरानी रखने, 15 जून से 30 जुलाई के बीच निर्धारित मानकों के अनुसार स्थिति का समयबद्ध आकलन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ से सहायता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से लेकर जनपद स्तर तक कंट्रोल रूम सक्रिय ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गंगा एक्सप्रेस-वे 15 दिन तक टोल फ्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेसवे को वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि इस फैसले के तहत प्रदेश की जनता बिना किसी शुल्क के उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे व अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्वाई करते हुए परियोजना विकसित करने वाली कंपनियों आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को 15 दिनों तक टोल संग्रह स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा के आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। बयान के अनुसार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य है कि शुरुआती चरण में अधिक से अधिक लोग इस अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकें। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## समझौता करने को बेताब है ईरान : ट्रंप

### 60 दिन की समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया युद्ध

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है और उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में मीडिया से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां की। ट्रंप ने ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब ईरान ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका ने फिर हमले किए तो वह भी हमले कर जवाबी कार्वाई करेगा। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी तब से युद्ध अस्थायी रूप से रुका हुआ है। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस



(अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा बृहस्पतिवार को सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है। इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्वाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से, 28 फरवरी शनिवार को शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पुनः हमले करेंगे तो उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि हमें इसकी जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी के खिलाफ याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को राहत देते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। सिमरन गुप्ता नाम की एक महिला द्वारा दायर इस याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने यह आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल की एक अदालत के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। संभल की अदालत ने 2025 में राहुल गांधी की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग खारिज कर दी थी जिसे याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने 2025 में अखिल भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धार्मिक पर्यटन से उत्तराखंड को मिल रही आर्थिक ताकत

### डोल आश्रम में आयोजित श्री पीठम स्थापना महोत्सव में शामिल हुए सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन अब विकास का अहम इंजन बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम जैसे प्रमुख स्थल न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आजीविका और रोजगार के नए द्वार भी खोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी अल्मोड़ा में स्थित डोल आश्रम में आयोजित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या राज्य में



बेहतर सड़क नेटवर्क, परिवहन सुविधाओं और सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंधन की सफलता को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार 1100 कन्याओं का पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर सम्मान दिया। इसके साथ ही उन्होंने मां राजेश्वरी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सबका साथ, सबका विकास को धार देगा संध्या संवाद (पृष्ठ-02)
- 28 तक हुई 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद (पृष्ठ-02)
- पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना (पृष्ठ-14)
- निगरानी सूची में भारत बरकरार, वियतनाम पर कड़ी नजर (पृष्ठ-14)
- निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा गुजरात (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** उत्तर प्रदेश में हुआ सर्वाधिक पौधरोपण, एक पेड़ मां के नाम अभियान से सीखेगा विश्व

# ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही दुनिया को राह दिखायेगा यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसकी गूंज अब ब्रिक्स देशों तक पहुंच गई है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान ने प्रदेश को पौधरोपण के मामले में नई ऊंचाई दी है। गत 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर यूपी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि पिछले 9 वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश की इस उपलब्धि को दुनिया के अन्य देशों ने सराहा है और इस तरह के अभियान चलाकर अपने देश के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ना चाहते हैं।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित वर्चुअल समिट में 9 देशों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और यूपी के इस अभियान की खुलकर सराहना की। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया, ईरान और इंडोनेशिया के युवाओं ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती पर विचार व्यक्त किए। विश्व के अन्य देशों के युवाओं का




कहना था कि एक पेड़ मां के नाम जैसा विचार लोगों को प्रकृति से भावनात्मक रूप से जोड़ता है। प्रतिभागी युवाओं का मानना है कि पर्यावरण बचाने के लिए केवल नारे नहीं, बल्कि ऐसे अभियान चाहिए जो समाज की भावनाओं को छू सकें। इसे यूपी ने कर दिखाया है। विभिन्न देशों के युवाओं ने इसे अपने-अपने देशों में लागू करने की बात भी कही। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि वर्चुअल समिट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले बागपत के अमन कुमार ने भारत की आवाज बुलंद की है। उन्होंने पर्यावरण के लिए स्वयंसेवा का संदेश देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से जूझती दुनिया में हर नागरिक को प्रकृति संरक्षण का हिस्सा बनना होगा। उत्तर प्रदेश के इस व्यापक अभियान की खूबियां अन्य देशों के युवाओं ने गंभीरता से सुनीं और इसे प्रेरणादायक बताया। प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल सामान्य कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसे संस्कृति, संवेदना और सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। यही कारण है कि यह पहल अब वैश्विक चर्चा का विषय बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागपत के युवा अमन कुमार को स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा अवकाश और वेतन सुरक्षा

विशेष संवाददाता

- नये नियम लागू, काम के घंटों व वेतन भुगतान की प्रक्रिया को बनाया पारदर्शी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को मजदूर दिवस के अवसर पर दी। असीम अरुण ने कहा कि नए लेबर कोड्स और आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के माध्यम से सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए छुट्टियों, काम के घंटों और वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारियों का शोषण संभव नहीं होगा और उनके अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है।

नए नियमों के अनुसार, अब किसी भी आउटसोर्स या अनुबंध कर्मचारी से लगातार सातों दिन काम लेना अवैध होगा। साप्ताहिक अवकाश निर्धारित कर दिया गया है। 6 दिन के निरंतर कार्य के पश्चात 1 दिन का सवेतनिक अवकाश देना अनिवार्य है। प्रतिदिन कार्य के घंटे 8 से 9 निर्धारित किए गए हैं। इससे अधिक कार्य लिए जाने पर नियमानुसार ओवरटाइम देय होगा। कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बीबीडीयू के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में वेबिनार का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वेबिनार-इन्क्लूसिव रिसर्च प्रैक्टिसेस का आयोजन किया गया।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने यह आयोजन दंत छात्रों को अनुसंधान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाने और जनस्वास्थ्य तथा सामुदायिक कल्याण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया। इस अवसर पर यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम स्थित एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट की कम्युनिटी कनेक्शन्स एंड एंगेजमेंट लीड, डॉ.




फातिमा जाकिया, विशिष्ट अतिथि वक्ता रहीं। डॉ. जाकिया जीडीसी पंजीकृत डेंटल केयर प्रोफेशनल हैं और पब्लिक हेल्थ में एम.एससी. किया है। उन्होंने भारत से डेंटल ग्रेजुएशन पूरा किया तथा यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम से पब्लिक हेल्थ में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। वे अपने साथ नैदानिक विशेषज्ञता और जनस्वास्थ्य नेतृत्व का अनूठा संयोजन लेकर आईं। वर्तमान भूमिका में वे एनएचएस के अंतर्गत कम्युनिटी कनेक्शन्स नामक एक अभिनव रोगी एवं जनसंपर्क पहल का नेतृत्व करती हैं, जिसके माध्यम से वे स्वास्थ्य अनुसंधान को सुदृढ़ करने, सेवा परिवर्तन को आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने का कार्य करती हैं।

डॉ. फातिमा जाकिया का कार्यक्षेत्र नगर परिषदों, एस्टन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम जैसे शैक्षणिक संस्थानों, क्लिनिकल रिसर्च नेटवर्क्स तथा विविध सामुदायिक संगठनों के साथ सहयोग तक फैला हुआ है। शिक्षा, सहभागिता और साक्ष्य आधारित अभ्यास के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता सुधारने के प्रति समर्पित अपने करियर में, डॉ. जाकिया रचनात्मकता, करुणा और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने इन्क्लूसिव रिसर्च प्रैक्टिसेस एंड शेयर्ड इम्पैक्ट फॉर कम्युनिटीज विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि समावेशी शोध का उद्देश्य विभिन्न वर्गों, विशेषकर वंचित समुदायों को शामिल करना है ताकि शोध परिणाम वास्तविक सामुदायिक आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करें। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दंत छात्रों और जनस्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सामुदायिक सहभागिता मौखिक स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने, निवारक देखभाल को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील एवं सुलभ हस्तक्षेपों को डिजाइन करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सत्र में कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 56 प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े और 94 प्रतिभागी ऑफलाइन उपस्थित रहे।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रश्न उठाए, जिनका वक्ता ने अत्यंत स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ उत्तर दिया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा एवं बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की प्राचार्य डॉ. नीता पासरिचा के मार्गदर्शन में हुआ।

# औद्योगिक अशांति में खंडहर के सिवा कुछ नहीं बचता : मुख्यमंत्री

## सभी 75 जनपदों में स्थापित होंगे ईएसआईसी औषधालय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमवीर गौरव समारोह में कहा कि मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत भी हम श्रमिक परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें 6 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़ चुके हैं। इसके अलावा, ठहरने की बेहतर सुविधा के लिए हम श्रमिक डॉरमेट्री बना रहे हैं। इनमें सस्ती और गुणवत्तापूर्ण कैंटीन भी होंगी, ताकि श्रमिकों को सस्ता, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सके। साफ-सुथरे शौचालय, स्नानघर तथा मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हों।

सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा, कॉमन एरिया, गार्ड की व्यवस्था, ये सब भी श्रमिक डॉरमेट्री में सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही ईएसआईसी औषधालयों का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में 41 जनपदों में 116 ईएसआईसी औषधालय संचालित हैं। शेष 34 जनपदों में भी जल्द ही एक-एक ईएसआईसी औषधालय स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्थापित किया जाएगा, ताकि श्रमिकों को अपने क्षेत्र में ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में हमने 7 एकड़ भूमि आवंटित की है, जहां 300 बेड का एक ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाया जाएगा। यह हॉस्पिटल विशेष रूप से श्रमिकों के लिए समर्पित होगा, चाहे वे निर्माण श्रमिक हों या औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक। इसी प्रकार, गीडा गोरखपुर में 5 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जहां



ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग को निर्देश दिया गया है कि जहां कहीं भी औद्योगिक क्षेत्र हों, वहां ईएसआईसी हॉस्पिटल स्थापित किए जाएं। औद्योगिक विकास विभाग की जिम्मेदारी होगी कि ऐसे क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराई जाए और ईएसआईसी के माध्यम से हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाए। जहां ईएसआईसी हॉस्पिटल नहीं बन पाए, वहां श्रमिकों और उनके परिवार को आयुष्मान भारत जैसी सुविधा दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के मानदेय में वृद्धि की है। हमने उद्यमियों से बातचीत कर इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया है। उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं। उद्योग है तो श्रमिक है। उद्योग का उन्नयन होगा तो श्रमिक का उन्नयन होगा। श्रमिक खुशहाल होगा तो उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। औद्योगिक अशांति किसी भी स्थिति में नहीं होने देनी है। जहां औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता। जो लोग समृद्धि और विकास के विरोधी हैं, वे उद्योग नहीं चलने देना चाहते। वे लोगों को बहकाने का काम करेंगे, लेकिन हमें बहकना नहीं है। उद्योग और श्रमिकों को मिलकर आगे बढ़ना है।

**ग्रेटर नोएडा में श्रमिक सुविधा केंद्र, ईएसआईसी अस्पताल व विद्यालय का किया शिलान्यास :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह के दौरान श्रमिक कल्याण एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इन केंद्रों के निर्माण से श्रमिकों को एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही ईएसआईसी अस्पताल, ग्रेटर नोएडा के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया गया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने क्षेत्रीय निदेशक ईएसआईसी कालीचरण झा को यह आवंटन पत्र सौंपा। 7.2 एकड़ भूमि पर बनने वाला यह 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल क्षेत्र के श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सीएम कंपोजिट विद्यालय, जेवर के निर्माण का भी शिलान्यास किया। इस विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**प्रतिभा और परिश्रम का सम्मान :** श्रमवीर गौरव समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्यों और श्रमिकों को सम्मानित किया गया। सीबीएसई 10वीं के पहले ही बैच में 100% परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले प्रयागराज और वाराणसी के अटल आवासीय विद्यालयों ने इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ. गोपालकांत मिश्रा और वाराणसी के प्रधानाचार्य श्री सत्येंद्र प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए टैबलेट वितरित किए गए। सम्मानित छात्राओं में वाराणसी की श्वेता, आजमगढ़ की अंशिका यादव, बस्ती की सृष्टि गुप्ता, लखनऊ की रीत मौर्या और अयोध्या की अभिलाषा शामिल रहीं। वहीं छात्र वर्ग में आजमगढ़ के संगम यादव, वाराणसी के हर्ष कुशवाहा, प्रयागराज के हर्षित, आगरा के गणेश कुमार और मुरादाबाद के उदय प्रताप को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया।

# बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है : त्रिलोक त्यागी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मजदूर दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जनपद स्तर के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक के दौरान श्रमिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, विशेषकर बाल श्रम उन्मूलन, न्यूनतम मजदूरी के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके सम्मानजनक जीवन स्तर को सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर इन मुद्दों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यक होने पर संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया।

बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो देश के भविष्य को प्रभावित करती है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिए, ताकि वे शिक्षित होकर देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

# युवा अपने विवेक और ज्ञान का सदुपयोग करें

## विधानसभा मंडप में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सभी भारत के संविधान से बंधे हैं, जो हमारे लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवा संसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन का सशक्त प्रतिफल है, जिसके माध्यम से आज के युवाओं को भविष्य के भारत के निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है।



उत्तर प्रदेश विधानसभा मंडप में आज राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का शुभारंभ अध्यक्ष सतीश महाना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश यादव, विधायक डॉ. सुरभि, नीरज बोरा एवं शशांक वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में सतीश महाना ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में यही पीढ़ी देश की दिशा और दशा तय करेगी, इसलिए आज ही भविष्य की आकृति और स्वरूप पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे आने वाली पीढ़ी के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करें और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग सकारात्मक कार्यों के लिए होना चाहिए, अन्यथा यह भस्मासुर भी बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने विवेक और ज्ञान का सदुपयोग करें, समय का उचित प्रबंधन करें तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाएं।

उन्होंने कहा कि ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह समाज तक पहुंचे। जीवन में प्रतिबद्धता (कमिटमेंट) और इच्छाशक्ति सफलता के प्रमुख आधार हैं। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा जीतने के लिए कार्य करें, किसी को हराने के लिए नहीं और अपनी योग्यता पर अहंकार से बचें। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि आज के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को विनम्रता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान बुद्ध की जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) तथा श्रमिक दिवस के अवसर पर राजधानी कैसरबाग स्थित गांधी भवन (प्रेक्षागृह) में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों एवं चिकित्सकों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ। उक्त सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया सांसद तथा रवि प्रकाश वर्मा पूर्व सांसद सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेतागण शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष हिंदवी तथा अतिथियों का स्वागत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम से पूर्व समस्त पदाधिकारियों सहित उपस्थित सभी अतिथिगणों ने भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर



पर पुष्पांजलि की तथा दीपदान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं चिकित्सकों के देश एवं पार्टी के निर्माण में भूमिका पर लघु फिल्मों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माणकर्ता हैं यह वर्ग है जो भीड़ का हिस्सा नहीं बल्कि भीड़ को सम्बोधित करता है। सामाजिक न्याय के लिए हमें समाज में हर शोषित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खड़े रहना है। पुरानी पेंशन पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों, शिक्षकों एवं सैनिकों को पुरानी पेंशन के रूप में बुढ़ापे का सहारा दिया था जिसे भाजपा सरकार ने छीन लिया है। कांग्रेस सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन बहाल करेगी और शिक्षकों तथा चिकित्सकों की समस्यओं को दूर करने का प्रयास करेगी।

# सबका साथ, सबका विकास को धार देगा संध्या संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से देवीपाटन मंडल में ग्राम पंचायत स्तर पर संध्या संवाद कार्यक्रम की अभिनव पहल की जा रही है। इसकी शुरूआत 8 मई को श्रावस्ती की एक ग्राम पंचायत से की जाएगी।

इस दौरान ग्राम पंचायत में संध्या संवाद कार्यक्रम के तहत देवीपाटन मंडलायुक्त द्वारा ग्रामीणों के साथ खुली चौपाल में उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा। इसके अलावा योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ देने के लिए मंडलायुक्त के निर्देश पर ग्राम पंचायत में शिविर भी लगाया जाएगा, जहां तत्काल योजनाओं को लाभ दिया जाएगा। देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्व के मंत्र को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हमेशा प्रयास रहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

इसके लिए प्रदेश में समय-समय पर विभिन्न जनसंपर्क और जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप देवीपाटन मंडल के चार जिलों गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर में ग्राम पंचायत स्तर पर संध्या संवाद कार्यक्रमह्व का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 8 मई को श्रावस्ती में चयनित ग्राम पंचायत स्तर पर मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में संध्या संवाद कार्यक्रमह्व के तहत खुली चौपाल आयोजित की जाएगी। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण अपनी समस्याएं, सुझाव और अनुभव सीधे प्रशासन के सामने रख सकेंगे। इससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की भी पहचान की जा सकेगी।

मंडलायुक्त ने बताया कि चयनित ग्राम में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जहां पात्र व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। लाभार्थियों को उसी दिन प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का पारदर्शी तरीके से वितरण किया जाए। इसके अलावा श्रावस्ती में 8 मई को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई की जाएगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और पेंशनरों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय और पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# प्रदेश में 28 अप्रैल तक 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

- **अब तक 1,15,854 लाभार्थी किसानों को 1318 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान**
- **पूर्वांचल के जिले खरीद में आगे, देवरिया में 55.82% के साथ सबसे अधिक खरीद**

लखनऊ। प्रदेश में रबी विपणन सत्र के दौरान गेहूं खरीद अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। योगी सरकार की सक्रिय रणनीति और जमीनी स्तर पर मजबूत व्यवस्थाओं के चलते 28 अप्रैल तक 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की जा चुकी है, जो अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाती है। सरकार ने इस अभियान में पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अब तक 1,15,854 किसानों को 1318 करोड़ रुपये का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा चुका है। इससे किसानों को समय पर पैसा मिल रहा है।

प्रदेश भर के खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। तौल, भंडारण और भुगतान की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया गया है, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि हर केंद्र पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें और किसी भी किसान को लौटना न पड़े। गेहूं खरीद में पूर्वांचल के जिलों ने शानदार प्रदर्शन किया है। देवरिया ने 55.82% खरीद के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर प्रशासनिक सक्रियता और किसानों की भागीदारी का मजबूत उदाहरण पेश किया है। इसके अलावा बस्ती, प्रतापगढ़, बलरामपुर और संतकबीरनगर जैसे जिले भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों का भरोसा मजबूत किया है। इस बार बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई, दाने सिकुड़े और चमक कम हो गई। ऐसे में किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए केंद्र सरकार ने राहत दी है। अब 70% तक चमकविहीन और 20% तक सिकुड़ा/टूटा गेहूं बिना कटौती के खरीदने की अनुमति दी गई है, जिससे किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। पंजीकरण से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। किसान आसानी से पंजीकरण कर रहे हैं और उन्हें सीधे खातों में भुगतान मिल रहा है। साथ ही निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिल सके।

# वाराणसी में खुलेगा शकुन्तला विवि का पहला स्टडी सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

- **40वीं विद्या परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी**
- **विद्यार्थियों का फीडबैक होगा अनिवार्य, शिक्षण गुणवत्ता सुधारने पर जोर**

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शोधार्थियों को अब पीएचडी मौखिकी परीक्षा पूर्ण होने की तिथि से ही उपाधि प्रदान की जाएगी। साथ ही स्नातक, परास्नातक और पीएचडी के विद्यार्थियों को शोध पत्र प्रस्तुति के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए कर्मचारी वार्ड कोटा, खिलाड़ियों और स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के लिए विशेष आरक्षण की व्यवस्था भी जारी रहेगी। विश्वविद्यालय की 40वीं विद्या परिषद की बैठक कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अनुमोदन मिला है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी।

कुलपति प्रो. संजय सिंह के विशेष पहल पर विश्वविद्यालय अपना पहला क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र वाराणसी में खोलने जा रहा है। विद्या परिषद से मंजूरी मिल चुकी है। यह केंद्र खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुद्देशीय दिव्यांगजन विकास संस्थान में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में छह हॉल और 16 कमरों की व्यवस्था होगी। सत्र 2026-27 से पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू होने की संभावना है। प्रथम चरण में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम, बीवीए और चार वर्षीय बीए (एनईपी) शुरू किए जा सकते हैं।

**पेपर प्रेजेंशन के लिए आर्थिक सहायता, विद्यार्थी देंगे फीडबैक :** विश्वविद्यालय के यूजी, पीजी और पीएचडी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, संगोष्ठी और कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। पीएचडी शोधार्थियों को 20 हजार रुपये तथा यूजी और पीजी (ऑनर्स विद रिसर्च) के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए विद्यार्थियों से स्टूडेंट फीडबैक फॉर्म भरवाने की व्यवस्था को भी मंजूरी दी गई है।

**विशेष आरक्षण की व्यवस्था, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एडमिशन रूल्स एंड प्रोसिजर्स को भी मंजूरी :** पीएचडी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) और फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्सों को छोड़कर कर्मचारियों के बच्चों के लिए 10 प्रतिशत सुपरन्यूमेरेरी सीट, खिलाड़ियों के लिए पांच प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटा और स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के लिए दो प्रतिशत आरक्षण जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश और सुविधाओं से संबंधित नियमों को भी स्वीकृति दी गई। इसके तहत इंटरनेशनल स्टूडेंट सेल विदेशी छात्रों को प्रवेश से लेकर पढ़ाई तक सहायता प्रदान करेगा, जिससे विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान मजबूत होगी।

**दिव्यांगों के लिए डिस्टैंस लर्निंग की व्यवस्था :** इसके अलावा विश्वविद्यालय के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश के विभिन्न मंडलों में प्रतिनिधिमंडल भेजने तथा यूजीसी की करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत वर्ष 2026 में शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से कराने का निर्णय भी लिया गया। विश्वविद्यालय की ओर से दूरस्थ शिक्षा पद्धति (ओपन एंड डिस्टैंस लर्निंग) के माध्यम से दिव्यांग छात्रों के लिए कौशल विकास कोर्स शुरू किए जाने पर भी स्वीकृति मिली। जिससे उन्हें घर बैठे पढ़ाने और रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग के अवसर मिलेंगे। दिव्यांग छात्रों, दूर-दराज के विद्यार्थियों और पूरे समाज को सीधा लाभ मिल सकेगा। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि विद्या परिषद में लिए गए ये सभी निर्णय विद्यार्थियों, विशेषकर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# भाजपा अपनी हार को छिपाने के लिए महिलाओं को बना रही मुद्दा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार देश की महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। भाजपा सोची समझी रणनीति के तहत विपक्ष को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। नई संसद में 2023 में जब महिला आरक्षण बिल आया था, तब सभी दलों ने उसे समर्थन देकर पास कराया था। महिला आरक्षण बिल अब कानून बन चुका है। भाजपा के मन में महिला आरक्षण को लेकर खोट है इसीलिए सरकार महिला आरक्षण में संशोधन के लिए बिल लायी थी। जो महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन गया है। भाजपा उसके खिलाफ बोल रही है। भाजपा असंवैधानिक काम कर रही है। भाजपा का आचरण संविधान विरोधी है। वह संसद से पास कानून नहीं स्वीकार कर रही है। अपनी हार को छिपाने के लिए भाजपा महिलाओं को मुद्दा बनाना चाहती है

पार्टी ने प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण संशोधन बिल के लिए संसद का सत्र ऐसे समय में बुलाया जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे थे। देश के इतिहास



में पहली बार महिला आरक्षण में संशोधन और परिसीमन जैसा महत्वपूर्ण बिल चुनाव के मध्य में लेकर आयी। भाजपा विपक्षी दलों के सांसदों को चुनाव से चार-पांच दिन दूर करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गयी है। इस सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है तो महिला आरक्षण संशोधन बिल के साथ परिसीमन बिल लेकर आ गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार आम जनता और लोगों के साथ साजिश कर रही है। कभी एप डाउन लोड करवा रही है, कभी कर्मचारियों से, कभी शिक्षकों से डेटा भरा रहे हैं। लेकिन जो जातीय जनगणना सबसे महत्वपूर्ण डेटा है, उसे नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में भाजपा की साजिश हार गयी इसीलिए उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आये थे।

**अखिलेश ने बौद्ध भिक्षुओं को किया सम्मानित :** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों और अन्य प्रदेशों के बौद्ध धर्मगुरू भन्ते बड़ी संख्या में शामिल हुए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आये सभी भन्ते बौद्धधर्म गुरूओं का आभार प्रकट किया और बौद्ध भिक्षुओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर जीवन में खुशहाली लाने के लिए बौद्ध भिक्षुओं द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी।

**किसानों ने अखिलेश को सौंपा ज्ञापन :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से शुक्रवार को चंदौली के वाजिदपुर के पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह यादव, सत्य प्रकाश सोनकर प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी एवं अन्य किसानों ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में वर्ल्ड सिटी एक्सपो भूमि विकास, आवास-विकास परिषद एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम सभा वाजिदपुर हरहुआ, सिंहपुर, देवनाथपुर, रामसिंहपुर, लुच्छेपुर, बझियाबरी, बहोरिपुर, प्रताप पट्टी समेत अन्य ग्रामसभा के किसानों की जमीन व मकान जबरदस्ती नापने और खाली कराने की शिकायत की।

संक्षेप

## दहेज उत्पीड़न को लेकर पति के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। विवाहिता के उत्पीड़न को लेकर पति के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी शिवराम गुप्ता की पुत्री प्रियांशी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी निवासी रवि गुप्ता पुत्र मथुरा के साथ हुई थी। तहरीर में कहा गया है कि शादी के पांच माह बाद उसका पति रवि दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि पति रवि ने दहेज की मांग को लेकर पीड़िता के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपी द्वारा विवाहिता का मोबाइल फोन भी तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़िता के मुताबिक पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर घर दुबारा आने पर उसे जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रवि गुप्ता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गालीगलौज व धमकी तथा तोडफोड़ का केस दर्ज किया है।

## मारपीट व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। पीड़िता के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हरनाहर भोरई का पुरवा निवासिनी शान्ती देवी पत्नी स्व0 जमुना प्रसाद तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस अप्रैल को सुबह दस बजे गांव का मोहित तिवारी पुत्र नर्वदा तिवारी बाइक से उसके दरवाजे गिर पड़ा। इस बीच आरोपी द्वारा पीड़िता के पुत्र के साथ गालीगलौज शुरू कर दी गयी। विरोध जताने पर आरोपी द्वारा मारपीट शुरु कर दी गयी। बीचबचाव के लिए पीड़िता वहां पहुंची तो आरोपी ने पत्थर से हमला कर उसे चुटहिल कर दिया। शोरशराबा होने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहित तिवारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## लोक कल्याण के लिए हुआ भंडारा

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में लोक कल्याण की मंगलकामना को लेकर शुक्रवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। भगवान घुइसरनाथ जी का पुष्पाभिषेक कर भक्तों ने सर्वकल्याण की प्रार्थना की। वहीं शिव संकीर्तन में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। भण्डारे में लालगंज के धधुआ गाजन स्थित आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल की निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। आयोजन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शशिभूषण शुक्ला के सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार की भी वक्ताओं ने सराहना की। संयोजन महेन्द्र पाठक ने किया। इस मौके पर विधायक मोना के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय, डॉ0 सौरभ मिश्र, सुशीला मिश्रा, लीना तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंह आदि रहे।

## एसआरएन अस्पताल से बंदी फरार

प्रतापगढ़। जिला कारागार का एक बंदी गुरुवार रात प्रयागराज स्थित एसआरएन अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंतू थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव निवासी बाबूलाल वर्मा (45) को तबीयत बिगड़ने पर जिला जेल से इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज भेजा गया था। इसी दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# महिला की गला रेतकर हत्या

जिला संवाददाता

मेरठ। शहर के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 27 वर्षीय एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, महिला का शव उसके घर में फर्श पर पड़ा मिला। घटना का खुलासा तब हुआ जब मृतका की दो बेटियां सुबह करीब आठ बजे मकान मालिक के पास पहुंचीं और अपने पिता से बात कराने को कहा।

मकान मालिक द्वारा फोन मिलाने के बाद दोनों बच्चियां दूसरी मंजिल पर चली गईं। कुछ देर बाद उनके रोने की आवाज सुनकर मकान मालिक की पत्नी ऊपर पहुंचीं, जहां उन्होंने महिला को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा और शोर मचाया।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय महिला का पति साकिब (30) ई-रिक्शा लेकर मंडी गया हुआ था। सूचना मिलने पर वह भी मौके पर पहुंचा। मृतका की पहचान कौसर के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली थी। उसकी शादी करीब सात साल पहले साकिब से हुई थी। दंपति की दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी छह साल की है। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस अधीक्षक नगर विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि प्रथम दृष्टया घर में जबरन प्रवेश के कोई निशान नहीं मिले हैं, जिससे आशंका है कि वारदात में किसी परिचित का हाथ हो सकता है।

पुलिस ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

## डीआरएम ने भरथना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

भरथना, इटावा। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मंडल रेल प्रबन्धक डीआरएम रजनीश अग्रवाल द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रेन ठहराव सहित रेलवे से



सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु समाजसेवियों ने ज्ञापन के माध्यम से उन्हें रूबरू कराया। शुक्रवार को प्रातः करीब 11 बजे उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मण्डल रेल प्रबन्धक (डीआरएम) रजनीश अग्रवाल अपने स्पेशल निरीक्षणयान से भरथना रेलवे स्टेशन पहुँचे। जहाँ उन्होंने स्टेशन के चारों प्लेटफार्मों, प्रकाश व्यवस्था, फुट ओवरब्रिज, कण्ट्रोल रूम, टिकटघर, पेयजल आपूर्ति सहित यात्री सुविधाओं की सभी मूलभूत आवश्यकताओं का बारीकी से परीक्षण किया तथा सम्पूर्ण रेलवे स्टेशन परिसर में भ्रमण कर जायजा लिया। डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया कि स्टेशन की सुविधाओं से सम्बन्धित प्राप्त पत्रों का विभागीय अधिकारियों द्वारा जाँच करवायी जा रही है, कि कितने यात्रियों का आवागमन रहता है, सुविधाओं में क्या अव्यवस्था है? उसी आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी, जो उचित सुविधायें हैं, सभी मुहैया करायी जायेगीं। उन्होंने मरीज-दिव्यांग यात्रियों के आवागमन हेतु रैप निर्माण की भी बात कही। निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने डीआरएम रजनीश अग्रवाल को वेटिंग रूम, महिला शौंचालय, जलापूर्ति, प्वाइण्ट्समैन हट, जर्जर क्वार्टर तोडकर नवनिर्माण, जलभराव, सडक निर्माण आदि समस्याओं को लेकर अवगत कराया। जिस पर श्री अग्रवाल ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द ही उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु आदेशित किया।

# डीएम ने किया गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नगर पंचायत उसका बाजार स्थित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू और समयबद्ध हो। साथ ही किसानों से संपर्क बढ़ाकर खरीद में प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल, छाया और बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने ई-तौल मशीनों के सही उपयोग और तौल में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही गेहूं के सुरक्षित भंडारण और समय पर उठान सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिद्धार्थनगर में राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न



सिद्धार्थनगर। विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता एवं विनय वर्मा की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यमंत्री ने अधिकारियों को ग्राम चौपाल में जाकर समस्याओं का समाधान करने, आवास योजनाओं के लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करने तथा गांवों में साफ-सफाई, अधूरे कार्यों की पूर्णता और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और अमृत सरोवरों की साफ-सफाई व जलभराव पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पथरा पुलिस की कार्रवाई : दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए



पथरा बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के पथरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पथरा बाजार पुलिस ने वाद संख्या 78/15 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारंटी–जगदीश एवं रामअनुज–को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार आर्या और कांस्टेबल पंकज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।

## यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा का परिणाम घोषित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा 22 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 93,419 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 50,795 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 182 पदों के सापेक्ष प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 2,856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है।

अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परिणाम पूर्णतः अस्थायी (प्रोविजनल) है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य परीक्षा के कार्यक्रम एवं उसके लिए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी।

# 20 वर्षों पुराने जमीनी विवाद का समाधान

## बांसी तहसीलदार की सक्रिय कार्यशैली बनी मिसाल

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर जनपद में प्रशासनिक दक्षता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। तहसील बांसी के तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने अपने कुशल नेतृत्व और प्रभावी कार्यशैली से वर्षों पुराने जटिल जमीनी विवाद का मौके पर पहुंचकर सफल निस्तारण कर क्षेत्र में प्रशासन की साख को नई मजबूती दी है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत समोगरा में करीब 20 वर्षों से चला आ रहा जमीनी विवाद स्थानीय लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बना हुआ था। कई स्तरों पर प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा था, जिससे ग्रामीणों में निराशा का माहौल था। ऐसे में तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने मामले को प्राथमिकता देते हुए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का गहन निरीक्षण किया।



उन्होंने अपनी टीम में शामिल हल्का क्षेत्रीय लेखपाल और अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर मौके पर ही दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनी, उपलब्ध अभिलेखों और साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया तथा निष्पक्षता के साथ निर्णय लेते हुए विवाद का शांतिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया। उनकी इस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का संतुलित समन्वय स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने तहसीलदार के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि इतने लंबे समय से लंबित विवाद का मौके पर समाधान होना न केवल राहत देने वाला है, बल्कि इससे प्रशासन के प्रति विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव का यह सराहनीय कार्य उनके कर्तव्यनिष्ठ, जनहितैषी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण को दशार्ता है। यह पहल न सिर्फ क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहायक सिद्ध हुई है, बल्कि अन्य अधिकारियों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

बलिया। जिले में सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा से दुष्कर्म और पांचवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में शुक्रवार को प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय की दोनों छात्राएं 28 अप्रैल को स्कूल गई थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक फैजुल्लाह अंसारी (55) ने कक्षा एक की छात्रा को टॉफी का लालच देकर शौचालय में बुलाया और उससे दुष्कर्म किया। प्रधानाध्यापक पर पहले भी कई बार छात्रा के साथ ऐसा करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि इसी गांव की कक्षा पांच में पढ़ने वाली नौ वर्षीय छात्रा के साथ भी आरोपी ने कथित तौर पर गलत हरकत की। सीओ गुप्ता के अनुसार, कक्षा एक की छात्रा की मां की तहरीर के आधार पर बृहस्पतिवार को आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा और यौन अपराधों बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## दूध लेने जा रही एक महिला को रास्ते में जंगली हाथी ने कुचला

बिजनौर। जिले के मंडावली थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह हाथी के हमले में एक महिला की मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वन रेंजर योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह मंडावली थाना क्षेत्र के रामपुर चाठा गांव में दूध लेने जा रही ब्रह्मवती (45) पर रास्ते में अचानक सामने आए जंगली हाथी ने हमला कर दिया। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो उसके परिवार के लोग उसे ढूंढने निकले और सड़क किनारे उसका शव पड़ा हुआ पाया। वन विभाग ने परिवार को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। मंडावली थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डंपर ने तीन युवकों को कुचला, दो की मौत

फतेहपुर। जिले में फतेहपुर-बांदा मार्ग पर स्थित मार्क पुल पर गुरुवार देर रात डंपर से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने मारका पल पर जाम लगा दिया है। आक्रोश को देखते हुए सीओ सहित भारी फोर्स लगा दी गई है। 10 घंटे से चक्का जाम होने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन दोस्त शिवम सनी और बसंता एक ही बाइक से सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे कि अवैध बालू खनन में लगी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दो युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। देर रात हुए हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मारकापुल पर दोनों शवों को रखकर चक्का जाम कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन अवैध बालू खनन में लगे वाहनों से दुर्घटना होती हैं और अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है लेकिन प्रशासन अवैध बालू खनन को रोक नहीं पा रहा है जिससे यहां आए दिन घटनाएं हुआ करती है।

# उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रही सरकार: मोना

- कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने गंगा एक्सप्रेसवे को विकास व आध्यात्म के क्षेत्र में बताया रामपुरखास के लिए उपलब्धि



**प्रतापगढ़।** प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को जबरन लगाए जाने के पावर कारपोरेशन की कार्रवाई को मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा डांका करार दिया है। उन्होने सवाल उठाया कि जब मीटर बदलने की अंतिम तिथि इक्तीस मार्च 2028 तक बढ़ा दी गयी है तो फिर पावर कारपोरेशन के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर हड़बड़ाहट और जल्दबाजी क्यों है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में करीब पचहत्तर लाख उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब तथा कमजोर तबके के घरों में जबरिया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रेसवार्ता में सरकार से दो टूक कहा कि वह स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर बेतहाशा और अनियमित विद्युत बिलों पर फौरन रोक लगाए। उन्होने यह भी कहा कि सरकार की ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर गांव गांव उपभोक्ताओं को परेशान किये जाने की प्रक्रिया पर विराम नही लगा तो कांग्रेस सड़क से सदन तक इस मुददे पर जारी संघर्ष को और मुखर बनाएगी। उन्होने यह भी कहा कि इसके बावजूद सरकारी रवैया नहीं बदला तब 2027 में भाजपा सरकार के सत्ता से हटते ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार बिजली विभाग को बेंचने के लिए यह व्यवस्था लेकर आयी है। प्रेसवार्ता में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने हाल ही में गंगा एक्सप्रेसवे की शुरूआत को लेकर इसे विकास तथा आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि कहा। उन्होने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के प्रयास से गंगा एक्सप्रेसवे को बाबा घुइसरनाथ नगरी व गंगा मईया के संगम का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होने सराय संग्राम सिंह में निकास एवं प्रवेश की एक्सप्रेसवे पर मिली सुविधा को बाबा घुइसरनाथ नगरी के पर्यटन विकास तथा क्षेत्र में औद्यौगिक विकास के ढांचे के लिए दूरगामी उपलब्धि भी करार दिया। उन्होने कहा कि सांगीपुर से बाबा घुइसरनाथ धाम, लालगंज होते हुए संग्रामगढ़ स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण की शुरूआत भी एक्सप्रेसवे के जरिए बाबा घुइसरनाथ धाम और मां गंगा के आध्यात्मिक जुड़ाव का सुखद संकेत है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एक्सप्रेसवे पर सराय संग्राम सिंह के अण्डरपास पर मिली सुविधा के लिए केन्द्रीय भूतल परिवहन एवं सड़क राज मंत्री नितिन गडकरी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति उनके प्रस्ताव की मंजूरी को लेकर आभार भी जताया। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने खाद्य तेल की कीमतों में तेजी से हो रही बढ़ोत्तरी को मंहगाई बढ़ने के लिए चिन्ताजनक ठहराया।

## मेरठ सीजीएचएस कार्यालय में सीबीआई का छापा, रिश्वत लेते कर्मचारी गिरफ्तार

मेरठ। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के मेरठ में सूरजकुंड स्थित कार्यालय में रिश्वतखोरी के मामले में छापा मारकर एक कर्मचारी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है जबकि अतिरिक्त निदेशक डॉ. नताशा वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा गई है। यह कार्रवाई मेरठ के एक निजी अस्पताल संचालक की शिकायत पर की गई।

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार अस्पताल के भुगतान जारी कराने और पैनल से बाहर करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एजेंसी ने मामला दर्ज कर जाल बिछाया और अस्पताल संचालक के कर्मचारी के माध्यम से रकम भिजवाई। इसी दौरान आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया।

## अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह की मनायी गई 194 वीं जयन्ती

चौरीचौरा, गोरखपुर। गुरिल्ला युद्ध में माहिर, डुमरी स्टेट अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह की 194वीं जयंती शुक्रवार को अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह आईटीआई एण्ड के एन सिंह पब्लिक स्कूल सोनबरसा (बाबू) में बड़े ही उत्साह के साथ विद्यालय के प्रवन्धक मनीष सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रवन्धक मनीष सिंह ने अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर वृहद रूप से चर्चा किया। उक्त अवसर पर गौरव सिंह, सुमित सिंह गिरजेश सिंह सुरजीत सिंह भागीरथी निषाद हरिकेश सिंह सतीश चन्द्र त्रिपाठी राजकुमार सिंह राम इकबाल सिंह बालेन्दु पाल रामप्रवेश रामदेव सिंह अरविंद कुमार पासवान अम्बिका पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



इटावा। पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्टेड स्थित। नवीन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की चतुर्थ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में 24 नए ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जहां पर दुर्घटना ज्यादा होती है। बसेहर रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने-जाने वाले मार्गों पर वाहनों की तेज गति को नियंत्रित करने हेतु स्पीड ब्रेकर एवं रोड साइन लगाए जाने के निर्देश दिए गए। डीपीएस स्कूल के सामने पुल से उतरते समय प्रकाश व्यवस्था न होने पर उसे तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, अतः संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कराए जाएं। भरथना चैराहा से फरुर्खाबाद रोड पर कैरिजवे को अवरोध मुक्त रखने, सर्विस रोड एवं मुख्य कैरिजवे के मध्य डिवाइडर बनाने तथा सैफई से कानपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पूर्व निर्मित नाले पर कवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गोल्डन ऑवर के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट के भीतर घायल को चिकित्सीय सुविधा मिलने पर जीवन बचने की संभावना अधिक रहती है। यदि कोई व्यक्ति गोल्डन ऑवर में घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 25,000 का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत घायलों के उपचार हेतु 1.50 लाख तक की आर्थिक सहायता जनपद के चिन्हित अस्पतालों में उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त बैठक के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, समस्त क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ प्रदीप देशमणि, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आस्था और भक्ति भगवान की कृपा प्राप्त करने का है साधन: आचार्य धीरेन्द्र



प्रतापगढ़। हिरऊ का पुरवा बेलहा में श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को हरे राधे हरे रामा संकीर्तन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास छोटी काशी राजातारा से पधारे आचार्य धीरेंद्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार की कथा से जुड़े प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या से श्रोताओं को भगवान की महिमा सुनाई। कथाव्यास ने कहा कि दृढ़ भक्ति, धैर्य और समर्पण भक्त को भगवान का प्रिय बना देती है। उन्होने कहा कि भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति, विपरीत परिस्थितियों में भी उसकी भगवान के प्रति अडिग श्रद्धा ने उसे भगवान का प्रिय बना दिया। भक्त व भगवान के बीच के रिश्ते को समझाते हुए धीरेन्द्रपाल कृष्ण जी ने कहा कि अगर हम दृढ़ इच्छा व सच्चे मन से भगवान की भक्ति करेंगे तो हर परिस्थिति में भगवान हमारी सहायता करेंगे। कथाव्यास ने भगवान के वामन अवतार के साथ ही समुद्र मंथन की सारगर्भित कथा सुनाई। आयोजक राम दुलारे यादव व लक्खू देवी ने व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक कमलेश यादव व मिथलेश एवं विपिन यादव ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर केशवदत्त पांडेय, विजय यादव, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ल, आचार्य पवन द्विवेदी, आचार्य बालमुकुंद, श्याम नारायण तिवारी, राजाराम यादव, रामदेव यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकारी रिकॉर्ड रूम में आगजनी, आरोपी गिरफ्तार



इटावा। थाना सिविल लाइन पुलिस ने सरकारी रिकॉर्ड रूम में आगजनी करने वाला 1 फरार अभियुक्त गिरफ्तार किया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए सरकारी अभिलेखों को आग के हवाले करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रखण्ड निचली गंगा नहर के रिकॉर्ड रूम का दरवाजा तोड़कर उसमें आग लगा दी गई थी। इस घटना में अत्यंत महत्वपूर्ण राजकीय अभिलेख, फर्नीचर, अलमारियां, कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य सरकारी संपत्ति पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गई थी प्रकरण में नामजद अभियुक्त भरत कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा निरंतर दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वांछित अभियुक्त भरत कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्रा थाना सिविल लाइन, उपनिरीक्षक मंगल सिंह मय टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

संक्षेप

## कार ने किसान को कुचला, उपचार के दौरान मौत

उन्नाव। जनपद के थाना बारासगवर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परौरी के पृथ्वी खेड़ा में आज दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक अनियंत्रित निसान मैग्नाइट कार ने घर के सहन में पेड़ की छांव में आराम कर रहे किसान को रौंद दिया। मृतक की पहचान सिद्धार्थ नाथ प्रजापति, उम्र लगभग 64 वर्ष, निवासी ग्राम पृथ्वी खेड़ा के रूप में हुई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल किसान को परिजन तत्काल उपचार हेतु बीघापुर से कानपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति 100 किमी/घंटा से अधिक थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, कार सवार बैगुलाल खेड़ा, सगवर में रिश्तेदारी में एक बारात से वापस कानपुर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना बारा सगवर पुलिस मौके पर पहुंची व गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उपचार हेतु भेजा जहां रास्ते में ही मौत हो गई वहीं गाड़ी को कब्जे में थाने भेज दिया गया देर शाम लेकर सूचना में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कार को कब्जे में ले लिया गया है तथा चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुत्रों व बहुओं से प्रताड़ित मां ने लगायी गुहार

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम चोटिहा चैनपुर निवासी रामकुमारी पत्नी जगदीश ने शुक्रवार पुत्रों व बहुओं से प्रताड़ित होकर पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि मेरे पुत्र सुनील व बहू मधु व अनिल और धीरज ऊर्फ धुन्ना द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत किया। बताया कि यह सब लोग मुझे प्रताड़ित करते है और खाना भी नही देते। पीड़िता बृद्ध व असहाय है। पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## दहेज हत्या में पति व सास को पुलिस ने भेजा जेल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के केवटहिया शास्त्रीनगर में बुधवार की सुबह एक विवाहिता का फंदे से झूलता शव मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दी थी। मृतका के पिता तहरीर पर पुलिस दहेज हत्या का मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही। तेलियाकुआं गोरखनाथ निवासी सुगन पासवान द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी उन्नीस वर्षिय बेटी रंजना निषाद के साथ केवटहिया शास्त्री नगर निवासी राज साहनी पुत्र राजू साहनी ने माह पूर्व प्रेम विवाह किया था। राजू शराब पीने का आदी था। नशे में धुत होकर पत्नी रंजना को हमेशा प्रताड़ित करता रहता था। राज की माँ मंजू देवी पत्नी राजू साहनी बेटे के प्रेम विवाह कर लेने की बजह से दहेज के लिये अक्सर प्रताड़ित करती रहती थी। पुलिस बी एन एस की धारा 85, 80 (2) व 3/4 डी पी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर थानाध्यक्ष सूरज सिंह के दिशा निर्देश पर चौकी प्रभारी बरगदवा विनय कुमार सिंह दल बल के साथ मृतका की सास मंजू देवी व पति राज साहनी को पकड़ जेल भेज दिया।

# दो माह में बन जायेगी बाईपास फोरलेन सड़क

- 369 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा साढ़े आठ किमी लंबी सड़क का निर्माण
- शहर के पूर्वी वाह्य हिस्से से होकर महराजगंज, पिपराइच मार्ग पर जाने में होगी सहूलियत
- अब तक की भौतिक प्रगति 97 प्रतिशत, 30 जून तक कार्य समाप्त करने का लक्ष्य



गोरखपुर। रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ता और यातायात सुगमता के लिहाज से गोरखपुर के खाते में जल्द ही एक और उपलब्ध दर्ज होने वाली है। साढ़े आठ किमी की लंबाई वाली जिला जेल बाईपास फोरलेन सड़क अगले दो माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसका निर्माण अब अंतिम चरण में है। 369.04 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फोरलेन सड़क के बन जाने से शहर के यातायात ढांचे में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। जिला जेल बाईपास के फोरलेन में परिवर्तित हो जाने से शहर के पूर्वी वाह्य हिस्से से महराजगंज और पिपराइच मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिल जाएगी। फोरलेन बाईपास के जरिये वाहन तेजी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे, जिससे ईंधन और समय दोनों की बचत होगी। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-तीन के अनुसार जिला जेल बाईपास फोरलेन निर्माण की अब तक कि भौतिक प्रगति 97 प्रतिशत है। मुख्य सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जल निकासी और फिनिशिंग से जुड़े कुछ कार्य हैं जिन्हें तेजी से कराया जा रहा है। 30 जून तक हर हाल में कार्य समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि मानसून की शुरूआत से पहले इसे आवागमन के लिए पूरी तरह खोल दिया जाए।

## आईजीएल में स्वास्थ्य जांच के साथ अधिकारों के प्रति जागरूक हुए कर्मचारी

गीडा, गोरखपुर। गीडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड परिसर में आज सिटी डेंटल हॉस्पिटल और चंदन डायग्नोस्टिक के सहयोग से एक दिवसीय दंत एवं रक्त जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा चौधरी सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और बिजनेस हेड एस. के. शुक्ल द्वारा किया गया। शिविर में जहाँ डॉ. आशीष मल्ल और उनकी टीम ने सैकड़ों कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया, वहीं मुख्य अतिथि ने कानूनी जागरूकता पर विशेष जोर दिया। श्रीमती चौधरी ने महिला सुरक्षा और उनके मूल अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूक समाज ही सुरक्षित राष्ट्र की नींव है। वहीं बिजनेस हेड एस. के. शुक्ल ने इसे जनकल्याण की दिशा में एक जरूरी कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टरों और सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जिला अस्पताल में जल सेवा का शुभारंभ



इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के द्वारा परिषद के जल सेवा प्रकल्प के तहत शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर में लोगों को इस भीषण गर्मी में शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सीएमएस पुरूष डा. पारितोष शुक्ला एवं सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार ने द्वीप प्रज्वलन एवं भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण कर धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा जिला अस्पताल में प्रतिवर्ष की जा रही जल सेवा की दिल खोलकर सराहना की और परिषद के प्रति कृतज्ञता जताई। शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने अतिथियों समेत सभी सहयोगियों का स्वागत किया और बताया कि हमारी शाखा की तरफ से जिला अस्पताल में एक मई से तीस जून तक के लिए तीसरी जल सेवा आरम्भ की गई है। शाखा के संस्थापक सदस्य राजेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजारों लोग, जिनमें अधिकांश ग्रामीणजन होते हैं, यहां आते हैं, इसलिए यहां जल सेवा करने का संकल्प लिया गया। जल सेवा के संयोजक अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं रामौतार शर्मा ने सीएमएस का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। शाखा के महासचिव महेश कुमार बाथम ने प्रतीक चिन्ह दिए। संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य रीना राठौर, शाखा की महिला संयोजिका सरिता चतुर्वेदी, घनश्याम तिवारी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, अवधेश कुमार, कृष्ण कुमार यादव, राजनरायन चैधरी, उमेश सिंह चैहान, अरविंद कुमार पोरवाल, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, विनोद त्रिपाठी, मुजफ्फर अली लडून, ओम बाथम, दिनेश राजपूत उपस्थित रहे।

# चौरीचौरा की जनता की सेवा करना ही बाबू बंधू सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : टप्पू भैया

चौरीचौरा, गोरखपुर। अमर शहीद बाबू बंधू सिंह की 194 वीं जयंती शुक्रवार को उनके वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू भैया की उपस्थिति में जगह-जगह जोरदार ढंग से लोगों मनाई गई। इस दौरान उनके द्वारा देश की आजादी में किए गए त्याग और बलिदान को याद किया गया। टप्पू भैया ने कहा कि आदि शक्ति मां तरकुलही देवी के अनन्य भक्त बाबू बंधू सिंह द्वारा देश की आजादी में जो बलिदान दिया गया उसे चौरीचौरा के लोग हमेशा याद करते रहेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद बाबू बंधू सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सुबह माता तरकुलहा देवी मंदिर स्थित शहीद बंधू सिंह के स्मारक पहुंच कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया इसके बाद शहीद स्मारक चौरीचौरा पहुंच कर शहीदों को नमन किया। शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज करमहा सरदारनगर के परिसर में लगी बाबू बंधू सिंह की प्रतिमा पर



पुष्प माला पहनाकर उन्हें नमन किया। टप्पू भैया शहीद बाबू बंधू सिंह की पेंटिंग प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर अमर शहीद बाबू बंधू सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू ने कहा कि चौरीचौरा का सर्वांगीण विकास करना ही बाबू बंधू सिंह के प्रति सच्ची सेवा भक्ति होगी। हम सभी उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर चौरीचौरा की जनता का सेवा करते रहेंगे, यह हम सभी का संकल्प है।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य प्रद्युम्न द्विवेदी, सनी जायसवाल चेयरमैन नगर पंचायत, मुन्ना भुज सभासद, श्री सत्रुजीत तिवारी जी, धनंजय सिंह सोनबरसा बाबू, डॉ रामेन्द्र मणि त्रिपाठी, धनंजय सिंह कौशिक, राम निवास पांडे, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल, झुनझुन बाबा सहित तमाम लोग अमर शहीद बाबू बंधू सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रकट पंडित राजकुमार व्यास जी ने किया।

## 'राप्ती बचाओ-कछरांचल ब्लॉक बनाओ' आंदोलन का हुआ शंखनाद

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी-चौरा की जीवनदायिनी राप्ती नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पृथक 'कछरांचल ब्लॉक' के निर्माण की मांग को लेकर आज ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी के नेतृत्व में एक जन-आंदोलन की शुरुआत की गई। पूर्व घोषित चेतावनी के अनुसार जब 30 अप्रैल



तक प्रशासन ने राप्ती नदी में गिर रहे जहरीले रासायनिक कचरे को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आक्रोशित ग्रामीणों के साथ काली शंकर यदुवंशी ने राप्ती नदी के सिंघोड़वा घाट पर धरना-प्रदर्शन करअनिश्चितकालीन सत्याग्रह और पदयात्रा का आगाज कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने नदी के पानी की जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया था लेकिन आज राप्ती और आमी नदी का पानी पहले से कहीं ज्यादा काला और बदबूदार हो चुका है। जहरीले पानी के कारण पशु मर रहे हैं और गांवों में बीमारियां महामारी का रूप ले रही हैं, मगर शासन मौन है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अब यह लड़ाई केवल ज्ञापनों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि धरातल पर लड़ी जाएगी इसी के साथ उन्होंने यदुवंशी ने कछरांचल ब्लॉक के निर्माण में हो रही देरी को एक बड़ी राजनीतिक साजिश करार दिया। पदयात्रा में सिहोड़वा, गोपलापुर गांवों के किसानों, युवाओं ने हिस्सा लिया था।

## शरद बाजपेयी ने अप्रैल महीने में करायी फॉगिंग



इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभासद शरद बाजपेयी ने संचारी रोगों की रोकथाम के साथ-साथ मच्छरों की रोकथाम के लिए ऐंटी लार्वा दवा के छिड़काव के साथ ही पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में अप्रैल महीने में लगातार तीसरी बार शाम साढ़े तीन बजे से छः बजे तक छोटी व बड़ी दोनों फागिंग मशीन से शाहगंज, उड़ैदी, चैखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, हुई गंज, राजागंज, सी ओ चैराहा, सी ओ आफिस, राजागंज हाता, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, लालपुरा आशिक, अकालगंज, कटरा टेक चंद, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, अकालगंज गौड़ा, गंज जबरसिंह, कुंज फाटक आदि मुहल्लों में दवा का छिड़काव कराया। शरद बाजपेयी ने कहा कि गर्मी का समय है इसलिए स्वच्छता का ध्यान हम सभी को विशेष रूप से रखना होगा, इसलिए महीने में तीन बार लगातार फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव हर बार की भांति स्वयं साथ जाकर करा रहा हूं, और ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी लगातार कराया जा रहा है। बस आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है, स्वच्छता रखकर हम अपने वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं जो बीमारियों से बचाव में हमारी सहायता करती है। इस अवसर पर अशोक दुबे, रमेश यादव, अज्जू अवस्थी, बंगाली दिवाकर, लल्लन वर्मा, राजीव गुप्ता, लालजी दिवाकर, राजेश दिवाकर आदि सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के हाटा बुजुर्ग गांव में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें गांव तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को सुबह से ही प्रसिद्ध मां कौशिकी देवी मंदिर पर कलश में जल भरने के लिए बड़ी संख्या में महिलायें पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर जल भरने के लिए पहुंची। फिर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों ने कलश यात्रा आरम्भ करायी। जो गांव की परिक्रमा करते हुए आगे मुख्य यजमान सुशील चन्द कौशिक व पत्नी साधना चन्द सर पर श्रीमद् भागवत महापुराण ग्रंथ लिए और पीछे कलश में जल लिए कन्यायें गगन भेदी नारे के साथ श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवाय इत्यादि का जाप व भक्ति गानों को गाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं। यात्रा सम्मै माता मंदिर, हाटेश्वरी देवी मंदिर, हाटकेश्वर नाथ शिव मंदिर होते हुए पुनः मां कौशिकी देवी मंदिर पर लौट आयी। जहां विधिविधान पूर्वक कलश स्थापना की गयी। यात्रा की अगुवानी गाजेबाजे पर नाचते हुए लोग कर रहे थे तो ध्वनिविस्तारक यंत्रों पर आचार्यगण वैदिक मंत्रों का सस्वर उच्चारण कर रहे थे। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। यात्रा में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक उत्साहित दिखाई दे रही थी।

# एसएसपी ने गोला की बहादुर बिटिया को किया सम्मानित

गोरखपुर। थाना गोला क्षेत्र के अंतर्गत स्थित देवाश स्वर्ण कला केन्द्र में 27 अप्रैल को हुई लूट की कोशिश को दुकान संचालक की सूझबूझ और साहस ने विफल कर दिया। दुकान का संचालन पिता-पुत्री द्वारा किया जाता है, जहां उस दिन दो अज्ञात युवक ग्राहक बनकर पहुंचे और चांदी की अंगूठी खरीदने का बहाना करने लगे।

जैसे ही अमृता वर्मा उन्हें अंगूठी दिखाने लगीं, उसी दौरान दोनों युवकों ने मौके का फायदा उठाते हुए पास में रखा झाली का पुड़िया उठाया और भागने का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना के बावजूद अमृता वर्मा ने घबराने



के बजाय अदम्य साहस, धैर्य और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने चोरों का डटकर सामना किया और स्थिति को संभालने की कोशिश की, जिससे घटना और बड़ी नहीं हो सकी।

घटना की सूचना मिलते ही गोरखपुर पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 36 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस तेज और प्रभावी कार्रवाई की भी सराहना की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने अमृता वर्मा के साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बहादुरी न सिर्फ समाज के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि अपराधियों के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी देती है।

## श्रम विभाग ने किया मजदूर दिवस का आयोजन



इटावा। लुहन्ना चैराहे के पास स्थित ई श्रम धारक मजदूरों के स्कूल विहान बालिका विद्यालय में श्रम विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया, बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इस अवसर पर अटल आवासीय योजना में सलेक्शन हुए बच्चों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। सरिता भदौरिया ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की, कार्यक्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित को भी श्रमिकों की समस्याओं को हल करवाने में विभाग का सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। असिस्टेंट लेबर कमिश्नर कुलदीप कुमार सिंह ने सरकार द्वारा मजदूरों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, टीटू चैहान, उद्योग मंच के जिलामहामंत्री राहुल दीक्षित सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# फर्जी बैनामा गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) और क्षेत्राधिकारी पुरवा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना पुरवा के निर्देशन में उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया एवं उनकी टीम ने मुकदमा संख्या 088/2026 से संबंधित अभियुक्तकिशन, मो. इस्लाम उर्फ पुत्तन दादा और गुलनाज को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उच्च न्यायालय के निर्देशों



का पूर्ण पालन किया गया। मामले के अनुसार, वादी श्रीराम निवासी गढ़ीथोक हिलौली ने 15 अप्रैल 2026 को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वह पिछले लगभग 40 वर्षों से गाटा संख्या 2303 की भूमि पर खेती कर रहे थे, जो शिवराम के नाम दर्ज थी। शिवराम लंबे समय से लापता हैं और उनका कोई वारिस भी नहीं है। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने साजिश रचकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। जांच में सामने आया कि मदारी नामक व्यक्ति को शिवराम बनाकर खड़ा किया गया और उसी के आधार पर 26 दिसंबर 2024 को जमीन का बैनामा करा लिया गया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने दाखिल-खारिज भी अपने नाम करा लिया। विवेचना के दौरान मो. इस्लाम को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता पाया गया, जबकि केशन गवाह के रूप में शामिल था। साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा 61(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## झोपड़ी में आग लगने से दो भैंस मरी

बकेवर, इटावा। ग्राम बिजौली में घर के सामने पशु बाँधने वाली झोपड़ी में आग लगने से झोपड़ी में बंधी दो भैंस एक पड़िया जल गई व एक बकरिया जल कर मर गयी। आग लगी देख आसपास के लोगों दौड़ कर बाल्टी आदि से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। जब तक आग पर काबू पाया तब तक दो भैंस व एक बकरिया की जलने से मौत हो चुकी थी। सूचना पर एसपी ग्रामीण श्रीचंद्र सीओ भरथना रामदवन मौर्य जो अन्य किसी कार्य सरकार से बकेवर क्षेत्र में आये थे। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक के साथ मय फोर्स मौके पर पहुँचे। बकेवर थानाक्षेत्र के बिजौली ग्राम में बिजौली चैकी के पास ही रहने वाले देवेंद्र राजपूत उर्फ पप्पू के घर के सामने झोपड़ी रखी थी। उस झोपड़ी में देवेंद्र की दो भैंस व एक पड़िया व कुछ बकरियां बंधी थी शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अचानक अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गयी। गर्मी के कारण आग तुरंत ही विकराल रूप से लग गयी। झोपड़ी के अंदर बंधे पशु आग से जलकर तड़फड़ाने लगे। आग लगी देख आसपास के लोग बाल्टी आदि लेकर आग बुझाने में जुट गए।

## अंशुमान कुमार का सचिव, मंडी परिषद के पद पर चयन, हर्ष का माहौल

पाटन, उन्नाव। कस्बा भगवंतनगर निवासी अंशुमान कुमार का चयन सचिव, मंडी परिषद के पद होने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अंशुमान सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा भगवन्तनगर में हुई। इससे पूर्व अंशुमान ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर वर्तमान में जनपद हरदोई में कार्यरत है। इसके पूर्व पीसीएस-2024 के आए परिणाम में श्कमर्शियल टैक्स ऑफिसर के रूप मे सफलता अर्जित कर चुके है। उत्तर प्रदेश सचिवालय में श्समीक्षा अधिकारी (2023 बैच) के पद पर भी चयनित हो चुके है। और अब सचिव मंडी परिषद के पद पर भी चयनित हो कर क्षेत्र व जनपद का नाम रोशन किया है। उनके चयन पर क्षेत्रीय लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। अंशुमान कुमार को प्रशासनिक दक्षता विरासत में मिली है। उनके पिता राम सिंह स्वर्ग 1996 बैच के सम्मानित पीईएस अधिकारी रह चुके है। अंशुमान ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं पूर्वजों का आशीर्वाद का परिणाम बताया है। अंशुमान ने अभी अपनी तैयारी जारी रखते हुए और बड़े पद पर जाने का संकल्प व्यक्त किया है। अंशुमान की इस उपलब्धि पर स्थानीय निवासियों और प्रबुद्ध जनों ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अंशुमान ने भगवंत नगर और जनपद उन्नाव का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। युवाओं के लिए प्रेरणा और समाज के लिए इसे गौरव का क्षण बताया जा रहा है।



# श्रमिक दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन



उन्नाव। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला सर्वोदय मंडल उन्नाव एवं अन्य सहमना साथियों द्वारा आयोजित एक विचार गोष्ठी स्वतंत्रता समय में मेहनतकश समाज के समक्ष चुनौतियां और उसका समाधानरू का आयोजन स्थानीय महात्मा गांधी पुस्तकालय कमला भवन उन्नाव में किया गया। विचारगोष्ठी की अध्यक्षता जिला सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने और संचालन मंत्री अखिलेश तिवारी ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए बछरावां डिग्री कॉलेज रायबरेली के पूर्व प्राचार्य डॉ राम नरेश ने कहा कि औद्योगिक क्रांति के उपरांत दुनिया में एक तरफ तो पूंजी के सरपरस्त प्राकृतिक संसाधनों का भरपूर दोहन करके अपने लिए अंधाधुंध लाभ के रास्ते खोज रहे थे, वहीं दूसरी तरफ मजदूर वर्ग भी अपने आप को संगठित करके अपने ऊपर हो रहे शोषण के मुक्ति के रास्ते खोज रहा था। यही कारण था कि उसके अंदर 8 घंटे काम के तथा शेष समय उसने समाज के चिंतन और परिवार के लिए अधिकार पाने के लिए सोच बनती चली गई, परंतु यह उनको वह अधिकार पानी के लिए अपने लाखों साथियों की कुर्बानी देनी पड़ी। यह उनकी शहादत का ही नतीजा था कि बीती सदी में संगठित क्षेत्र के श्रमिक वर्ग को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिला फल स्वरुप उन्होंने एक बड़े मध्यवर्ग का निर्माण किया जिसने देश को एक चमकते भारत के रूप में बदलने का काम किया परंतु मौजूदा समय में सरकार की पूंजीवादी आर्थिक नीतियों के बदौलत न सिर्फ श्रमिकों के अधिकारों में कटौती होती चली जा रही है बल्कि उनको प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के फल स्वरूप प्राकृतिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजसेवी अरविंद कमल ने कहा कि किसी भी विचार की ओवरडोज भी समाज की स्थिति को बिगाड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा की जब श्रमिक और उद्योग वर्ग आपसी समझौते के आधार पर उद्योग को विकसित करने का काम करते हैं तो दोनों ही लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेश प्रियमन, गिरिजेश, रघुराज मगन, संजय कुमार जायसवाल, नसीर अहमद, हेमंत नंदन पंत, अमरेंद्र शंकर शर्मा, सुशील मिश्रा, राम शंकर, अरुण पांडे, डॉक्टर कृष्ण कुमार मिश्रा, मोहम्मद जमाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## महिला का एक कान का झाला एवं मंगल सूत्र लेकर महिलाएं फरार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानीराम महुआतर के बीच टैम्पू में यात्रा कर रही महिला का बगल में बैठी महिलाओं ने एक कान का झाला एवं गले से मंगल सूत्र उड़ा दिये घटना की जानकारी होने पर पिड़िता के पति ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत करा दिया है। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मुसावार निवासी बाल मुकुन्द पाण्डेय शुक्रवार को पत्नी सरोज पाण्डेय के साथ गोरखपुर आ रहे थे सिक्टौर क्रासिंग के पास टैम्पू का तेल खतम हो जाने से वह टैम्पू छोड़ दूसरे टैम्पू में बैठ कर यात्रा शुरू कर दी सिक्टौर और महुआतर के बीच टैम्पू में बैठी कुछ महिलायें सरोज पाण्डेय के पैर के पंजे को दबाने लगी वह झुक कर पैर सहलाने लगी थी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई- निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्रमांक 1 :- ई- निविदा संख्या: CPM-GS-IZN-2026-02, कार्य का नाम: उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीलीभीत स्टेशन पर आरपीएफ बैरक (महिला एवं पुरुष), 09 यूनिट टाइप-1 क्वार्टर का निर्माण कार्य एवं कासगंज स्टेशन पर इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन के स्थानान्तरण आदि का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य(रु0): ₹ 6,17,03,240.75, बयाना राशि (रु0): ₹ 12,34,100/- निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)-निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 (नौ) माह।
बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि-07.05.2026, उपरोक्त ई- निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि-दिनांक 21.05.2026, 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 21.05.2026, 15.30 बजे। निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।
उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति
मुजाफि/डब्लू-63 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## बुद्ध पूर्णिमा पर अप्प दीपो भव का गूंजा संदेश

मोहम्मदी खीरी। बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा दिए गए संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में भविष्य यात्रा निकाली गई अनुआइयों ने माल्यार्पण कर भगवान बुद्ध द्वारा अप्प दीपो भव का उपदेश दिया गया है भगवान बुद्ध ने छुआछूत और जातिवाद को समाप्त करना, जीवो पर दया करना और प्रेम भाव से रहने का उपदेश दिया है। उन्होंने कहा स्वयं अपना प्रकाश बनो जिस पर लोगों ने अपने जीवन में उतरने के लिए संकल्प लिया है। इस मौके पर कन्हैयालाल शास्त्री, रामनाथ गौतम, अरविंद गौतम, बिलकराम, रजनीश समेत बड़ी संख्या में अनुआइयों ने सहभागिता की है।

## डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत,केस दर्ज

पसगवां खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम वरनैया में वृद्धपतिवार की शाम डीसीएम की टक्कर से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उचौलिया जानकारी के अनुसार राज कुमार पुत्र स्व.राधेश्याम उम्र लगभग 56 वर्ष शाम करीब 6 बजे खेत से अपने घर वापस लौट रहे थे तभी गांव के किनारे दानिश अली पुत्र पहाड़ी अपनी डी सी एम एच आर 45 सी 1798 तेजी व लापरवाही से वेक कर रहे थे तभी राजकुमार की साइकिल में टक्कर लग गयी और राज कुमार डीसीएम के पिछले पहिया के नीचे आ गए और उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची उचौलिया पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोर्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया साथ ही डीसीएम और चालाक दानिस को कब्जे में ले लिया। मृतक के छह बच्चे है जिनमे चार पुत्रियां व दो पुत्र है जिनमे तीन पुत्रियों व एक पुत्र की शादी हो चुकी है एक पुत्री व एक पुत्र की शादी होना बाकी प घटना से पूरे गाँव मे सन्नाटा पसरा हुआ है मृतक की पत्नी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।उचौलिया थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है साथ ही मृतक लड़के की तहरीर पर मुकदमा दर लिया है शुक्रवार को पीएम से आने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया है।

## छप्पर में फांसी लगाकर बुजुर्ग ने दी जान

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। पिपरिया धनी क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव में 62 वर्षीय व्यक्ति ने घर के बाहर छप्पर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हिम्मतपुर निवासी भगवान दीन ने 30 अप्रैल को यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जंगल में मिला महिला का सड़ा-गला शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार सुबह एक महिला का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।बताया गया कि सुबह गश्त के दौरान जंगल के वाचर की नजर जमीन पर पड़े शव पर पड़ी। शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था और बुरी तरह सड़ चुका था। सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों के जरिए पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस के अनुसार शव की स्थिति खराब होने के कारण महिला की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है, ताकि महिला की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

# खीरी में उत्साह के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

## विधायक, डीएम ने लाभार्थियों को वितरित की आर्थिक सहायता



जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग के बीच शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस श्रमवीर गौरव समारोह के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड यूनिट-कुंभी के किसान भवन सभागार में श्रमिकों के आरोग्य हेल्थ चेकअप शिविर, हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरी, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एएलसी मयंक सिंह, यूनिट हेड सुनील कुमार यादव और पीएलए प्रोजेक्ट हेड ललित जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्रम दिवस पर विधायक अमन गिरी ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही प्रदेश और देश तरक्की की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में खीरी तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि आज कृषि और उद्योग की जो ऊंचाई है,उसकी नींव श्रमिकों के पसीने से ही पड़ी है। देश, प्रदेश और जनपद की समृद्धि में किसान और श्रमिक सबसे बड़ी ताकत हैं। डीएम ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों व किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा की बड़ी पहल बताया। आज की हर सुविधा के पीछे श्रमवीरों की मेहनत की खुशबू है और सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि श्रमिक हमारे विकास की आधारशिला हैं। उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा। आज का आरोग्य मेला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर श्रमिक तक स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से पहुंचे।

## अज्ञात वाहन ने ली युवक की जान

सीतापुर। मानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सराय निवासी श्याम सुंदर (30) पुत्र रामचंद्र अपनी भाभी के साथ मोटरसाइकिल से बिसवां जा रहे थे। तभी मानपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी भाभी की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

## तेज आंधी के साथ बारिश में आम की फसल को भारी नुकसान

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई जिससे बिजली गुल हो गई और पेड़ उखड़ कर सड़क पर दूर जा गिरे जिससे यातायात ठप हो गया अगले दिन दोपहर बाद बिजली आपूर्ति और यातायात बहाल हो सका है। गुरुवार को तेज आंधी आने के साथ बारिश शुरू हो गई जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है किसानों के आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है वहीं गन्ना की फसल को बरसात वरदान साबित हुई है। तमाम क्षेत्रों में हाई टेंशन लाइन के तार टूट जाने से बहुत इलाकों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। जिससे लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारी और पीने के पानी के लिए तरसना पड़ गया है।

## पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। राजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ राजापुर मंडी के पीछे देउवापुर के सामने प्लाटिंग से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र आशुतोष त्रिवेदी निवासी मोहल्ला मिश्रापुरम थाना कोतवाली सदर बताया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सचित यादव चौकी इंचार्ज राजापुर कोतवाली सदर, का0 नितेश कुमार, का0 फरमान थाना कोतवाली सदर शामिल रहे।

## श्रमिक दिवस पर 40 श्रमिकों का हुआ सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा छोटी काशी गोला की ओर से अलीगंज रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में 40 श्रमिकों को अंग वस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों के योगदान को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला संरक्षिका मीनाक्षी अग्रवाल ने ह्यश्रमेव जयतेह्न के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रमिक समाज और देश की प्रगति की रीढ़ हैं। उन्होंने श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक बीडी वर्मा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि श्रमिकों के सम्मान के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे उनके मनोबल को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष अनुज खरे, सचिव मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा, नीरज सक्सेना, राम सागर वर्मा, डॉ योगेश कन्नौजिया, आदित्य कुमार पाण्डेय, आदर्श कुमार जायसवाल, गौरव गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा, विक्रम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रमिकों को अंग वस्त्र भेंट किए गए और मिष्ठान वितरित किया गया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित



पलियाकलां खीरी। बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज, पलिया में बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालक राम वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पलिया बार एसोसिएशन के अधिवक्ता रामचंद्र गौतम एवं कॉलेज के प्रबंधक राजेश भारतीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डी. एल. भार्गव ने की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग से आए उमेश मौर्य सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन, उनके सिद्धांतों एवं आज के समय में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बुद्ध का संदेश अहिंसा, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, जो वर्तमान समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य डी. एल. भार्गव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की सराहना की।

## मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों का धरना, 19 मई तक अल्टीमेटम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को गोला डिपो बस स्टेशन परिसर में ट्रैफिक व स्टेशन शाखा के कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने की। कर्मचारियों ने प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश चंद्र कमल को सौंपा।

धरने के दौरान कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के अवैध संचालन, डग्गामारी और परमिट शर्तों के उल्लंघन का विरोध किया। उनका कहना था कि इससे परिवहन निगम को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और व्यवस्था प्रभावित हो रही है। साथ ही निगम की संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की योजनाओं पर भी नाराजगी जताई गई। कर्मचारियों ने बताया कि 15 मार्च को दिए गए मांग पत्र पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मांग पत्र में कर्मचारियों ने शासन स्तर पर निजी बसों के अवैध संचालन पर रोक, बस अड्डों के एक किलोमीटर दायरे में निजी वाहनों पर प्रतिबंध, पर्यटक परमिट के दुरुपयोग पर कार्रवाई, अतिरिक्त कर में समानता, बकाया कर को अंशपूंजी में बदलने और एक्सप्रेसवे व हाईवे को राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित करने की मांग रखी। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों के घाटे को सरकार द्वारा वहन करने और निगम विरोधी योजनाओं पर रोक लगाने की बात कही। निगम स्तर पर संविदा व आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण, सेवा नियमावली लागू करने, वेतन कटौती समाप्त करने, ईपीएफ सीमा हटाने, ईएसआई व चिकित्सा सुविधा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने और बिना गलती चालान वसूली रोकने की मांग उठाई गई। साथ ही डीजल औसत के नाम पर कटौती बंद करने, पारिश्रमिक बढ़ाने, नियमित भर्ती और कार्यशालाओं के निजीकरण पर रोक लगाने की भी मांग की गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 19 मई तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 20 मई को प्रस्तावित क्षेत्रीय धरना, रैली और आमसभा के जरिए आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने में केके वर्मा, आलोक कुमार अवस्थी, जुगेंद्र सिंह, सुशील गुप्ता, अनामिका सिंहा, अंशिका चैधरी, कृष्णा राज, रिकी पाल, अरुण मिश्रा, विपिन शर्मा, कमलेश यादव, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## नहर में बहती मिली मासूम जिंदगी दिल दहला गया हरगांव का मंजर

सीतापुर। हरगांव थाना इलाके में शुक्रवार का दिन हरगांव क्षेत्र के लिए एक ऐसा दर्दनाक दृश्य लेकर आया, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं और दिल को झकझोर कर रख दिया। शारदा सहायक नहर की खीरी ब्रांच में बहेरवा पुल के नीचे एक नवजात बच्ची का शव बहता हुआ मिला। वह मासूम, जिसने अभी इस दुनिया को ठीक से देखा भी नहीं था, बेबस हालत में नहर की लहरों के साथ बहती मिली। जैसे ही ग्रामीणों की नजर उस नन्हीं देह पर पड़ी, मौके पर भीड़ जुट गई। हर कोई स्तब्ध थाकृकिसी की जुबान पर सवाल थे, तो किसी की आंखों में आंसू। आखिर कौन था जिसने इस नन्हीं जान को यूं मौत के हवाले कर दिया? किस दिल ने इतनी निर्दयता दिखाई? ।इसी बीच किसी ने उस मासूम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होते ही यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई और लोगों में आक्रोश भी दिखा। सूचना मिलते ही हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामनगर चैकी इंचार्ज बसंत कुमार के अनुसार, नवजात का शव मिलने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सट्टेबाजी ने प्रबल को निगला

सीतापुर। कस्बा महमूदाबाद के सरावगी टोला निवासी 31 वर्षीय प्रबल जैन की लखनऊ में हुई दर्दनाक मौत ने पूरे कस्बे को गमगीन कर दिया। गुरुवार रात, आईपीएल मैच के दौरान सट्टे में भारी रकम हारने के बाद प्रबल ने 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सबसे मार्मिक बात यह रही कि यह कदम उन्होंने अपनी पत्नी से फोन पर बात करते-करते ही उठा लिया। प्रबल जैन, पुत्र उमेश जैन, कभी महमूदाबाद के संपन्न व्यापारियों में गिने जाते थे। कस्बे के मुख्य चैराहे पर उनका कपड़े का शोरूम था और अच्छी-खासी संपत्ति के मालिक थे। लेकिन आईपीएल सट्टेबाजी की लत ने धीरे-धीरे सब कुछ छीन लिया। कर्ज बढ़ता गया, हालात बिगड़ते गए और अंततः उन्हें अपना शोरूम तक बेचना पड़ा। इसके बाद वह पत्नी के साथ लखनऊ में किराए के फ्लैट में रहने लगे, जहां वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे थे। गुरुवार रात आरसीबी और गुजरात के बीच मैच चल रहा था। इसी दौरान प्रबल ने बड़ी रकम दांव पर लगा दी और हार गए। टूट चुके प्रबल ने पत्नी शिवानी को फोन किया। फोन पर वह फूट-फूट कर रो रहे थेकृह्लमैं बहुत कुछ हार गया हूंइह्व पत्नी उन्हें समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन शब्द खत्म हो गए और अचानक फोन कट गया। उसी पल प्रबल ने बालकनी से छलांग लगा दी। नीचे गिरने की आवाज और लोगों की चीख-पुकार के बीच सब कुछ खत्म हो चुका था। परिवार की पृष्ठभूमि भी दर्द से भरी रही है। उनकी मां का दो साल पहले निधन हो चुका था, जबकि पिता करीब 15 साल पहले लापता हो गए थे, जिनका आज तक कोई सुराग नहीं मिल सका। एक बहन है, जिसकी शादी झारखंड में हो चुकी है। इन हालातों में प्रबल ही परिवार की उम्मीद थे, लेकिन सट्टे की लत ने उन्हें भी छीन लिया। महमूदाबाद में जैसे ही खबर पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

# मांगों पर विचार नहीं तो होगा आंदोलन

## परमिट की शर्तों का उल्लंघन व निजीकरण पर रोक की मांग




जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। निगम रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उ०प्र० के आवाहन पर शुक्रवार को लखीमपुर डिपो के रोडवेज स्टेशन शाखा के कर्मचारी शरद तिवारी के नेतृत्व में धरना दिया गया।

इस दौरान श्री तिवारी ने बताया राष्ट्रीयकृत मार्गो पर निजी बसों के संगठित अवैध व अनाधिकृत संचालन व इन्ही मार्गों पर अन्य छोटी गाड़ियों द्वारा की जा रही ड़ग्गामारी एवं हाई एंड निजी बसों द्वारा परिमिट की शर्तों का उलंघन कर निगम की आय को छति पहुँचाने के विरोध एवं निगम की बहुमूल्य संपत्तियों एवं इसके कारोबार को निजी हाँथो में सौंपने की प्रस्तावित व लागू की जा रही योजनाओं पर पुनर्विचार कर इसे रोकने तथा परिवहन निगम के निमित, संविदा आउटसोर्स कर्मिचारियों की प्रमुख सामूहिक मांगो की समयबद्द पूर्ति हेतु रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ०प्र० द्वारा प्रेषित नोटिस 15 मार्च 2026 में घोषित किया गया।

आन्दोलनात्मक कार्यक्रम व नोटिस के साथ संलग्न मांगपत्र का पूर्ण समर्थन व सहमत होने की बात कही। उन्होंने सभा की तरफ से कहा की जनहित में परिवहन निगम के हितों को कुप्रभावित करने वाली योजनाओं पर रोक लगवाएं ताकि यहां कार्यरत हजारों कार्मिकों के भविष्य की सुरक्षा हो सके तथा यात्री जनता को सुगम समन्वित, सस्ती व कुशल परिवहन सेवा निर्वाध रूप से उपलब्ध होती रहे। श्री तिवारी ने सभा की तरफ से मांगे रखते हुए कहा उ०प्र० परिवहन निगम एवं इसके कर्मचारियों की समस्याओं से सम्बन्धित रोडवेज परिषद द्वारा प्रेषित नोटिस 15 मार्च 2026 के साथ संलग्न माँग पत्र में उल्लखित मांगों पर अविलम्भ संतोषप्रद निर्णय कर आदेश निर्गत करा दिये जायें जिससे औधौगिक वातावरण विषाक्त होने से बच सकें। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन के बाद भी यदि इस प्रस्ताव के साथ संलग्न पूर्व मांगपत्र में उल्लखित मांगो पर सकारात्मक भाव से संतोषप्रद निर्णय 19 मई 2026 तक नही लिया जाता तो लखीमपुर डिपो के कर्मचारी 20 मई 2026 को प्रस्तावित क्षेत्र स्तरीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सतेंद्र, दुर्गेश नाग, रवि शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, अवधेश वर्मा, सुनील पाण्डेय, प्रभात अवस्थी, अंकित मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका आपके द्वार अभियान में 9 स्थानों पर लगा कैंप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद की ओर से चलाए गए ह्यनगर पालिका आपके द्वारह्न अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में नौ स्थानों पर कैंप लगाकर पात्र नागरिकों के राशन कार्ड बनाए गए। तैयार राशन कार्डों का वितरण नगर पालिका सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पालिका लगातार जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत देना और पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस तरह के अभियान पहले भी आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका उद्देश्य सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना है। राशन कार्ड प्राप्त करने वाले नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभासद राजेश वर्मा, मोहम्मद इजरान, शाहिद, लिपिक अमित श्रीवास्तव, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी सहित पालिका कर्मचारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## छत से गिरकर मां की मौत

सीतापुर। बृहस्पतिवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश एक परिवार के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के धरनाग नेवादा गांव में 35 वर्षीय सुनीता देवी की छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज हवाओं और बारिश के बीच सुनीता देवी अपनी छत पर चढ़कर टीन ठीक कर रही थीं, ताकि घर को नुकसान से बचाया जा सके। लेकिन किसे पता था कि यही कोशिश उनकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएगी। अचानक तेज हवा का झोंका आया और वह टीन के साथ नीचे आ गिरीं। गिरते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन आखिरकार उन्हें बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। सुनीता देवी अपने पीछे तीन छोटी-छोटी बेटियां छोड़ गई हैं, जिनके सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। घर में मातम पसरा है और हर आंख नम है।

# फैक्ट्री में लगी आग, करोड़ों का सामान खाक



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। महमूदाबाद थाना क्षेत्र के मीरा नगर स्थित मोहन एंटरप्राइजेज में गुरुवार देर रात भीषण आग लगने से भारी तबाही मच गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री उसकी चपेट में आ गई और करोड़ों का सामान जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक रात करीब 2:30 बजे फैक्ट्री में अचानक आग भड़क उठी।

शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी यूनिट को अपनी गिरफ्त में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सिधौली, बिसवां और महमूदाबाद से दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने घंटों तक कड़ी मशक्कत की, लेकिन आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि उसे काबू में करने में लंबा समय लग गया। फैक्ट्री से उठती लपटें और धुएं के गुबार दूर-दूर तक दिखाई देते रहे। आखिरकार सुबह करीब 7 बजे आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री मालिक सोहनलाल पुत्र चेतराम की इस यूनिट में लैय्या और चना बनाने का काम होता था। मध्य प्रदेश और राजस्थान से कच्चा माल मंगवाकर यहां तैयार उत्पाद बनाए जाते थे। आग की चपेट में आने से मशीनें, कच्चा माल और तैयार माल पूरी तरह जलकर राख हो गया।

प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक इस हादसे में एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है, जबकि प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## एसपी ने किया सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन, निगरानी होगी और सख्त



सीतापुर। बिसवां थाना परिसर में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने नवनिर्मित अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। खास बात यह रही कि इस कंट्रोल रूम का फीता नए भर्ती हुए रिक्रूटों से कटवाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने बताया कि कंट्रोल रूम अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिसके माध्यम से थाना क्षेत्र के प्रमुख चैराहों, बाजारों, संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर 24 घंटे हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों से नजर रखी जाएगी। इससे अपराधों की रोकथाम और त्वरित पुलिस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में मौजूद हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई अपराध में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और संपत्ति जब्तीकरण जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान एसपी ने नए रिक्रूटों से संवाद कर उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बीट व्यवस्था, विभिन्न पोर्टलों और यक्ष एप के उपयोग के साथ सोशल मीडिया पॉलिसी के पालन के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रमिक दिवस पर विधवाओं को मिली 2 लाख की आर्थिक सहायता

सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सजीव प्रसारण को अधिकारियों व उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत जनपद के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित की गई। विशेष रूप से मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के तहत पंजीकृत मृतक श्रमिकों की आश्रित विधवाओं को 2-2 लाख रुपये की एफडी प्रदान की गई। लाभार्थियों में नीतू (पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश), निवासी ग्राम कुंवरपुर गद्दी, ब्लॉक महोलीय सुमन देवी (पत्नी स्वर्गीय राजेश), निवासी ग्राम मोहद्दीनपुर, ब्लॉक एलियाय तथा शम्मो (पत्नी स्वर्गीय फकरुद्दीन), निवासी ग्राम रामकोट, ब्लॉक खैराबाद शामिल रहीं।

संक्षेप

## रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर में दो ने की आत्महत्या

**लालगंज, रायबरेली।** रेल कोच कारखाने के कर्मचारियों के लिए शुक्रवार का दिन नागवार गुजरा, बजह रही कि जहां एक रेल कोच कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं दूसरी ओर एक रेल कोच कर्मचारी की पत्नी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि फांसी की पहली घटना रेल कोच कॉलोनी के टाइप टू 2236 ए आवास में हुई है। उक्त आवास में रहने वाली मीरा देवी ( 37 ) पत्नी पारस ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी है। महिला व उसका परिवार बिहार के कैमूर जिले का मूल निवासी है। रेल कोच में पारस नौकरी करता है। नौकरी के चलते रेल कोच के सरकारी आवास में उसका निवास है। वहीं दूसरी ओर शैल शाप में नौकरी करने वाले और रेल कोच कॉलोनी में रहने वाले सुदामा मीणा ने वर्कर्स क्लब के पीछे जंगल में पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली है। सुदामा राजस्थान प्रांत के रहने वाले हैं। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने सुदामा के शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रेल कोच के आवासीय कॉलोनी में फांसी की दो-दो घटनाओं से कर्मचारियों में जहां हड़कंप व्याप्त है, वहीं रेल कोच कर्मचारी दुख व्यक्त करते भी नजर आए।

## महराजगंज में होमगार्ड धर्मदास सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली।** प्रति माह की भांति इस बार भी एक मई को होमगार्ड विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवान को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में होमगार्ड धर्मदास को उनकी उत्कृष्ट ड्यूटी, सराहनीय व्यवहार एवं बेहतरीन टर्नआउट के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने धर्मदास को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने धर्मदास के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस एवं होमगार्ड विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बीओ राजेश राय, बुद्धसेन शर्मा, पीसी इंद्रमणि सिंह, रामकुमार सिंह, अनुज सिंह, राम प्रताप यादव, रामदास यादव, लाल मोहम्मद, शिव शंकर मिश्रा, सतीश प्रताप सिंह, तेज कुमार सहित अन्य होमगार्ड कर्मी मौजूद रहे।

## फंदे पर झूला युवक

**जगदीशपुर, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के मडवा गांव में एक 18 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थिति में घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम छा गया। मडवा गांव निवासी विजय सरोज का पुत्र आकाश ( 18 ) शुक्रवार की रात्रि करीब 2 बजे घर के भीतर फंदे से लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने जब उसे इस हालत में देखा तो आनन-फानन में आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

# 59 रोगियों के लिए 95.91 लाख मंजूर

## विधायक अदिति सिंह की पहल रंग लायी, सीएम ने खोला खजाना



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयासों से सदर विधानसभा क्षेत्र के 59 जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है। गंभीर रोगों से जूझ रहे इन परिवारों के इलाज के लिए सीएम राहत कोष से कुल 95,91,250 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए सीएम राहत कोष से आर्थिक सहायता की संस्तुति की थी। सीएम के आशीर्वाद और सहयोग से अप्रैल माह में कुल 59 लोगों को इलाज के लिए यह राशि स्वीकृत हुई। इस मौके पर विधायक अदिति सिंह ने कहा, रायबरेली के मेरे इन परिवारजनों की सहायता के लिए मैं सीएम का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। मेरा निरंतर प्रयास है कि धन के अभाव में किसी परिवार का उपचार न रुके। इस सेवा अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए, मैं सभी लाभार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, किडनी, हार्ट, लीवर ट्रांसप्लांट आदि के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। सदर विधायक अदिति सिंह लगातार क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों के आवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाकर सहायता दिलाने का काम कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की है। लाभार्थी परिवारों ने सीएम योगी आदित्यनाथ और विधायक अदिति सिंह का आभार जताया है।

## जनपद में 7 से 21 मई तक चलाया जायेगा स्वगणना अभियान

**रायबरेली।** सीडीओ अंजूलता ने बताया है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत पहली बार उच्च प्राथमिकता वाली व्यवस्था स्वगणना ( एसई ) प्रचलन में लायी गयी है, जिसमे स्वगणना को अभियान स्वरूप व्यवहत किया जाना है। जनपद रायबरेली में 7 मई से 21 मई के दौरान स्वगणना अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक विभाग के प्रमुख को पहले दिन ( 7 मई 2026 को ) स्वयं अपनी स्थिति का ब्यौरा देना है और अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सार्वजानिक रूप से स्वयं जनगणना करने वाले अधिकारी-कर्मचारी जनता के लिए एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सीडीओ द्वारा स्वगणना हेतु अधिकारियों के कार्य/दायित्व निर्धारित किये गए हैं जिसके अनुसार जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा स्वयं प्रतिभाग करना एवं सभी अधीनस्थ कार्मिकों से 7 मई को ही स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना। पंचायत सचिव/लेखापाल द्वारा एसई फॉर्म में मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले परिवारों की सहायता करना।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक महिला सहित तीन घायलं

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ऐहलाना मजरे अशरफपुर में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। एक पक्ष से सूरज पुत्र कमलेश निवासी ग्राम सेवाला मजरे अशरफपुर ने थाने में तहरीर दी कि गुरुवार की रात करीब 11 बजे वह घर में अकेला था। पुरानी रंजिश को मानते हुए गाँव के ही कमलेश व राधे पुत्रगण छोटेलाल तथा लवकुश व राहुल पुत्रगण राधे लाठी डंडे से लैस होकर आए और उसे जमकर मारा पीटा साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। बीच बचाव करने आई उसकी मां अनारा को भी उन लोगों ने मारा पीटा। वहीं दूसरे पक्ष के राधेश्याम पुत्र छोटेलाल ने तहरीर दी है कि उसका बेटा लवकुश अपने दोस्त विकास के साथ नौटंकी देखने पूरे हुलास मजरे भेलिया गया था। रात लगभग 9 बजे जब वह अपने दोस्त को छोड़कर लौट रहा था तो पुरानी रंजिश को मानते हुए गांव के ही कमलेश पुत्र शिवपाल ने उसे अकेला पाकर जमकर मारा पीटा और जब वह घर पहुंचा तो विपक्षी सूरज, कमलेश, बिंडे पुत्रगण शिवपाल और चंदन ने मेरे भाई राहुल घनश्याम और रामवती को बुरी तरह मारा पीटा और घर बाहर खड़ी बाइक और ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करके उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों में लंबे समय से दुश्मनी चल रही है और आए दिन विवाद होता रहता है। फिलहाल पुलिस में दोनों पक्षों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अन्य विधिक कार्यवाही कर रही है।

## पण्डित राम चरित्र मिश्र पी.जी. कॉलेज ने मनाया गया मजदूर दिवस

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर एक मई के शुभ अवसर पर कादीपुर क्षेत्र के पड़ेला गांव में स्थित पंडित राम चरित्र मिश्र पीजी कॉलेज ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूटशन्स में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को अंगवस्त्र मिष्ठान एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीवन प्रकाश तिवारी ने अपने वक्तव्य के द्वारा उत्साह वर्धन भी किया गया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ. घनश्याम पांडेय रूबी मिश्रा, मुक्तामणि त्रिपाठी, नन्द लाल यादव, प्रभात वर्मा, अरुण पाण्डेय, रूबी पांडेय, मो. बादशाह आदि मौजूद रहे।

## मजदूर दिवस पर जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप, श्रमिकों की जांच व दवा वितरण



**अमेठी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जनपद के जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं ब्लॉकों में श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इंडोरामा, भारत पेट्रोलियम, कनोडिया सीमेंट, अउउ सीमेंट, राजेश मसाला उद्योग सहित क्षेत्र की प्रमुख इकाइयों में चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद के 13 ब्लॉकों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने श्रमिकों की सामान्य जांच, बीपी, शुगर समेत अन्य जरूरी परीक्षण किए और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। इस दौरान श्रमिकों को कार्यस्थल पर स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत पात्र श्रमिकों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर और निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक श्रमिक स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हों। मजदूर दिवस के मौके पर कई स्थानों पर नर्सरी पौध रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ श्रमिकों ने पौधारोपण कर हरित पहल को आगे बढ़ाया। अधिकारियों ने कहा कि श्रमिक देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके स्वास्थ्य व कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, बुद्ध पूर्णिमा से लौट रहे तीन श्रद्धालु घायल

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के थौरा गांव के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन श्रद्धालु घायल हो गए। सभी श्रद्धालु बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुल्तानपुर स्थित गोमती नदी में स्नान कर अमेठी लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, ई-रिक्शा अमेठी की ओर आ रहा था। इसी दौरान अमेठी से सुल्तानपुर जा रही एक आर्टिगा कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में तिवारीपुर निवासी सरोज तिवारी, थौरा गांव निवासी उर्मिला तिवारी और उनके पति करुणा शंकर तिवारी घायल हो गए। इनके साथ ई-रिक्शा चालक विनोद अग्रहरि भी गोमती नदी स्नान के लिए गया था, जिसे पैर में मामूली चोट आई है। घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। इसके बाद ई-रिक्शा चालक ने ही घायलों को दूसरे ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि दो महिलाओं और एक पुरुष घायल अवस्था में लाए गए थे। एक महिला के चेहरे पर और दूसरी के पैर में चोटें थीं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। फिलहाल, सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## कपड़ा व्यवसायी से छिनैती का आरोप निकला फर्जी

**लालगंज, रायबरेली।** गुरुवार की देर शाम दुकान बंद कर कपड़ा व्यवसायी को घर जाते समय कुछ युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। पीड़ित पक्ष की तरफ से पैसे छीनने की भी शिकायत की गई थी। पैसे छीनने की घटना पुलिस की जांच में फर्जी निकली है। मामला जमीनी विवाद और मोबाइल पर गंदे मैसेज भेजने को लेकर हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वेद प्रकाश के पुत्र प्रशांत की शिकायत पर अमित, अनुज, कुशल त्रिपाठी, केसी त्रिपाठी, अंजू बाजपेई, पिंकी त्रिपाठी सहित एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। क्षेत्र के तौधकपुर गांव निवासी वेद प्रकाश त्रिवेदी लालगंज कस्बे के मनी मार्केट में कपड़े की दुकान करते हैं। गुरुवार की रात लगभग 9 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर जा रहे थे। त्रिवेदीपुर से तौधकपुर जाने वाले मार्ग पर अचानक एक कार व एक बाइक पर सवार चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। वेद प्रकाश का कहना है कि चारों लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की जिसमें उसके सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट आई है। वेद प्रकाश को सीएचसी लालगंज में प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हालांकि मुकदमे में कुछ ऐसे लोगों के भी नाम लिखाए गए हैं जो घटनास्थल पर नहीं थे। पुलिस को दिए गए बयान में तीन-चार लोगों के ही नाम है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। लूट की घटना फजीहैं।

## चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्यारेपुर स्थित कनक मैरिज लॉन से अज्ञात चोरों ने पानी की टोटी और बिजली का तार चोरी कर लिया था। इस घटना के संबंध में थाना हरचंदपुर में के स संख्या 0092/2026 धारा 305/324( 4 ) बीएनएस के तहत दर्ज कर लिया गया था और घटना का अनावरण करने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एक मई 2026 को थाना हरचंदपुर पुलिस टीम को मुखबिर की सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने थाना क्षेत्र से संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग की और आरोपी जगरुप पुत्र स्व० बुद्धदेव, निवासी ग्राम बंडहिया मजरे बाला, थाना हरचंदपुर, रायबरेली को चोरी के सामान के साथ मौके पर गिरफ्तार कर लिया।

# गांवों की सड़कों की हालत जर्जर है : अतुल सिंह



**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एव पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के सरबाहदा, कल्ल्यानपुर ,खिलकटियन पुरवा, पूरे पासिन पुरवा, रामदीन पुरवा, पूरे महिपत आदि गांवों में नुक्कड़ सभा, चैपाल और जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी और देश व प्रदेश को बचाने के लिए राहुल गांधी के हाँथो को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर श्री ने कहा कि गांवों की सड़कों की हालत जर्जर है टूटी सड़को और टूटी नालियों के कारण गंदा पानी लोगो के घरों में भर रहा है, किसानो की समस्याओं से सरकार को कोई लेना देना नहीं है चाहे वो आवारा पशुओं की समस्या हो या नहरों में टेल तक पानी न जाने की समस्या हो और डीएपी खाद के लिए किसानों को परेशान होना पड रहा है। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है ऊंचाहार विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, जिला सचिव संत प्रकाश, रामदत्त पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, दिनेश सिंह, विक्रम सिंह, गोलू अग्रहरि, देवेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, अजय मौर्या, देशराज सरोज, राम शंकर मौर्य, सुंदरलाल जायसवाल, हरी प्रताप सिंह, संतोष सिंह, सुनील यादव, अशोक गौतम, रवि सिंह, शमशेर यादव, संजय पाल, राम लखन लोधी, शुभम जायसवाल, अजय पटेल, भारत लाल रैदास, पिंकू यादव, गया सरोज आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 30 सितंबर तक वाहन का फिटनेस जिले में करा सकते है

**रायबरेली।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया है कि भारत सरकार सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिन जिलों में स्वाचालित परीक्षण केन्द्र अभी तक चालू नहीं हो सका हैं वहां मैन्यूअल फिटनेस परीक्षण आयोजित करने और फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने हेतु 30 अप्रैल से 30 सितम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया है कि जनपद रायबरेली में मैन्यूअल फिटनेस परीक्षण सम्बन्धित कार्य का संपादन कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

## स्कूलों में 'ग्रांट निगल गया सिस्टम', टूटे शौचालय झाड़ियों में पढ़ाई, 9 दिन बाद भी अफसर बेखबर

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शुकुल बाजार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। 22 अप्रैल को खबर प्रकाशित होने के 9 दिन बाद भी शिक्षा विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सुविधाओं का जायजा नहीं लिया है। प्राथमिक विद्यालय नेवाजगढ़, दरवानीपुर और पूरे रोशनलाल समेत कई स्कूलों के शौचालयों की फर्श जगह-जगह से टूटी है, रेलिंग ध्वस्त पड़ी है। शौचालयों के चारों ओर घनी झाड़ियां उगने से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना हुआ है। ऐसे में छोटे बच्चों का शौचालय जाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई। परिसर में सफाई का भी अभाव है। अभिभावकों के अनुसार समय पर रखरखाव होता तो स्थिति नहीं बिगड़ती। ग्रामीणों का आरोप है कि कमोबेश विकासखंड क्षेत्र के ज्यादातर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के यही हालात हैं। मरम्मत और रखरखाव के लिए मिलने वाली स्कूल ग्रांट के समुचित उपयोग पर सवाल उठ रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि बिल-बाउचर में अनियमितता हुई है। ग्रांट का प्रावधान स्कूल ग्रांट शिक्षण सामग्री, फर्नीचर मरम्मत, बिजली-पानी, सफाई और भवन रखरखाव के लिए मिलती है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी शुकुल बाजार शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि खबर छपने के 9 दिन बाद तक मौके पर कोई टीम नहीं पहुंची है। डीएम अमेठी पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराएं। स्कूल ग्रांट के उपयोग का भौतिक सत्यापन व ऑडिट हो, ताकि बच्चों के भविष्य व जीवन से खिलवाड़ न हो। दोषियों की जवाबदेही तय की जाए।

# श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी से कम का भुगतान न किया जाये



**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार, रायबरेली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सलोन अशोक कुमार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया।

इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा श्रम विभाग के अन्तर्गत संचालित मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के लाभार्थियों ललिता, सविता एवं अजय कुमार को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का तहसील/ब्लाक स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाना चाहिए एवं श्रमिको को अन्य विभागों की योजनाओं यथा आयुष्मान कार्ड योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि से जोड़कर उन्हें लाभान्वित कराया जाना चाहिए ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और व स्वावलंबी बन सकें। मा. विधायक द्वारा यह भी कहा गया कि प्रदेश में आर.ए. लाइसेंस की व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश के श्रमिको को विदेशो में भी रोजगार दिलाये जाने का कार्य किया गया है। उक्त के अतिरिक्त सरकार द्वारा मजदूरी दरों में सुधार करते हुए जनपद रायबरेली में क्रमशः अकुशल श्रमिको हेतु न्यूनतम मजदूरी रु० 12356/-, अर्धकुशल श्रमिको हेतु रू० 13590/- एवं कुशल श्रमिको हेतु रू० 15224/- निर्धारित की गयी है। उन्होंने व्यापारियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से अनरोध किया कि श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी से कम का भुगतान न किया जाये। उससे अधिक का भुगतान ही मजदूरों/ श्रमिकों के लिए कल्याणकारी होगा।

जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी द्वारा अपने उद्बोधन में देश में श्रमिकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि श्रमिक ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जिनके सामाजिक उत्थान से ही देश एवं समाज का विकास संभव है। अतः सभी उद्यमियों एवं इकाई स्वामियों को उनके यहां कार्यरत श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कराये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद रायबरेली के श्रमिकों के कुल 44 बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय मोहन लालगंज लखनऊ में प्रवेश दिलाया गया है। गत वर्ष 2025-26 में जनपद रायबरेली के एक छात्र द्वारा अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अंत में उपायुक्त उद्योग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## श्रद्धा व भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का शुभारंभ

**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर कस्बे के ओंकारेश्वर महादेव धाम में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक बद्री विशाल ओझा के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का स्मरण कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण और जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। ज्ञानयज्ञ के माध्यम से व्यक्ति को सत्य, धर्म और भक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। व्यास जी ने बताया कि भागवत कथा सुनने से मन की शांति प्राप्त होती है और जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## श्रम ही सम्मान, श्रमिक ही राष्ट्र की आधारशिला




**लालगंज, रायबरेली।** सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल लालगंज के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस अत्यंत गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत चंद्रा, एकेडमिक डायरेक्टर देवेंद्र झा, मैनेजर करुणेश सिंह तथा प्रिंसिपल डॉ. अविनाश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा श्रमिकों के अमूल्य योगदान को आदरपूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने इस तथ्य पर विशेष बल दिया कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता, अपितु प्रत्येक कार्य समाज की प्रगति में समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रम के महत्व, कार्य की गरिमा तथा नैतिक मूल्यों के विषय में विशेष रूप से जागरूक किया गया। विद्यार्थियों के भीतर श्रम के प्रति सम्मान, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं मानवीय संवेदनाओं को विकसित करने पर भी विशेष बल दिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं समानता की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का संवर्धन करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने श्रमिकों के प्रति अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कटका क्लब ने मजदूरों को भेंट किये अंगवस्त्र श्रमिक दिवस पर सामाजिक संस्था का प्रयास



**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्रमिक दिवस के अवसर पर कटका क्लब सामाजिक संस्था ने सराहनीय पहल करते हुए श्रमिकों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था के कार्यकर्ता श्रमिकों के बीच पहुंचे और उन्हें धूप से बचाव के लिए अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम का नेतृत्व बृजेंद्र मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और उनके सम्मान के लिए ऐसे प्रयास जरूरी हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ण ने बताया कि यह पहल श्रमिकों को राहत देने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने भी श्रमिकों को समाज की रीढ़ बताते हुए इस कार्य की सराहना की और इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

# श्रद्धा से मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा

- प्रभात फेरी में गूंजा शांति का संदेश
- दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश मध्यांचल के तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्थानों पर बुद्ध की 2570वीं त्रिविधि पावनी पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शहर में निकाली गई प्रभात फेरी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी रेलवे स्टेशन से शुरू होकर पंचरास्ता, दरियापुर स्थित अंबेडकर बौद्ध विहार, अंबेडकर पार्क, खैराबाद डाकखाना होते हुए विकास भवन के पास स्थित डॉक्टर अंबेडकर पार्क पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा और शांति, करुणा व भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और समाज में सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

## लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व महाराणा प्रताप के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी, उपप्राचार्या प्रो. निशा सिंह सहित विभागीय शिक्षकों की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व काव्य प्रस्तुत कर समां बांधा। समारोह में पूर्णिमा सिंह को इरावती कर्वे पुरस्कार व भानु प्रताप को अगस्त कांटे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन व ज्ञान के बल पर समाज में पहचान बनाने की प्रेरणा दी, जबकि अन्य शिक्षकों ने भी सफलता के लिए परिश्रम, समर्पण और सकारात्मक सोच पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षत शुक्ला ने किया। भावनाओं, प्रेरणा और उत्साह से भरपूर यह समारोह सभी के लिए यादगार बन गया।

## मतऊ पांडेय हत्याकांड में आरोपित की जमानत पर सुनवाई आज, विवेचक तलब

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार बाजार में भूमि विवाद में प्रापर्टी डीलर माता प्रसाद उर्फ मतऊ पांडेय की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपित राहुल सिंह की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को जिला जज सुनील कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया आरोपित के दो पते सामने आने के कारण उस पर स्पष्टीकरण के लिए जिला जज ने विवेचक को शनिवार के लिए तलब किया है। बीते 26 मार्च को माता प्रसाद उर्फ मतऊ पांडेय कुड़वार बाजार स्थित अपनी दुकान पर खड़े थे। तभी दो बाइक से आए आरोपितों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गए थे, जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही विश्व में शांति संभवः केशव मौर्य

## प्रदेश सरकार बुद्ध विहार और अम्बेडकर स्मारकों के संरक्षण व विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैः ब्रजेश पाठक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुशीनगर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान तथागत बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश आज पूरे विश्व के लिए पहले से अधिक प्रासंगिक है। वर्तमान समय में जब विश्व युद्ध और अशांति की विभीषिका से जूझ रहा है, तब भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान तथागत बुद्ध ने मानवता को शांति का मार्ग दिखाया और भारत ने विश्व को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को नए विस्तार के साथ स्थापित कर रहा है। श्री मौर्य ने कार्यक्रम में उपस्थित पूज्य भंतेगणों, बौद्ध अनुयायियों एवं जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कुशीनगर, श्रावस्ती, सारनाथ, संकिसा, कौशांबी सहित भगवान बुद्ध से जुड़े सभी पवित्र स्थलों का अभूतपूर्व विकास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुआ है। एयर, रोड और रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर इन स्थलों को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाई गई है।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को और अधिक सक्रिय बनाए जाने के लिए प्रदेश सरकार पूरी गंभीरता से प्रयासरत है, ताकि विश्वभर से आने वाले बौद्ध श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने अपने रूस प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर रूस के काल्मिकिया गणराज्य भेजा था। वहां जिस प्रकार श्रद्धा और सम्मान के साथ भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का स्वागत हुआ, वह भारत की आध्यात्मिक शक्ति और भगवान बुद्ध के प्रति वैश्विक आस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि लगभग 40 बौद्ध देशों के साथ भारत के संबंधों की गहराई बढ़ाने में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

श्री मौर्य ने कहा कि उन्हें सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य एवं सम्राट अशोक महान की गौरवशाली विरासत पर गर्व है। सम्राट अशोक ने भगवान बुद्ध के संदेश को विश्वभर में पहुंचाया था और आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की




चर्चा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के उल्लेख के बिना अधूरी है। बाबा साहब ने भगवान बुद्ध के विचारों को सामाजिक समरसता और न्याय के साथ जोड़ा तथा समाज को नई दिशा दी। उप मुख्यमंत्री ने बौद्ध अनुयायियों से आह्वान किया कि वे भगवान बुद्ध के विचारों को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने वैशाख पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) तथा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने श्रम के सम्मान की नई परंपरा स्थापित की है। प्रयागराज महाकुंभ में सफाईकर्मियों के चरण पखारना तथा अयोध्या व काशी में मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों का सम्मान करना श्रम के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रतीक है। श्री मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश सर्वकालिक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि कोई भी लड़ाई युद्ध से नही बुद्ध के संदेशों से ही जीता जा सकता है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी जी के मार्गदर्शन में लगातार बुद्ध के संदेशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भगवान बुद्ध से जितने भी जुड़े हुए स्थानों/स्मारकों तथा बाबा साहब अम्बेडकर जी के स्मारकों/मूर्तियों के विकास के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने सभी विधायक गण से अनुरोध किया कि अपने निधि से उक्त स्थलों का विकास करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर द्वय उप मुख्यमंत्री द्वारा श्रमिक दिवस की बधाई भी दी गई। उप मुख्यमंत्री के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे कुशीनगर आगमन पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया, एवं बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक खडडा विवेकानंद पांडेय, रामकोला विनय प्रकाश गौंड, हाटा मोहन वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिध, जिलाध्यक्ष भाजपा सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## बरहज में प्रस्तावित धरने को लेकर लोकतांत्रिक मान्यताओं को रौदा गया हैःसुभाध चंद्र

जिला संवाददाता



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने शहर के गगन रेस्टोरेंट में पत्रकार बंधुओ से बातचीत करते हुए कहा कि बरहज में प्रस्तावित सपा के धरना प्रदर्शन को विफल बनाने के लिए, नेताओं कार्यकताओं को वहां न जाने देने के लिए स्थानीय प्रशासन ने समस्त लोकतांत्रिक मान्यताओं को रौदतें हुए बड़े पैमाने पर नेताओं को घरों में कैद किया तथा बड़ी संख्या में नेताओं को गिरफ्तार कर थानों में निरुद्ध किया। पुलिस ने यह कार्यवाही भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर किया। पुलिस की कार्यवाही से बात अब स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश की सरकार समाजवादी पार्टी से डरी हुई है।

कल की कार्यवाही एक तरह से लोकतंत्र की हत्या है। उत्तर प्रदेश की सरकार अब लोक कल्याणकारी न होकर पुलिस राज में तब्दील हो गई है। बरहज में निर्दोष ग्राम प्रधान राजेश यादव एवं गामा यादव एवं उनके परिजनों को शाजिसन अभियुक्त बनाया गया है। मृतक अधिवक्ता के परिवार के लोगों ने ही इस बात को कहा था कि उनके निधन के लिए एसडीएम जिम्मेदार है। एसडीएम को बचाने के लिए आज निर्दोष प्रधान राजेश यादव को फसाया गया है। इसमें इनकी कोई संलिप्तता नहीं है।

सड़क का निर्माण उच्चधिकारियों के निर्देश के बाद ही वहां हो रहा था। कल के पुलिसिया कार्रवाई से सपा के नेताओं एवं कार्यकताओं में व्यापक आक्रोश व्याप्त है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**कुशीनगर।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा पार्टनर एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। बैठक के दौरान जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ, सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु मदरसों एवं विद्यालयों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं अल्पसंख्यक विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिला स्तरीय



अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। इसके लिए ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर जागरूकता बढ़ाने तथा पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने को कहा गया। स्वास्थ्य संस्थानों में मानव संसाधन की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी महोदय ने सी.एच.ओ., चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पदों का युक्तिकरण करते हुए उनकी तैनाती आवश्यकतानुसार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य केंद्र, जहां स्टाफ की कमी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में आशा कार्यकताओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया गया कि लगभग 90 आशा कार्यकर्ता पूरे वित्तीय वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों में निष्क्रिय रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सक्रिय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ह्लप्रेरणा कैंटीनह्व योजना की समीक्षा करते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत भर्ती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, पोषण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करें तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाते हुए आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## एएसपी ने थाना एकोतना और रुद्रपुर का भ्रमण कर आरक्षियों का लिया जायजा



**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा थाना एकौना एवं थाना रुद्रपुर का भ्रमण कर वहां प्रशिक्षण हेतु आए रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के रहने, खाने, मेस व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्रूट आरक्षियों को उपलब्ध कराई जा रही सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक हों। उन्होंने मेस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट आचरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सांप्रदायिक सद्भावना व समता की नीति के पोषक थे मधु लिमए : चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया।** स्वतंत्रता आंदोलन सहित गोवा मुक्ति आंदोलन के महानायक मधु लिमए ने आजीवन समाजवादी रीति - नीति की स्थापना के लिए आवाज उठाई,उक्त बातें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधु लिमए ने आजाद भारत की तरक्की में साम्प्रदायिकता और असमानता को सबसे बड़ा बाधक मानते हुए सदैव इसकी मुखालफत की। स्वतंत्रता आंदोलन का सेनानी पेंशन और संसद सदस्य होने का पेंशन न लेने वाले देश के महान लेखक, पत्रकार एवं संसदविद मधु लिमए ने सैकड़ों किताबों का लेखन किया तथा देश को समुन्नत मुल्क बनाने के लिए समाजवाद को सर्वाधिक मुफीद बताया उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधु लिमए हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं जिन्हें जन्म जयंती पर नमन है। मधु लिमए जयंती पर उपस्थित मुरलीधर, रामू गुप्ता, अशोक यादव, सुरेश नारायण सिंह, चंद्रिका यादव, सदाबृक्ष यादव, नारायण प्रसाद, लक्ष्मण यादव , राजेश गोंड, परमहंस यादव, नगीना यादव, अयोध्या वर्मा, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, व्यास यादव आदि ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो नमन किया।

## झमाझम बारिश से गर्मी से राहत

**देवरिया।** आज सुबह हुई झमाझम बारिश से लोगो को गर्मी से राहत मिली है। लगभग तीन घण्टे तक हुई बारिश से शहर के अनेक मुहल्लो में नाले नालियों के उफनाने से सड़कों ,रास्तों ,गलियों में गन्दा पानी फैल गया। सफाई कर्मियों द्वारा इधर उधर निपटाया गया कचरा तैरने लगा। जाम नालियों के कारण कई जगह घरों तक गन्दा पानी ,कचरा फैल गया। उधर आज हुई जोरदार बारिश से खेतों में पानी लग गया जिससे किसानों को खरीफ फसल की तैयारी के लिये फायदा होगा। आग लगी कि घटनाओं से भी राहत मिलेगी। वर्ष से की कह रखे भूसे व बेचने के लिए रखे गेंहू भीगने से नुकशान की खबर है। गेंहू क्रय केंद्रों पर रखे गेंहू के बोरे भीग गए। आज तिलक शादी के लिए की गई सजावटभीग गयी। कईं जगह समारोह स्थलों पर पानी जमा होने घरातियों की मुश्किल बढ़ गयी।

## नोडल अधिकारी ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ की बैठक



**कुशीनगर।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में अपर जिला जज एसएसी/एसटी/ नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत इफराक अहमद व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन ने अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक के साथ 09.05.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक आहूत की। इस बैठक का उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिये आयोजित की गयी थी।

इस में राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी व अपर जिला जज इफराक अहमद ने उपस्थित उपजिलाधिकारी पडरौना आशुतोष यादव व क्षेत्राधिकारी सदर डा० अजय कुमार सिंह को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किये। इस बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी से कहा गया कि राजस्व वाद, फौजदारी वाद, स्टाम्प वाद व अन्य मामलों से सम्बन्धित वादों को अधिक से अधिक निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित को अपने स्तर से निर्देशित करें। उपस्थित क्षेत्राधिकारी सदर से भेजे जा रहे नोटिसों का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कि अधिक अधिक वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर अपने-अपने मामलों को निस्तारित करा सकें।

## अखिल भारत हिंदू महासभा की मासिक बैठक संपन्न




जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** श्रमिक दिवस के अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला इकाई ने अपनी मासिक बैठक आयोजित की, जिसमें संगठन ने श्रमिक भाइयों को हार्दिक बधाई दी और केंद्र की मोदी सरकार से न्यूनतम मजदूरी को प्रतिदिन 500 रुपये करने की जोरदार मांग उठाई। जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में संगठन विस्तार महिला शाखा संगठन और आगामी ऐतिहासिक जयंतियों के कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकताओं ने एकजुट होकर हिंदू एकता और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया।

श्रमिक कल्याण पर जोर, मजदूरी वृद्धि की मांगबैठक की शुरूआत श्रमिक दिवस की बधाई से हुई, जहां सभी कार्यकताओं ने एक स्वर से कहा कि देश के मेहनतकश वर्ग को उचित सम्मान और आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। वर्तमान न्यूनतम मजदूरी से श्रमिक परिवार का भरण-पोषण कठिन हो गया है, इसलिए केंद्र सरकार से तत्काल 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी लागू करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा ने कहा, श्रमिक राष्ट्र की रीढ़ हैं। मोदी सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना होगा, ताकि गरीबी और शोषण का अंत हो सके। सुधा सिंह बनीं महिला शाखा नगर अध्यक्षसंगठन की सक्रिय महिला कार्यकर्ता सुधा सिंह को महिला शाखा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिस पर कार्यकताओं ने तालियों से स्वागत किया।

## गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत बड़ी कार्यवाही, 12 व्यक्तियों को छह माह के लिए जनपद से किया गया निष्कासित

**कुशीनगर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा सख्त कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(3) के अंतर्गत 13 व्यक्तियों को ह्लगुण्डाह्व घोषित करते हुए 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमाओं से निष्कासित किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

उक्त कार्यवाही विस्तृत विवेचना एवं साक्ष्यों के आधार पर की गई है, जिसमें संबंधित व्यक्तियों की आपराधिक गतिविधियों को जनहित एवं लोक शांति के लिए प्रतिकूल पाया गया। आदेश के अनुसार सभी निष्कासित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे निष्कासन अवधि के दौरान जनपद कुशीनगर की सीमा के बाहर रहेंगे तथा जहां भी रात्रि विश्राम करेंगे, उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को अनिवार्य रूप से देंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि बिना न्यायालय की पूर्व अनुमति के कोई भी निष्कासित व्यक्ति जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। हालांकि, यदि किसी विशिष्ट न्यायिक आदेश के अनुपालन हेतु संबंधित व्यक्ति को जनपद के किसी न्यायालय में उपस्थित होना आवश्यक होगा, तो उसे धारा 4 के अंतर्गत पृथक से अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिन व्यक्तियों के विरुद्ध यह कार्यवाही की गई है उनमें- अंकित पाण्डेय पुत्र सुनील पाण्डेय, निवासी वार्ड नं० 07 इन्दिरा नगर, कस्बा खड्डा, थाना खड्डा, जनपद कुशीनगर। रियाज पुत्र जलालुद्दीन, निवासी बसहिया बनवीरपुर, थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर। गुड्डू पुत्र महन्थ यादव, निवासी सेमरिया बाजार, थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर, परवेज आलम उर्फ सीसम पुत्र नैमुल्लाह, निवासी खैरटवा, थाना कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर, गोरखनाथ मिश्र पुत्र गया मिश्र, निवासी रहसू, थाना कुबेरस्थान, जनपद कुशीनगर, मनोज कुशवाहा पुत्र स्व० नथुनी कुशवाहा, निवासी जंगल बनवीरपुर, थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर आफताब अली पुत्र इसहाक, निवासी कसेरा टोली, थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर, अरविन्द यादव पुत्र जयप्रकाश यादव, निवासी सरगटिया करनपट्टी, थाना सेवरही, जनपद कुशीनगर, संदीप तिवारी पुत्र स्व० श्रीनाथ तिवारी, निवासी पटहेरवा टोलापड़री, थाना पटहेरवा, जनपद कुशीनगर, सुनील जायसवाल पुत्र सम्पत, निवासी बनकटा बाजार, थाना चौराखास, जनपद कुशीनगर, अभिषेक पुत्र हरेन्द्र, निवासी मिश्रौली, थाना खड्डा, जनपद कुशीनगर शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा आदेश की प्रति संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया है कि आदेश का तत्काल तामीला सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या न्यायालय को उपलब्ध कराई जाए। यह आदेश संबंधित व्यक्तियों को तामिला की तिथि से प्रभावी माना जाएगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने हेतु इस प्रकार की कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी तथा अपराध एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध ह्लशून्य सहिष्णुताह्व की नीति अपनाई जाएगी।

## आज सुरक्षा किट वितरित करेंगे महापौर

**अयोध्या।** गर्मी के मद्देनजर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को डायरिया जैसी बीमारियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए लता चैक समेत नगर के आधा दर्जन स्थानों पर शिविर लगाकर ओआरएस घोल का वितरण किया जाएगा।

इस अभियान का उद्घाटन शनिवार दो मई को 11.30 लता चैक पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी करेंगे। यह जानकारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद 12.00 बजे महापौर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ कौशलपुरी स्थित जोनल ऑफिस पर नाला गैंग में शामिल सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट का वितरण करेंगे।

## बहू का अपमान पुलिस अधीक्षक से लगायी न्याय की गुहार

फतेहपुर। जनपद थाना थरियांव क्षेत्र में महिला उत्पीड़न का एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि समाज की नैतिकता पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना राधानगर क्षेत्र के अदौली गाँव की रहने वाली एक विवाहिता को उसके ही ससुराल में कथित रूप से मानसिक, सामाजिक और डिजिटल उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। ससुराल में प्रताड़ना की इंतहा, रिश्तों को कियातार-तारपीड़िता के पिता के अनुसार, उनकी बेटी की शादी थाना थरियाव क्षेत्र के बहरामपुर गाँव में हुई थी। शादी के शुरूआती समय से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि छोटी-छोटी बातों पर उसे गंदी-गंदी गालियाँ दी जाती थीं, अपमानित किया जाता था और दबाव बनाया जाता था। लेकिन हालात तब भयावह हो गए, जब ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेइज्जती करते हुए वीडियो बना लिया। इस दौरान महिला की गरिमा को तार-तार करने वाली भाषा और व्यवहार का इस्तेमाल किया गया। डिजिटल हथियार बना सोशल मीडिया, सम्मान को किया चकनाचूरसबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों ने इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे पर वायरल कर दिया। इस कृत्य ने पीड़िता की निजी जिंदगी को सार्वजनिक तमाशा बना दिया। परिवार का कहना है कि यह सिर्फ बदनामी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित मानसिक उत्पीड़न और सामाजिक हत्या की कोशिश है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की हरकतें आईटी एक्ट, के अंतर्गत आती हैं, जिनमें कड़ी सजा का प्रावधान है। पिता की गुहार बेटी को न्याय दिलाइए, दोषियों को सजा दीजिए अपनी बेटी के साथ हुए इस अत्याचार से टूट चुके पिता ने आखिरकार पुलिस अधीक्षक के दरवाजे पर दस्तक दी। उन्होंने लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पिता का कहना है कि स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगायी न्याय की गुहार

**फतेहपुर। थाना** किशनपुर नरैनी क्षेत्र के एक गाँव में दबंगों की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता का गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ धार्मिक स्थल की आड़ में अवैध कब्जे का खेल खुलेआम चल रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली युवक जबरन मंदिर परिसर में मिट्टी डलवाकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें बुरी तरह प्रताड़ित किया जा रहा है। मंदिर परिसर बना कब्जे का अड्डामामला गाँव में स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर और हनुमान मंदिर के पास की जमीन का है, जो वर्षों से सार्वजनिक उपयोग और धार्मिक गतिविधियों के लिए जानी जाती रही है। पीड़ित का कहना है कि इस क्षेत्र में पुराने हरे-भरे पेड़ भी मौजूद थे, जिन्हें हाल ही में आरोपियों द्वारा खुलेआम काट दिया गया। इसके बाद अब उसी जमीन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी डलवाकर कब्जा जमाने की साजिश रची जा रही है। गली बंद कर ग्रामीणों का रास्ता रोकादबंगों ने न सिर्फ मंदिर परिसर में अवैध निर्माण की शुरूआत की है, बल्कि आसपास की गली को भी बंद कर दिया है, जिससे पीड़ित परिवार और अन्य ग्रामीणों का आना-जाना बाधित हो गया है। इससे गाँव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

विरोध करने पर मारपीट और धमकीपीड़ित परिवार का आरोप है कि जब उन्होंने इस गैरकानूनी कार्य का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं।

परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। प्रशासन से न्याय की गुहारइस गंभीर मामले को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी के कार्यालय पहुँचकर लिखित शिकायत दी है और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है किमंदिर परिसर में हो रहे अवैध कब्जे को तत्काल रोका जाएपेड़ों की अवैध कटाई की जांच कर कार्रवाई की जाएमारपीट और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएँ पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए प्रशासन पर उठे सवाल स्थानीय ग्रामीणों का कहना है ।

# सरकार तेल कीमतें बढ़ाने की भूमिका न बांधे



वीना सुखीजा

> देश में कोई भी आपदा आते ही प्रशासन तंत्र की बांछें खिल जाती हैं, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक इस आपदा का फायदा मिलता है। इसलिए कम से कम केंद्र और राज्य सरकारें तो आम आदमी पर रहम करें। इस मामले में सरकार इतनी भी प्रिडेक्टेबल न बने कि चीख-चीखकर राज्यों के चुनावों के दौरान जो आशंका चुनाव हो जाने के बाद पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ जाने की जतायी जा रही थी, उसे बेशर्मी से सही साबित होने दे।

अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आये भी नहीं कि तेल कंपनियों की तरफ से तेल महंगा किये जाने के भूमिका का बांधा जाना शुरू हो गया है। तेल कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें हर दिन 2400 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। जाहिर है तेल कंपनियां खुद डीजल और पेट्रोल की कीमत बिना सरकार की इजाजत नहीं बढ़ाएंगी। इसलिए अप्रत्यक्ष तौरपर यही समझा जा सकता है कि सरकार के इशारे पर ही उन्होंने भूमिका बांधनी शुरू कर दी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिस तरह से दोबारा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, उसको देखते हुए किसी भी समय फिर से जंग शुरू होने के आसार बन गये हैं। साथ ही यह भी सही है कि पिछले एक पखवाड़े के भीतर क्रूड ऑयल की कीमत प्रति बैरल 96 अमरीकी डॉलर से बढ़कर गुजरे 30 अप्रैल 2026 को 116 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी। इससे हिसाब लगाकर भारतीय तेल कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें प्रति लीटर पेट्रोल में 14 रुपये और डीजल में 18 रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। जबकि हकीकत यह है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जब ज्यादातर समय यानी 27 फरवरी 2026 के पहले तक क्रूड ऑयल औसतन 71 डॉलर प्रति बैरल रहा, तब इन कंपनियों ने 9 महीने में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये यानी हर रोज करीब 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

ऐसे में सवाल है कि आखिर जब तेल कंपनियां लाभ कमा रही थीं और उनसे कई गुना ज्यादा सरकारें कमा रही थीं, तब किसी को यह ख्याल क्यों नहीं आया कि आखिर जब क्रूड ऑयल सस्ता मिल रहा है, तो क्यों न उसका लाभ आम आदमियों को भी मिले? लेकिन अब, जब क्रूड ऑयल महंगा हो गया है, तो तेल कंपनियों के कंधे पर बंदूक रखकर केंद्र और राज्य सरकारें कीमतें बढ़ाने की भूमिका बांध रही हैं। वैसे अगर आज भी तेल का ईमानदार गणित देखा जाए तो अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मुनाफे को इस आपदा के समय आम आदमियों पर रहम करते हुए खत्म कर दें या खत्म न करें तो कम से कम आधा ही कर दें, तो भी न केवल आम लोगों को बल्कि देश में सभी की जरूरतों के लिए जो तेल बिकता है, वह उसी कीमत पर बना रहेगा, जो फिलहाल है बल्कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मुनाफे को दो तिहाई छोड़ दें तो लोगों को पेट्रोल ईरान-अमेरिका$इजरायल जंग शुरू होने से पहले की कीमत से भी सस्ता मिल सकता है। अगर आपको यकीन न आ रहा हो तो जरा 100 रुपये के पेट्रोल का पूरा ब्रेक डाउन देखें। 100 रुपये में मिलने वाला यह पेट्रोल कच्चे तेल के रूप में विदेशों से 35 से 40 रुपये में आता है। अगर खरीद और बिक्री के बीच डॉलर के विरूद्ध रुपया कमजोर हो जाता है या मजबूत हो जाता है, तब थोड़ा घट-बढ़ सकता है वर्ना आज की तारीख में 100 रुपये का जो पेट्रोल हम खरीदते हैं, कच्चे तेल के रूप में वह 35 से 40 रुपये के बीच आता है। अब इसे रिफाइन करने और ट्रांसपोर्ट करके बिक्री की जगह ले जाने में 8 से 10 रुपये खर्च होते हैं यानी 43 से 50 रुपये बन गये। अब इस बिकने वाले डीजल और पेट्रोल में तेल कंपनियों का मार्जन 3 से 5 रुपये प्रति लीटर बनता है यानी एक लीटर पेट्रोल 46 से 55 रुपये तक की कीमत का हुआ, जो हमें 100 रुपये में मिलता है।



## जनता पर महंगाई का बोझ न डाले सरकार

सवाल है फिर 45 से 54 रुपये कौन ले जाता है? तो इसमें 18 से 20 रुपये सीधे केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी के रूप में लेता है और राज्य सरकारें 20 से 25 रुपये प्रति 100 रुपये के पेट्रोल-डीजल में अपने मुनाफे के रूप ले लेती हैं। यह भी जान लीजिए हर राज्य का वैट अलग-अलग है। कुछ राज्यों में तो यह 30 फीसदी से भी ज्यादा है। कहने का मतलब यह कि 100 रुपये का अभी जो हम पेट्रोल खरीदते हैं, उसमें 46 से लेकर 54 रुपये तक सरकारों का टैक्स या उनकी उगाही होती है और यह कोई आज की बात नहीं है, यह हमेशा से ऐसा ही रहा है। ऐसे में अगर फिलहाल तेल का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसमें केंद्र और राज्य सरकारें यदि अपने मुनाफे को आधा भी कर दें, तो आम लोगों को न केवल इस जंग की हालात बनने के पहले की कीमत पर डीजल-पेट्रोल मिलता रहेगा बल्कि तब भी केंद्र और राज्य सरकारों को अच्छा खासा मुनाफा भी होता रहेगा। लेकिन न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकारें अपने मुनाफे में कतई किसी तरह की कटौती नहीं करना चाहतीं।

ये सब इस आपदा को अवसर के रूप में भुनाने की कोशिश में हैं और इसके लिए वो खुद आगे बढ़कर कुछ नहीं कह रहीं बल्कि तेल कंपनियों के जरिये महंगे तेल की भूमिका बनवा रही हैं। अगर जैसे कि भूमिका बनायी जा रही है, तेल कंपनियों ने 4 मई 2026 जिस दिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने हैं, के बाद या उसके पहले 10 रुपये प्रति लीटर भी डीजल और पेट्रोल में इजाफा कर दिया, तो आम लोगों का जीना दूभर हो जायेगा। क्योंकि तेल और डीजल भले 10 रुपये ही महंगा हो, बाकी हर चीज इससे ड्योढ़ी या दुगनी महंगी होगी। जब से ईरान जंग शुरू हुई है, तब से रसोई गैस या दूसरी चीजों के महंगे होने के कारण मासिक बजट में 3 से 4 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई है और अब अगर यह कहर टूटा तो आम लोगों की तो छोड़िये मध्यवर्ग भी सीधी कमर के साथ खड़ा नहीं रह पायेगा। क्योंकि डॉलर के विरूद्ध रुपया पहले ही 95 तक पहुंच गया है। इस कारण अप्रत्यक्ष रूप से महंगाई हर क्षेत्र में 8 से 10 फीसदी तक बढ़ गई है, जिसका कोई जिक्र ही नहीं हो रहा। अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ी महंगाई और गैस की किल्लत के कारण वैसे भी पिछले तीन महीनों में 15 से 20 फीसदी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का शहरों से अपने गांवों की ओर पालयन हो चुका है। क्योंकि गैस की किल्लत भले न हो, लेकिन आम लोगों को जिनके पास सरकारी गैस कनेक्शन नहीं है, उन्हें यह ईरान-अमरीका के जंग की पहले के मुकाबले दुगनी कीमत पर मिल रही है। बंग्लुरु जैसे शहर में जो आईटी का गढ़ और पढ़े-लिखों का सेंटर माना जाता है, वहां भी जिन लोगों के पास गैस का कनेक्शन नहीं है, उन्हें 12 किलो एलपीजी का सिलेंडर भी दुकानदार बड़ी मुश्किल से 33-34 सौ रुपये का दे रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ और भोपाल में पिछले दिनों 5 किलो वाले छोटे गैस सिलेंडर के लिए जो 2000 से 3000 रुपये तक की कीमत वसूली जा रही थी, वह सिर्फ अफवाह नहीं थी।

अपने देश में कोई भी आपदा आते ही प्रशासन तंत्र की बांछें खिल जाती हैं, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक हर किसी को इस आपदा का फायदा मिलता है। इसलिए कम से कम केंद्र और राज्य सरकारें तो आम आदमियों पर रहम करें। इस मामले में सरकार इतनी भी प्रिडेक्टेबल न बनें कि चीख-चीखकर राज्यों के चुनावों के दौरान जो आशंका चुनाव हो जाने के बाद पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ जाने की जतायी जा रही थी, उसे बेशर्मी से सही साबित होने दें। क्योंकि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय से संबंधित नौकरशाह बार-बार यह कह रहे थे कि चुनाव के बाद फिलहाल दाम बढ़ाये जाने की कोई योजना नहीं है। इसलिए कृपया सरकार अपने उस कहे हुए पर कायम रहे, पहले ही महंगाई की मार से दोहरे हो रहे आम लोगों पर और ज्यादती न करें।

# मध्यपूर्व में तेल राजनीति

दशकों से ऑयल डिप्लोमेसी और तेल कीमतों पर नियंत्रण की धुरी रहे ओपेक के बिखरने के बाद अब मध्य पूर्व की तेल राजनीति में व्यापक बदलाव संभावित है। यूएई यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस से अलगाव की घोषणा की है, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति का एक और निश्चित मार्ग खुल गया है। इससे अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में प्रतिस्पर्द्धा की नयी शुरुआत होगी, नतीजतन तेल की कीमतें भी गिरेंगी। ओपेक तेल उत्पादक और निर्यातक देशों का संगठन है। फिलहाल सऊदी अरब उसका नेतृत्व कर रहा है। करीब 59 साल उसका हिस्सा बने रहने के बाद यूएई ने अलग होने का फैसला किया है। उसके कई कारण हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर ईरान की नाकेबंदी ने खासकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका के देशों में गंभीर ऊर्जा-संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में यूएई का फैसला कमोवेश भारत के लिए वरदान-सा है। फिलहाल भारत करीब 140 अरब डॉलर का तेल सालाना खरीदता है। यदि तेल के दाम 1 डॉलर कम होते हैं, तो भारत का आयात बिल 10,000 करोड़ रुपये कम हो जाता है। यूएई के फैसले पर अमल किया जाता है, तो भारत सालाना 50,000 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये तक की बचत कर सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यूएई स्वतंत्र रूप से, तेल की कितनी भी मात्रा, भारत को निर्यात कर सकेगा और वह आपूर्ति निर्बाध भी होगी, क्योंकि रास्ता होर्मुज से अलग होगा। भारत अभी सबसे अधिक 15.7 लाख बैरल तेल प्रतिदिन रूस से खरीद रहा है। हमारी तेल की जरूरतों में यह रूस की 38 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है। सऊदी अरब से औसतन 6.22 लाख बैरल कच्चा तेल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 4.35 लाख बैरल तेल प्रतिदिन खरीदा जा





रहा है। भारत की आबादी 145 करोड़ से अधिक और विश्व में सर्वाधिक है। लिहाजा हमारी तेल-जरूरतें भी व्यापक हैं। रूस, सऊदी, यूएई के अलावा, भारत को अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, कनाडा आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है। भारत 35-50 फीसदी तेल होर्मुज के रास्ते आयात करता रहा है। करीब 42 फीसदी एलएनजी और 88 फीसदी एलपीजी का आयात भी होर्मुज के रास्ते ही होता रहा है। ईरान युद्ध के बावजूद होर्मुज के रास्ते करीब 40 लाख बैरल ईरानी तेल और अन्य टैंकर भारत पहुंचे हैं। भारत को निरंतर और निर्बाध तेल के आयात की जरूरत है, लिहाजा यूएई ओपेक से अलगाव के बाद जैसे ही अपनी तेल-नीति तय करता है, तो उसमें भारत जैसे 'रणनीतिक साझेदार' देश के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भुगतान की शर्तें भी लचीली हो सकती हैं और खरीद भारतीय मुद्रा रुपये में हो सकती है। ईरान युद्ध के दौरान जब यूएई के तेल ठिकानों और रिफाइनरियों पर हमले किए गये और होर्मुज बंद किए जाने से सप्लाई चेन बाधित हुई, तो उस दौर में ओपेक यूएई के लिए सुरक्षा-कवच साबित नहीं हो पाया। सऊदी के साथ तीखी बहसें जारी रहीं, क्योंकि यूएई अपना कोटा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था और सऊदी उसे खारिज करता रहा था। ओपेक में रहते हुए यूएई अपनी क्षमता का 60-65 फीसदी ही तेल बेच पा रहा था। उत्पादन काफी था और भंडारण सीमित था। अब अलगाव के बाद यूएई अधिक तेल बेच पाएगा और ज्यादा कमाई कर मुनाफा भी हासिल कर सकेगा। भारत के लिए यह शुभ और सीधा-सपाट रास्ता है, क्योंकि अब अबू धाबी क्रूड ऑयल पाइपलाइन से होते हुए सीधा फुजैरा बंदरगाह तक पहुंचेगा। फुजैरा ओमान खाड़ी के तट पर है। वहां से तेल टैंकर सीधे अरब सागर में जाएंगे। होर्मुज पार करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहां से भारत के पश्चिमी तट के बंदरगाह सुविधाजनक दूरी पर हैं। यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति के लिए भी सकारात्मक संकेत है। इससे भारत को एक ऐसे दौर में जब मिडिल ईस्ट युद्ध के कारण गंभीर ऊर्जा का संकट खड़ा है, तब इस संकट से बचने में मदद मिलेगी।

विचार

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

-गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

-स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

-महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

सोशल मीडिया

आज के युवजन पूछते हैं कि मधु लिमये कौन थे? दोष उनका नहीं, हमारा है। राजनीति में किसे याद किया जायेगा, यह उसके काम से ज्यादा वारिसों की हैसियत पर निर्भर करता है। योगेन्द्र यादव.



# ईश्वर में आस्था

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए।

यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

अंतर्दृष्टि

# मीडिया पर विश्वसनीयता का संकट

लोकमित्र गौतम



विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (3 मई) पर विशेष

एक जमाना था कि लोग सुबह उठकर अखबार का इंतजार करते थे। तभी पता चलता था कि रात में क्या-क्या हुआ? लेकिन इंतजार नाम की कोई चीज ही नहीं बची, हर मिनट में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती रहती हैं। लेकिन बड़ी बात यह नहीं है, बड़ी बात यह है कि सुबह नींद खुलते ही जब हम अपना मोबाइल फोन खोलते हैं, तो उसमें फेसबुक से लेकर एक्स और इंस्टाग्राम तक में खबरों की जो बारिश होती है, उनमें से कितनी खबरें पूरी तरह से सही हैं, कितनी खबरों में आधी हकीकत और आधा फसाना है और कितनी सौ फीसदी झूठ हैं, इसका अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल हो गया है। क्योंकि सारी खबरें लगभग एक जैसी होती हैं। वीडियो, ट्विट, ब्रेकिंग अलर्ट खबर पाने के जितने जरिये, जितने साधन हैं, सच बात तो यह है कि सब पर भरोसे का संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। ऐसे में विश्व प्रेस दिवस पर किन-किन मुद्दों पर बात की जाए; क्योंकि सच्चाई यह है कि आज मीडिया पर एक नहीं अनेक तरह के संकट मंडरा रहे हैं। विश्वसनीयता का संकट, सरकारी सेंसरशिप का संकट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा गढ़ी गई झूठी खबरों का संकट और डीप फेक का संकट जिसमें सच, झूठ जैसा लगता है और झूठ बिल्कुल सच जैसा। सच्चाई तो यह है कि हाल के सालों में जिस एक क्षेत्र को सबसे ज्यादा तकनीकी की मार और खास करके सूचना तकनीकी की क्रांति की मार झेलनी पड़ी है, वह क्षेत्र प्रेस यानी मीडिया का क्षेत्र ही है। ऐसे में हम चाहे जागरुक इंसान हों या फिर अनुभवी मीडियाकर्मी ही क्यों न हों, बहुत विश्वास से नहीं कह सकते कि जो खबरें हम तक पहुंच रही हैं, वो विश्वसनीय हैं, वो किसी किस्म के बायस का शिकार नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि तकनीक और वह भी डिजिटल तकनीक ने जिस एक क्षेत्र को सबसे ज्यादा उड़ान दी है, वह मीडिया का क्षेत्र ही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने पत्रकारिता को कल्पना से भी ज्यादा तेज रफ्तार प्रदान की है। रफ्तार ही नहीं सटीकता भी अब सौ फीसदी की मांग पर खरी उतरती है बशर्ते ईमानदारी से तकनीक का इस्तेमाल हो।

आज किसी भी पत्रकार या विश्लेषक के पास इतना पुष्ट संदर्भ संबंधित डाटा होता है कि उसे अपनी बात कहने के लिए शब्दों की बहुत तिकड़मबाजी का सहारा नहीं लेना पड़ता। लेकिन शर्त यही है कि आपके पास उपलब्ध संसाधन वास्तविक हों, ईमानदार हों। नहीं तो यही तकनीक की तीव्रता, दुधारी तलवार बन जाती है और खबरों को सच और झूठ का एक ऐसा संस्करण बना देती है कि सच पढ़ करके भी यकीन नहीं होता और झूठ देख या पढ़कर भी झूठ नहीं लगता। आज न्यूज रूम में ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग सिस्टम, ट्रेंड एनालिसिस और रियल टाइम अपडेट्स इतने प्रभावी हैं कि अगर ईमानदारी से तथ्यपूर्ण खबरें प्रस्तुत की जाएं तो अलग से विश्लेषण की भी जरूरत नहीं रह जाती। क्योंकि आज सच को सच समझने के बेहद उन्नत साधन हैं। लेकिन मुसीबत ये है कि जो साधन उन्हीं सच को सच बताने और दिखाने में महत्वपूर्ण है, उसी तरह झूठ का संसार गढ़ने में भी ये तकनीक पूरी तरह से खरी उतरती है, विशेषकर तब जब डीप फेक के रूप में कोई सच्चाई सामने आती हैं, तब सच्चाई को विकृत करने का हथियार बन जाती है।

डीप फेक वीडियो किसी की भी सालों की इमेज को पलक झपकते मिट्टी में मिला सकते हैं। किसी का चेहरा, किसी की आवाज और नकल ऐसी कि सेकेंड के सौवें हिस्से में भी वह कहीं से झूठ न लगे। कही न लगे कि ये सब क्रिएट किया हुआ यानी रचना हुआ सच है। कल्पना कीजिए कोई नेता ऐसा बयान देता हुआ दिखता है, जिसे उसने कभी दिया ही नहीं और एक झटके में वह लाखों-करोड़ों लोगों के





हाथ में मौजूद मोबाइल तक पहुंच जाता है, तो इस झूठ से कैसे पार पाया जा सकता है? शायद यही कारण है कि इन दिनों पहले वायरल, फिर सत्यापन एक तरह से खबरों का क्रम ही बन गया है। जबकि पहले किसी खबर का पहले सत्यापन होता था और फिर वह वारयल होती थी। आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में कोई भी खबर वायरल हो जाती है और जब वह किसी शक्तिशाली व्यक्ति या समूह को टारगेट करती है, तब उसके सत्यापन की बात आती है, लेकिन बाद में भले ये साबित हो जाए कि वो झूठी खबर थी, लेकिन उसका असर जितना होता है, वह हो चुका होता है। इसलिए इस वायरल और सत्यापन के दौर में मीडिया पर लगातार विश्वसनीयता का संकट मंडरा रहा है। एक बार गलत खबर फैल जाए तो बाद में चाहे जितने जोरदार ढंग से खंडन आएं, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि जो बात आम लोगों तक एक बार पहुंच जाती है, अगर वह बात उनके बने-बनाये विश्वास को सच लगती है, तो फिर चाहे कोई जितना खंडन करे, लोग उसे सच ही मानते हैं। शायद यही कारण है कि जबसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता का मीडिया के क्षेत्र में जोरदार इस्तेमाल होना शुरू हुआ है, तबसे मीडिया एक न्यूज इंडस्ट्री में बदल गई है और उसे ऐसा बनाने में एआई का बहुत बड़ा हाथ है।

आज फेक न्यूज कोई छोटी मोटी समस्या नहीं है बल्कि विश्वसनीयता की सबसे बड़ी समस्या है। क्योंकि फेक न्यूज आजकल कोई अकेला शख्स नहीं गढ़ता बल्कि बकायदा इसकी इंडस्ट्री लग चुकी है। एआई टूल्स की मदद से न सिर्फ पलक झपकने की दूरी में टेक्स्ट बल्कि फोटो और वीडियो तक जनरेट किये जाते हैं। नकली इंटरव्यू, फर्जी घटनाओं के असली से लगते वीडियोज, बार-बार बदलते गवाहों के बयान और यहां तक कि नकली न्यूज वेबसाइट्स जिनकी जांच शुरू करने के बाद वे मिनटों में गायब हो जाती हैं। यह सब मिलकर मीडिया की विश्वसनीयता पर घने-घने बादलों का साया पड़ जाता है। यही कारण है कि आज मीडिया, मीडिया के बाहर वालों के लिए नहीं बल्कि मीडिया के अंदर के लोगों के लिए भी फेक न्यूज का संकट, सबसे बड़ा संकट बन गया है। एक जमाना था कि लोग मीडिया में इंटरव्यूज और ग्राउंड रिपोर्टिंग पर सबसे ज्यादा भरोसा करते थे। लेकिन जब से इन दोनो विधाओं में काम करना आसान हुआ है, तब से इतने ज्यादा झूठे इंटरव्यूज और ग्राउंड रिपोर्टें आती हैं कि लोगों का खबरों की दुनिया के इन दो सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों पर से विश्वास उठ गया है। मीडिया पर भरोसे की ये दीवार किसी एक दिन में नहीं गिरी बल्कि धीरे-धीरे, कदम दर कदम गिरी है।

शायद इसलिए क्योंकि विश्वसनीयता का संकट सिर्फ तकनीकी नहीं है बल्कि सामाजिक भी है। आज किसी एक जाति की समस्या को उसी जाति का पत्रकार लिखता या रिपोर्ट करता है, तो उसकी जाति समूह के लोग इस रिपोर्टिंग को अंतिम सच मान बैठते हैं। मतलब यह कि राजनीति की तरह मीडिया में भी जबर्दस्त जातिवाद की घुसपैठ हो गई है। जब बार-बार फेक न्यूज सामने आती है, तो लोग सिर्फ उस चैनल, अखबार या उस वेबसाइट पर ही नहीं बल्कि समूचे मीडिया जगत पर सवाल उठाते हैं। यही कारण है कि भले यह संकट कुछ गिने चुने बड़े संस्थानों की देन हो, लेकिन उसके कारण आज समाज के बीच में पत्रकारिता विशेषकर ग्राउंड रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता बेहद कम हो गई है।

हाल के सालों में एक और ट्रेंड मीडिया को परेशान कर रहा है। लगभग 90 फीसदी से ज्यादा युवा पारंपरिक मीडिया से दूर चले गये हैं। यही नहीं लोग अपनी पसंद के हिसाब से सच्चाई चुनने लगे हैं और न्यूज कंजमशन भी एक तरह का 'इको चैंबर' बन गया है। कहने का मतलब यह कि लोग वही खबरें देखना चाहते हैं, जिस तरह के विचारों से उनके विचार मेल खाते हैं। इस बढ़ते ट्रेंड के कारण पत्रकारिता का मूलभूत उद्देश्य स्पष्ट सूचना देना भी न सिर्फ कमजोर पड़ा है बल्कि अविश्वसनीय हो चला है। ग्राउंड रिपोर्टिंग जो पहले कभी मीडिया यानी पत्रकारिता की जान हुआ करती थी, अब वही ग्राउंड रिपोर्टिंग डिजिटल तकनीकी का भ्रम बनकर रह गई है। हालांकि आज भी मीडिया की असली ताकत वही है, लेकिन डिजिटल मीडिया का शोर इस कदर बढ़ गया है कि इस शोर में ग्राउंड रिपोर्टिंग का भरोसा गुम हो गया है। एआई और डीप फेक के कारण सबसे ज्यादा असर ग्राउंड रिपोर्टिंग पर ही हुआ है। अखबार और चैनल भी अब फील्ड रिपोर्टर्स बहुत कम रखते हैं, ज्यादातर काम स्टूडियो डिबेट्स के जरिये पूरा हो रहा है। यही कारण है कि असली मुद्दे छूट जाते हैं, जो इस इकोसिस्टम पर अपनी ताकतवर पकड़ रखता है, वही मुद्दे भी गढ़ता है और नैरेटिव भी। इसलिए आज इस आधुनिक दौर की पत्रकारिता और मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट इसकी विश्वसनीयता ही है।

## आप की बात

### स्वरोजगार के मौके बढ़ायें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### शहरों में बढ़ते वाहन

महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। यह दो साल पहले का आंकड़ा है लेकिन है चिंताजनक।

**विनोद कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा**। पैलानी थाना क्षेत्र के साड़ी गांव के मझाडेरा के रहने वाले 20 वर्षीय मुकेश निषाद पुत्र जयकरन निषाद कमरे के अंदर पंखे के हुक पर साड़ी से फंदा बनाकर झूल गया। जब पिता ने देखा तो चीख पुकार मच गई। पिता जयकरन निषाद ने बताया कि मेरे चार लड़के व एक लड़की थी। यह चैथे नंबर का लड़का था। घर पर मैं दरवाजे पर लेटा हुआ था। मां बसहेड़या रोटी बना रही थी। इस बीच मौका पाकर फांसी लगा ली है। मृतक के पिता ने बताया कि फांसी का कारण मृतक दिल्ली जाने की जिद कर रहा था। इस पर मैंने कहा कि वहां से गैस न मिलने के कारण वापस आ गए हैं। अभी नहीं जाना है। जब गैस मिलने लगेगी तब सभी लोग दिल्ली चलेंगे। मृतक दिल्ली में पेंटिंग का काम करता था। चैकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घर में लगी आग से पांच लाख की गृहस्थी नष्ट

**बांदा**। जनपद के कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसीवां में बीते दिवस घर में आग लग गई। घरवालों और पड़ोसियों ने आग पर काबू पाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कई घंटों पश्चात किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक आग ने काफी कुछ जलाकर राख कर दिया। कमासिन थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा अपनी टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार घर में आग लगने का कोई कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका। लगभग 4 से 5 लाख तक के नुकसान की बात कही गई। राजस्व निरीक्षक ने भी आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। घर में रहने वाले ज्ञानचन्द्र और रामसजीवन ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी कोई जानकारी नहीं है लेकिन घर में रखा अनाज, भूसा और घर का खपरैल आदि जलकर राख हो गया है।

## शराबी ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

**बांदा**। मर्का थाना क्षेत्र के काजीटोला गांव के कबीरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय जयकरण निषाद पुत्र रामकुमार ने सुबह शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। जैसे ही परिजनों ने देखा तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। डॉक्टर ने देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। मरका थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा अस्पताल संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एक होटल सभागार में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं डीन (प्रो०) डॉ० मयंक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्पताल संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण रोगी सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। विभागाध्यक्ष

**● संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण रोगी सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक: डॉ. शुक्ला**

डा0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि संक्रमण एवं रोकथाम व नियंत्रण स्वास्थ्य सेवाओं का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रोगों के फैलाव को रोकना और मरीजों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा समुदाय को सुरक्षित रखना है। इस सीएमई कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से आए विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवा से संबंधित संक्रमण नियंत्रण कार्यक्रम एवं संक्रमण प्रकोप की जांच, मानक सावधानियां एवं संक्रमण आधारित सावधानियां, डिसइन्फेक्शन एवं एंटीबायोटिक नीति, पर्यावरण निगरानी एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा स्वास्थ्य कर्मियों से संबंधित सुरक्षा एवं टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिससे छात्रों को अपने ज्ञान एवं शोध कार्य प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में चिकित्सकों, रेजिडेंट्स, नर्सिंग स्टाफ एवं तकनीशियनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न सत्रों में सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष प्रो० ;डॉ० मधुरेन्द्र राजपूत, मुख्य आयोजन सचिव डॉ० देश निधि सिंह तथा आयोजन सचिव डॉ० विशाल जैन सहित समस्त आयोजन समिति एवं सहयोगी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम ने अस्पताल संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक एवं मुख्य आयोजक प्रो०; डॉ० मयंक कुमार शुक्ला, सह. डॉ० श्रुति सिंह ;उप.प्रधानाचार्य, संरक्षक डॉ० गजेन्द्र सिंह ;सीएमएस, आयोजन अध्यक्ष प्रो० ;डॉ० मधुरेन्द्र राजपूत, मुख्य आयोजन सचिव डॉ० देशनिधि सिंह तथा आयोजन सचिव डॉ० विशाल जैन का विशेष योगदान रहा। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में डॉ० पूजा गुप्ता, डॉ० शशांत तनेजा, डॉ० केशव निषाद, डॉ० रिया सिंह डॉ० अवनेश सिंह, डॉ० नितिन चोधरी, एवं श्रीमती अपूर्वा त्रिपाठी सहित समस्त आयोजन टीम एवं सलाहकार समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से पधारे विशेषज्ञ वक्ताओं प्रो0/डीन, डा0 आर0 सुजाता (कानपुर), डा0 हरीओम (फिरोजाबाद), डा0 के0पी0 रंजन (ग्वालियर), डा0 नमिता श्रीवास्तव (झांसी), डा0 धर्मेन्द्र राजपूत (इंदौर) एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर से डा0 देशनिधि सिंह, डा0 विशाल जैन, डा0 पूजा गुप्ता द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गया।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से 38 हजार ठगे

**ललितपुर**। जिले में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां इंस्टाग्राम पर नौकरी का झांसा देकर एक युवती के साथ करीब 38 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटरा बाजार निवासी कृपा जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 जनवरी 2026 को वह इंस्टाग्राम चला रही थीं, तभी उन्हें एक प्राइवेट नौकरी से संबंधित विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में टास्क पूरा करने के बदले पैसे मिलने की बात कही गई थी। लिंक पर क्लिक कर उन्होंने अपनी व्यक्तिगत जानकारी भर दी, जिसके बाद उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से पैसे कटने लगे। यहां तक कि उनके परिचितों द्वारा खाते में डाले गए पैसे भी तुरंत निकल जाते थे। इस तरह कुल करीब 38 हजार रुपये की ठगी हो गई। पीड़िता ने बताया कि ठगी के दौरान अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल भी आई थीं। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 61(2) एवं आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## रेलवे स्काउट गाइड ने शुरू किया जल वितरण सेवा शिविर



**बांदा**। उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स झांसी मंडल आजाद स्काउट ग्रुप एवं गार्गी गाइड्स ग्रुप ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर निःशुल्क शीतल जल वितरण सेवा शिविर का शुभारंभ किया। यह सेवा शिविर 18 मई तक लगातार संचालित किया जाएगा। इसमें यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल एवं शरबत उपलब्ध कराया जाएगा।शिविर का उद्घाटन रेलवे मजिस्ट्रेट दिव्यकांत सिंह राठौर ने किया। विशेष अतिथि एडीएसटी रामकृत सिंह यादव, स्टेशन अधीक्षक सुधीर सोहाने, आरपीएफ प्रभारी सुरुचि द्विवेदी, ट्रैफिक निरीक्षक मनोज शिवहरे, रनिंग रूम इंचार्ज मोहित सोनी, बीके अवस्थी, संत तुलसी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक संतकुमार उपस्थित रहे। शिविर का संचालन अमित सोनी, श्यामेन्द्र गुप्ता, शुभम खरे, राजेश कोस्टा, आलोक कुमार, राजीव साहू, रविशंकर गुप्ता, सोनी देवी के निर्देशन में किया गया। शिवानी, आयुष, अरुणा कोस्टा, पीयूष, आयुष पटेल, अभय पटेल, राधिका यादव, रिद्धिमा, अश्मिता, उत्कर्ष वर्मा, काव्या, अरमान, आर्यन पाल, आराध्या त्रिपाठी आर्या, ऋषिद, अनमोल सहित लगभग 25 बच्चे उपस्थित रहे।

## नहर तालाब सूखे प्यास से भटक रहे बेजुबान



**बांदा**। इस वर्ष भीषण गर्मी के चलते तापमान बढ़ता चला जा रहा है जिसका नतीजा पूरे प्रदेश में बांदा सबसे गर्म रहा है। ऐसी भीषण गर्मी होने पर हर किसी का हलक सूख रहा है। बेजुबानों के गले में भी प्यास के कारण फांस पड़ना शुरू है। 20 अप्रैल से ग्रामीण अंचलों के गौशालाओं में बंद गौवंशो को छोड़ा जा रहा है वहीं अब बेजुबान भोजन और पानी की तलाश में खेतों में भटक रहे है। जहां इस वर्ष सिंचाई नहरों में केन, बेतवा लिंक परियोजना के तहत नहरों में मरम्मतीकरण का काम चालू है। इसकी वजह से नहरों में कही भी एक बूंद पानी नहीं है। इसका खामियाजा बेजुबानों को भुगतना पड़ रहा है जो प्यास के मारे दर-दर भटकने को मजबूर है। गर्मी के चलते मवेशियों के साथ ही अन्य पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए शासन तालाबों को भरवा रहा है। लेकिन इस साल नहर नलकूप एवं तालाब सब सूखे पड़े है। ऐसे में हालात है कि बेसहारा पशु-पक्षी प्यास से अपना दम तोड़ देते है।

## भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा



**बांदा**। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय की निदेशिका संध्या कुशवाहा, प्रभारी प्रधानाचार्या कविता वर्मा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक संजय ने विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के जीवन, उनके ज्ञान प्राप्ति, करुणा,

**● शिक्षकों ने दिया अप्प दीपो भव का संदेश**

अहिंसा, सत्य, मध्यम मार्ग तथा मानवता के संदेश के बारे में बताया। कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी समाज को शांति, संयम और सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। विद्यार्थियों को बताया गया कि बुद्ध का जीवन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मचिंतन और मानवीय मूल्यों का प्रेरणास्रोत है।

विद्यालय परिवार ने भगवान बुद्ध के संदेश अप्प दीपो भव अर्थात स्वयं अपने जीवन का प्रकाश बनो को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय परिवार ने समाज और राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि परिश्रम, समर्पण और ईमानदारी ही प्रगति की वास्तविक नींव हैं। बुद्धं शरणं गच्छामि उदघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# संगठन को सुदृढ़ करने का माध्यम है कार्यकर्ता प्रशिक्षणःएमएलसी



जिला संवाददाता

**बांदा**। भाजपा के संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी एवं एमएलसी अविनाश सिंह चैहान ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन की विचार धारा, कार्य प्रणाली एवं आगामी रणनीति को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। प्रशिक्षण पार्टी की राजनीतिक अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का माध्यम है। भाजपा में पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारो की व्यापकता के लिए कार्यकर्ता काम करता है। भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि व्यक्ति की भावना के साथ काम करने वाली संवेदनशील पार्टी है। भाजपा का विचार सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को गढ़ने का काम किया जाता है। भाजपा में कार्यकर्ता और संगठन सर्वोपरि है। कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है। चाहे पुराने हो या नए हो उनकी सीखने की लगन और समर्पण ही उनकी पहचान है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि जिले के चारों विधान सभाओं के सभी 16 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलता पूर्वक संपन्न हो चुके है। अब जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आगामी 20 व 21 मई को आयोजित किया जाना है। जिलास्तरीय वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ भाग लेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री निखिल सक्सेना ने किया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, मालती बासु, संगीता निराला, उत्तम सक्सेना, आनंदी साहू, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, अजय सिंह पटेल, दुर्गा चैरसिया, सुधीर कुशवाहा, अयोध्या सिंह पटेल, राजेश गुप्ता, अमित सेठ भोलू, विवेकानंद गुप्ता, दिलीप तिवारी, पंकज रैकवार आदि मौजूद रहे।

## दो माह के लिए हनुमान मंदिर में शुरू हुआ मेला



**बांदा**। नरैनी तहसील में स्थित बागे नदी के किनारे सुप्रसिद्ध प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में बैशाख पूर्णिमा से जेष्ठ पूर्णिमा तक लगने वाला मेला इस वर्ष अधिमास मलमास के कारण दो माह के लिए प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पहुंच कर दर्शन किए मंदिर सीमित ने द्वारा साफ सफाई, पार्किंग की निःशुल्क व्यवस्था की है।

नरैनी तहसील मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कालिंजर रोड में बागेन नदी के किनारे गुढ़ा ग्राम पंचायत के मजरा हनुमान जी के पुरवा में हनुमान जी महाराज की प्राचीन प्रतिमा है। यहां प्रतिवर्ष बैशाख की पूर्णिमा से जेष्ठ पूर्णिमा तक एक माह का विशाल मेला आयोजित होता है। इस मेले की देखरेख सिद्ध पीठ हनुमान जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा किया जाता है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अशोक राजपूत ने बताया कि यह मंदिर बहुत ही पुराना है। यहां पर भक्त चने की दाल और गुड़ का लड्डू चढ़ाते हैं। यही लकड़ी और कंडो की आग से देशी घी की पूड़ी बना कर चढ़ाते हैं। जिसे रामरोट कहा जाता है।

## डीएम की अनूठी पहल, निःशुल्क शीतल पेयजल व्यवस्था शुरू



**बांदा**। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने एक अनूठी पहल की है। कचहरी चैराहे पुल के नीचे निःशुल्क एवं शीतल पेयजल की छबीली व्यवस्था जिला प्रशासन, गुरुद्वारा कमेटी, नगर पालिका के सहयोग से की गई है। निःशुल्क शीतल पेयजल एवं छबीली व्यवस्था का शुभारंभ जिला अधिकारी अमित आसेरी ने किया। लोगों को शरबत एवं चने का का वितरण अपने किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान में वृद्धि से बचाव हेतु लोगों से अपील की जाती है कि ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में भी इस तरह की व्यवस्था करने में लोग सहयोग करें। जिला प्रशासन उनका पूर्ण रूप से सहयोग करेगा। स्वयंसेवी संस्थाओं से भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया है। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि दोपहर में आम लोगों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध हो एवं तपती धूप से उनका बचाव हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन सट्टा और जुए पर पुलिस का शिकंजा

**ललितपुर**। जिले में जुआ और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी,

**● दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 5 आरोपी गिरफ्तार**

ताश के पत्ते और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पहली कार्रवाई कोतवाली क्षेत्र में की गई, जहां सदर चैकी इंचार्ज उपनिरीक्षक प्रशांत राणा की टीम ने कटरा बाजार स्थित काली माता मंदिर के पास छापा मारकर एक व्यक्ति को ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहल्ला सदनशाह निवासी मुबीन खान पुत्र अब्दुल अजिम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक स्मार्टफोन और 400 रुपये नगद बरामद किए। जांच में मोबाइल पर ऑनलाइन साइट के माध्यम से क्रिकेट मैच पर हजारों रुपये का सट्टा लगाने के साक्ष्य मिले। आरोपी ने पूछताछ में अधिक पैसा कमाने के लालच में सट्टा खेलने की बात कबूल की। वहीं दूसरी कार्रवाई थाना जखौरा क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर खटाखेरा घाट के पास छापा मारकर ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में बृजराज, अनुज कुमार, रूप सिंह और सुरेंद्र शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और कुल 3430 रुपये नगद बरामद किए। सभी आरोपी मोहल्ला जखौरा के निवासी बताए गए हैं। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध बसों के रोक की मांग

अयोध्या। मजदूर दिवस पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले अयोध्या डिपो में शुक्रवार को कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण धरना दिया। शाखा अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अवैध बस संचालन पर रोक, ई-बसों के घाटे की भरपाई और समान यात्री कर लागू करने की मांग उठाई।

# 11 कुंतल गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 1.100 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 55 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में तथा एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्र के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना बार पुलिस टीम ने लडवारी तिराहा से रमपुरा कठवर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना बार के ग्राम देवरान निवासी देवेन्द्र उर्फ संजू राजपूत (उम्र करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पास से 1.100 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना बार पर मु.अ.सं. 89/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मान सिंह, उपनिरीक्षक सोनू कुमार, कांस्टेबल नंदलाल एवं कांस्टेबल संदीप कुमार पाल की प्रमुख भूमिका रही।

## लोडिंग टैक्सी ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विरारी स्थित मामा-भांजा पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक लोडिंग टैक्सी ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक 21 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना बानपुर के ग्राम खिरिया छतारा निवासी अभिराज बुन्देला अपने चचेरे भाई संजय के साथ मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.एल. 9536) पर सवार होकर ललितपुर से टीकमगढ़ जा रहे थे। जैसे ही वह विरारी गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही लोडिंग टैक्सी (यू.पी. 93 सी.टी. 2073) के चालक ने वाहन को लापरवाही और गलत साइड से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अभिराज की मौके पर ही जान चली गई। वहीं संजय को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक के पिता अमरेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) 106 और 324(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# श्रमिकों को मिला योजनाओं का लाभ

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, श्रमिक पंजीयन के नवीनीकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस

**● स्वास्थ्य परीक्षण व पंजीयन नवीनीकरण हुआ**

दौरान 30 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं चंद्रशेखर पंथ उपस्थित रहे। कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने श्रमिकों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। सरकार द्वारा हाईटेक लेबर अडडा के निर्माण का आश्वासन दिया जिसमें श्रमिकों को ठहरने बैठने व स्वच्छ पानी आदि की व्यवस्था रहेगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने नए श्रम कानून व विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने श्रमिकों को पंजीयन कराने और समय-समय पर नवीनीकरण कराने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान एसडीएम भूपेंद्र सिंह, कमलेश सराफ, सुरेश जैन, प्रदीप कुमार, मु.जुनेद, रामप्रताप सिंह, कुलदीप गुप्ता, विकास नरवरिया, चंदन सिंह, शोभाराम, मनोज पाठक, राजेश कुमार, राहुल, धीरज, रामबती और अभिलाषा उपस्थित रहे। इसके अलावा असंगठित कर्मकार मजदूर यूनियन अध्यक्ष अमित प्रजापति, महामंत्री महेंद्र झा, कोषाध्यक्ष महेंद्र, उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजा, देवेंद्र साहू, कार्यालय मंत्री आमिर खान, प्रचार मंत्री रूपेश साहू, संगठन मंत्री सुरेंद्र साहू, केपी सिंह एवं प्यारे राजा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# भक्ति के सागर में डूबा प्यासा गांव, 151 गांवों की प्रभात फेरियों से बना लघु वृंदावन

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। तहसील मडावरा के ग्राम प्यासा में अध्यात्म, श्रद्धा और आत्मीयता का अनूठा संगम देखने को मिला। पञ्च कुंडीय महायज्ञ और सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की

**● पञ्च कुंडीय महायज्ञ और सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की पूणार्हुति में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

पूणार्हुति के बाद, शुक्रवार को यहाँ 151 गाँवों का विशाल प्रभात फेरी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान पूरा गाँव राधे-राधे और रामधुन की गूँज से सराबोर होकर साक्षात वृंदावन धाम में परिवर्तित नजर आया। सुबह से ही विभिन्न गाँवों से टोलियों का आगमन शुरू हो गया था। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई इस परिक्रमा में हजारों धर्मप्रेमी शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर कलश सजाकर प्रभात फेरी का स्वागत किया। भक्ति के मार्ग पर चल रहे श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणों ने पलक-पावड़े बिछा दिए। जगह-जगह जलपान, फलाहार और शीतल जूस की व्यवस्था की गई थी, जिससे गाँव की सेवा भावना देखते ही बन रही थी। परिक्रमा के समापन के पश्चात विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर श्री साकेत बिहारी सेवा समिति द्वारा पधारे हुए अतिथियों और टोलियों का विशेष सम्मान किया गया। समिति ने स्मृति चिन्ह, नारियल और सम्मान पत्र भेंट कर सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्यासा गाँव की माटी भक्ति के रंग में रंगी है। 151 गाँवों का एक साथ जुटना और रामधुन की गूँज ने यह सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा से बड़ा कोई उत्सव नहीं है। इस



अलौकिक दृश्य को देखने के लिए दूर-दराज के इलाकों से भी भारी संख्या में लोग पहुँचे। बाहरी मेहमानों का भी ग्रामीणों ने अपनी परंपरा के अनुरूप बखूबी स्वागत-सत्कार किया। भक्ति भाव में लीन श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे क्षेत्र में एक नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर दिया है। इस दौरान कथावाचक राजेश द्विवेदी, ग्राम प्रधान बालकिशन पटेल, दशरथ लम्बरदार, जानकी प्रसाद, सुमरन लम्बरदार, करन लम्बरदार, डॉ. कमलेश पटेल, रामरतन पटेल, दिनेश पटेल, लखन लाल, महेंद्र पटेल, सहदेव पटेल, अंगद पटेल, सुजान पटेल, नीलेश प्यासा, सुनील पटेल, महेश पटेल, देवेंद्र पटेल, शिवप्रसाद पटेल, मुकेश पटेल, देशराज, राजू पटेल, राहुल पटेल, रोहित पटेल, संजू पटेल, गोलू पटेल, अनुज पटेल, रावसाहब पटेल, भाईसाहब पटेल, नारायण पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
CIN: U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन-5, गोमती बैराज, बायां तट, गोमती नगर लखनऊ-226010
ई-मेल: gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org
दूरभाष: 0522-3180555

पत्र सं.:- 37/पी.सी.एल./महा०प्र०/जोन-5/T-10 दिनॉंक: 30/04/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

जनपद बांदा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संयुक्त निदेशक के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं० 10/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 30/04/2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 07/05/2026 से दिनांक 12/05/2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट https://upprojects.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन-5
लखनऊ

## संक्षेप

### निसान मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री में वृद्धि दर्ज

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज जानकारी दी कि अप्रैल, 2026 में घरेलू बिक्री में 75 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है और नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरूआत की है। कंपनी ने अप्रैल में कुल 5,388 कारों की बिक्री की। इसमें घरेलू बाजार में 3,203 यूनिट्स और निर्यात बाजार में 2,185 यूनिट्स की बिक्री शामिल है। इस प्रदर्शन ने निसान के सतत विकास को मजबूती दी है और भारत के ऑटोमोटिव मार्केट में कंपनी की मौजूदगी को बढ़ाया है। अप्रैल में निसान के बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ग्राहकों की जबर्दस्त रुचि देखने को मिली। ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया से इसे मजबूती मिली है। अपनी शुरुआत से ही कंपनी के प्रदर्शन में ग्रेवाइट ने सार्थक भूमिका निभाई है। अपनी 7-सीट मॉड्यूलैरिटी, कम्फर्ट और रोजाना के इस्तेमाल में आरामदायक होने जैसी खूबियों से इसने ग्राहकों को लुभाया है। साथ ही नई निसान मैग्नाइट ब्रांड के लिए प्रमुख स्तंभ बनी हुई है। इससे प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में निसान की स्थिति और मजबूत हुई है। नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत से हम उत्साहित हैं।

### स्कोडा ऑटो इंडिया की सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर से साझेदारी

मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने गैर-महानगरीय और अर्ध-शहरी भारत में अपनी पहुंच के विस्तार के लिए कॉमन सर्विसेज सेंटर (सीएससी) ग्रामीण ई-स्टोर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के माध्यम से, स्कोडा ऑटो इंडिया उन चुनिंदा प्रीमियम ऑटोमोबाइल ब्रांड्स में शामिल हो गई है, जो सीएससी के व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए देश के नए और उभरते क्षेत्रों में ग्राहकों को काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे मॉडलों की पेशकश करेगी। स्कोडा ऑटो इंडिया में हमारी विकास यात्रा का आधार पहुंच बढ़ाने और नये बाजारों में अपनी प्रासंगिकता स्थापित करने पर आधारित है। सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ हमारी साझेदारी हमें विश्वसनीय स्थानीय नेटवर्क की ताकत को हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो को जोड़ते हुए पहुंच की खाई को पाटने में सक्षम बनाती है, ताकि भारतीय ग्राहकों के लिए प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाया जा सके।

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानें होंगी शुरू

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनआईए) 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। एनआईए ने शुक्रवार को यह घोषणा की। हवाई अड्डा संचालक के बयान के अनुसार, पहली यात्री उड़ान का संचालन इंडिगो करेगी, जिसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी जल्द परिचालन शुरू करेंगी। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मंजूरी से यह पुष्टि होती है कि हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रणाली, ढांचा और परिचालन प्रक्रियाएं वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने से पहले नियामकीय मानकों के अनुरूप हैं। कंपनी ने कहा कि उड़ानों के समय, गंतव्यों और यात्री सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द जारी की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए विकसित इस हवाई अड्डे में आधुनिक टर्मिनल बुनियादी ढांचा और कुशल परिचालन की व्यवस्था की गई है। हवाई अड्डे का उद्देश्य यात्रियों को निर्बाध अनुभव प्रदान करना है, साथ ही एयरलाइन कंपनियों को लागत-कुशल और भरोसेमंद परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारियों के अनुसार, वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक वृद्धि, व्यापार, पर्यटन तथा निवेश को समर्थन मिलेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रमुख घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ेगा। वर्तमान में यहां एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल है, जिसकी वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। दीर्घकालिक मास्टर प्लान के तहत रियायत अवधि में चरणबद्ध तरीके से इसकी क्षमता बढ़ाकर सात करोड़ से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने की योजना है।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से अप्रैल में 60847 करोड़ रुपये निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की।

भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता का प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ 2026 के पहले चार महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कुल निकासी 1.92 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है जो समूचे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदें कम हुईं और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे बने रहे, जिसका असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ा। अप्रैल की निकासी को अमेरिका-ईरान तनाव के कारण जोखिम से बचने की सामान्य प्रतिक्रिया करार दिया। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने, रुपये के कमजोर होने और महंगाई व चालू खाता घाटे की चिंताओं के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। यदि ईरान में युद्धविराम कायम रहता है और डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर से स्थिर हो सकता है।

उन्होंने हालांकि आगाह किया दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव या अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल 4.5 प्रतिशत से ऊपर जाने जैसी स्थितियां फिर से बिकवाली को बढ़ा सकती हैं।

# देश में कुल बिजली खपत अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़कर 154 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। देश में बिजली खपत अप्रैल में 4.04 प्रतिशत बढ़कर 153.99 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। पिछले महीने असामान्य बारिश के कारण बिजली मांग कम रहने के बावजूद खपत बढ़ी है। पिछले आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। अप्रैल 2025 में देश की कुल बिजली खपत 148.01 अरब यूनिट थी। तापमान बढ़ने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण महीने के अंत में बिजली मांग में तेजी आई।

अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति) बढ़कर पिछले महीने 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो अप्रैल 2025 में 235.32 गीगावाट थी। इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग करीब 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 2026 की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के इस वर्ष भीषण गर्मी के अनुमान के अनुरूप मई के बाद तापमान बढ़ने और लू चलने से एयर कंडीशनर तथा कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल के पहले पखवाड़े में असामान्य बारिश के कारण तापमान में वृद्धि पर अंकुश रहा जिससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग अपेक्षा से कम रहा। मई में देशभर में लू की स्थिति बनी रहेगी और जून में मानसून के केरल तट पर पहुंचने के बाद ही इसमें कमी आएगी। सामान्यतः मानसून हर वर्ष एक जून को केरल तट पर पहुंचता है।

## शाह ने करगिल में 10 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की आधारशिला रखी

लेह/जम्मू। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी।

मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से (हिमाचल प्रदेश प्रशासन के जरिये) उपलब्ध कराई जा रही है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं



नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चार साल से खुदरा कीमतें स्थिर रहने से बढ़ते घाटे के बीच सरकारी सूत्रों ने निकट भविष्य में पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि बदले हुए हालात में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें हल्की गिरावट आई है, फिर भी कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेलवाहक जहाजों की आवाजाही पर असर और ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण स्थिति अनिश्चित बनी हुई है। इससे पहले इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने पेट्रोलियम उद्योग की तरफ से जारी एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक डीजल, पांच किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को बेचे जाने वाले विमान ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाए हैं। विश्लेषकों ने पहले यह आशंका जताई थी कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतदान 29 अप्रैल को समाप्त होने के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 रुपये से लेकर 28 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर है। अमेरिका एवं इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और इसके जवाब में ईरान की कार्वाई के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में उथल-पुथल का दौर चल रहा है। इस घटनाक्रम के कारण वैश्विक तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा संभालने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित हुई है। पिछले सप्ताह पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि खुदरा कीमतें लगभग चार साल से स्थिर रहने से सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। हालांकि, उस समय कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं बताई गई थी। पिछले वर्ष कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस महीने 114 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही हैं।

# निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा गुजरात: मुख्यमंत्री पटेल



सूरत। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को सूरत में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य निवेश के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

पटेल ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि पिछले दो दशकों में गुजरात ने बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी चुनौतियों को पार करते हुए संतुलित विकास का मॉडल स्थापित किया है। ज्योतिग्राम योजना से 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई, जबकि नर्मदा का पानी कच्छ जैसे शुष्क क्षेत्रों तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि गुजरात आज देश के कुल मालवहन का 40 प्रतिशत संभाल रहा है और उसकी लंबी समुद्री तटरेखा आर्थिक समृद्धि का द्वार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन ने राज्य को निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 24 वर्षों में गुजरात ने कुल 68.9 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है और देश के औद्योगिक उत्पादन में 18 प्रतिशत योगदान दे रहा है। राज्य का कर राजस्व 2001 के 9,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि बिजली उत्पादन क्षमता 53,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पटेल ने बताया कि इस सम्मेलन के तहत विभिन्न क्षेत्रों की ताकत के आधार पर निवेश अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पहले आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों में नौ लाख करोड़ रुपये के लगभग 6,800 समझौते हुए हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और सी आर पाटिल भी मौजूद थे।

# आईपीआर पर अमेरिका की प्राथमिकता निगरानी सूची में भारत बरकरार, वियतनाम पर सबसे कड़ी नजर

वॉशिंगटन। अमेरिका ने भारत को चीन और रूस सहित छह देशों के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण और प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता निगरानी सूची में बरकरार रखा है।

संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2026 की विशेष 301 रिपोर्ट में वियतनाम को प्राथमिक विदेशी देश (पीएफसी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह 13 वर्ष में पहली बार है जब किसी देश को इस श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह श्रेणी उन देशों के लिए होती है जिनकी नीतियां और प्रथाएं अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इसमें कहा गया कि वियतनाम बौद्धिक संपदा अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रगति नहीं कर रहा है और न ही वह प्रभावी वार्ताओं में पर्याप्त सहयोग कर रहा है।

प्राथमिकता निगरानी सूची में शामिल छह देश चीन, भारत, इंडोनेशिया, चिली, रूस और वेनेजुएला हैं। किसी देश को प्राथमिकता निगरानी सूची या निगरानी सूची में रखने का मतलब है कि वहां बौद्धिक संपदा संरक्षण, प्रवर्तन या बाजार पहुंच से जुड़े गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ, तुर्किये और पाकिस्तान सहित 19 देशों को निगरानी सूची में रखा गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने कहा कि अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए हमारे सभी प्रवर्तन साधनों का उपयोग करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका वियतनाम के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत जांच शुरू करने पर 30 दिन के भीतर फैसला करेगा। अगर जांच शुरू होती है तो वियतनाम के साथ बातचीत कर मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी। यह विशेष 301 रिपोर्ट अमेरिका द्वारा हर साल जारी की जाती है जिसमें 100 से अधिक व्यापारिक साझेदार देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का आकलन किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया, बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।

## पेज एक का शेष

### बंगाल में

लड़ने वाले शुभेंदु ने कहा वह (ममता) जो कर रही हैं वह ड्रामेबाजी से कम नहीं है। वह वॉशरूम जैसी सुविधाओं से लैस गाड़ी में मतगणना केंद्र पहुंचीं और वहां चार घंटे तक रहीं। अगर वह परिणाम बदलना भी चाहती हैं, तो ऐसा कभी नहीं होगा। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी चार मई तक मतगणना केंद्र पर रुकना चाहती थीं।

निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक, मगराहाट पश्चिम के 11 मतदेय स्थलों और डायमंड हार्बर के चार मतदेय स्थलों पर पुनर्मतदान के आदेश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, पुनर्मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। मगराहाट पश्चिम और डारमंड हार्बर में 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत वोट डाले गए थे। आदेश के मुताबिक, पुनर्मतदान का आदेश दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से मिली रिपोर्ट के आधार पर तथा भौतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दिया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के प्रतिनिधित्व वाले डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र की दोनों विधानसभा सीट के कुछ मतदान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर चुनावी कदाचार का आरोप लगाया था। निर्वाचन आयोग ने आरोपों की जांच के लिए अपने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को नियुक्त किया था।

### कामर्शियल

रसोई गैस सिलेंडर (जिसे घरेलू एलपीजी कहा जाता है) की 913 रुपये की कीमत से थोड़ा ही कम रह गई है। इसके अलावा, दूरसंचार सिग्नल टावर जैसे औद्योगिक उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले थोक डीजल की कीमत लगभग 137 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 149 रुपये प्रति लीटर से अधिक कर दी गई। यह कीमत पेट्रोल पंप पर उपलब्ध 87.62 रुपये प्रति लीटर डीजल की तुलना में अधिक है। घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर पर स्थिर रखी गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने विमानन कंपनियों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि को स्वयं वहन करने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए दरें एक अप्रैल को दोगुनी से अधिक 1,435.31 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दी गई थी।

### 4 साल से

हरदीप सिंह पुरी ने सूरत में आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता, युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बावजूद, भारत ने 4 साल और 60 दिनों से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उन्होंने पड़ोसी देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ईंधन की कीमतों में 39 से 66 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि हुई है और उन्हें किल्लत व राशनिंग जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार ने घबराहट में कोई नीतिगत फैसला नहीं लिया और पूरी तरह से आर्थिक स्थिरता बनाए रखी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल और भू-राजनीतिक तनाव के बाद, भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द ही बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि लगभग चार साल से खुदरा कीमतों पर लगी रोक के कारण तेल कंपनियों को हो रहे भारी घाटे को देखते हुए निकट भविष्य में कीमतों में इजाफा होने की पूरी संभावना है।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं थीं। हालांकि बाद में इनमें थोड़ी नरमी आई, लेकिन यह 110 डॉलर प्रति बैरल के पार बनी हुई हैं। इस उछाल का प्रमुख कारण 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किया गया हमला और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्रवाई है, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है।

### नये भारत

सुनिश्चित किया जाए कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों, विशेषकर जिन उद्योगों में 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, को उचित मजदूरी मिले। साथ ही, बीमा कंपनियों और उद्यमियों से बातचीत कर यह व्यवस्था की जा रही है कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये सालाना का स्वास्थ्य बीमा कवर निःशुल्क उपलब्ध हो सके, जिसमें वे किसी भी इंपैनल्ड अस्पताल में उपचार करा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारी कभी भी आ सकती है। ऐसे में श्रमिक और उसके परिवार को किसी प्रकार की सुरक्षा की गारंटी नहीं होती थी। अब हम नए वेज बोर्ड में इसकी व्यवस्था करने जा रहे हैं। बीमा कंपनियां, श्रम एवं सेवायोजन विभाग और उद्यमी मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध हो। जिस प्रकार हमने यूपी बीओसीडब्ल्यू बोर्ड से जुड़े निर्माण श्रमिकों और खेतिहर मजदूरों को यह सुरक्षा कवर दिया है, ठीक उसी प्रकार अब औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी। यह एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा होगी। हम सभी श्रमिकों को इस बीमा कवर से जोड़ने का काम करेंगे।

### पेयजल, सिंचाई

रखने के निर्देश दिए और कहा कि आवश्यक जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और डीजीपी को उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और जल संरक्षण को गति देने के लिए 30 मई तक नहरों, तालाबों एवं पोखरों की डी-सिल्टिंग पूर्ण कराने को कहा। साथ ही तालाबों से निकली मिट्टी प्रजापति समाज एवं पारंपरिक कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में जिलाधिकारियों की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राहत कार्यों के साथ आजीविका के अवसर भी सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी पेयजल की कमी नहीं होनी चाहिए। पाइप्ड पेयजल योजनाओं के साथ वैकल्पिक व्यवस्थाएं, जैसे टैंकर आदि, पूरी तरह तैयार रखी जाएं। वन विभाग को अभ्यारण्यों एवं पक्षी विहारों में वन्यजीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में जल, चारा एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सभी नलकूपों को क्रियाशील रखने, समय से मरम्मत सुनिश्चित करने तथा सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जल के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में जल की कमी न हो और दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। फसल सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने नुकसान की स्थिति में समयबद्ध आकलन एवं क्लेम निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने हीट स्ट्रोक, लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, पशुधन की सुरक्षा के लिए निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में पेयजल उपलब्ध कराने और पशु चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण रखने पर भी उन्होंने बल दिया। अर्ली वेदर वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए मौसम संबंधी सूचनाएं समय पर आमजन एवं किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### गंगा एक्सप्रेस-वे

बिना टोल के यात्रा करने का अवसर लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू कराएगा। यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जन विश्वास को भी मजबूत करेगी।

गंगा एक्सप्रेसवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, परिचालन (डीबीएफओटी-टोल) मॉडल पर विकसित किया गया है। इसके तहत परियोजना तैयार करने वाली कंपनियों को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है। हालांकि, 15 दिन की इस टोल छूट से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार अथवा यूपीडा द्वारा समझौता प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

### समझौता करने

उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है, उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी के परिणामस्वरूप ईरानी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। उन्होंने कहा उन्हें तेल से कोई मुनाफा नहीं मिल रहा है। ट्रंप ने कहा ईरान समझौता करने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। उन्होंने कहा मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बार फिर दोहराया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध सहित आठ युद्धों को रोका है।

### कोर्ट ने खारिज

कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कथित तौर पर कहा था कि हम भाजपा, आरएसएस और भारत सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस टिप्पणी से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत हुईं क्योंकि राहुल गांधी की टिप्पणी देशद्रोह के समान है जो देश को अस्थिर करने की मंशा से जानबूझकर की गई।

### धार्मिक पर्यटन

की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री धामी ने आश्रम परिसर में स्थापित विशाल श्रीयंत्र को आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की गहराई को प्रदर्शित करता है तथा श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है।

### ग्लोबल वार्मिंग

कर चुके हैं। अमन का कहना है कि सीएम योगी के नेतृत्व में पर्यावरण को लेकर जितने कार्य किए जा रहे हैं, उतना पहले कभी नहीं किए गये। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि जब किसी अभियान में भावनात्मक जुड़ाव होता है, तभी वह लंबे समय तक असर छोड़ता है। यूपी ने इसे कर दिखाया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच उत्तर प्रदेश का यह मॉडल दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। ब्रिक्स देशों के युवाओं की सराहना ने इस अभियान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दी है। उत्तर प्रदेश की यह पहल अन्य देशों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

### आउटसोर्स

छुट्टियों के नियमों में व्यापक सुधार किया गया है। प्रति वर्ष 10 दिन का आकस्मिक अवकाश, 6 माह की सेवा पूर्ण होने पर 15 दिन की बीमारी की छुट्टी, प्रति वर्ष 15 दिन (अगले वर्ष के लिए संचय/कैरी फारवर्ड की सुविधा के साथ) अर्जित अवकाश, महिला कर्मियों के लिए मैटरनिटी लीव के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।




# राजस्थान ने दिल्ली को दिया 226 रन का लक्ष्य

## टॉस जीतकर चुनीपहले बल्लेबाजी, रियान पराग ने सर्वाधिक 90 रन बनाये

एजेंसी




जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 226 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में दो विकेट पर 225 रन बनाए। उनके लिए रियान पराग ने सर्वाधिक 90 रनों की पारी खेली। वहीं, डोनोवन फरेरा ने 14 गेंदों में दो चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए। शुक्रवार को आईपीएल 2026 का 43वां मुकाबला जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में दिल्ली की नजरें लगातार तीन हार के बाद जीत की पटरी पर लौटने पर होंगी। वहीं, राजस्थान यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल करना चाहेगी। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी है।

राजस्थान ने तीन विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। रियान पराग 45 गेंदों में 77 और रवींद्र जडेजा 10 गेंदों में 14 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। राजस्थान को तीसरा झटका अक्षर पटेल ने 12वें ओवर में दिया। उन्होंने ध्रुव जुरेल को अपना शिकार बनाया। वह 30 गेंदों में 42 रन बनाकर लौटे। तीसरे विकेट के लिए जुरेल ने कप्तान पराग के साथ 102 रनों की साझेदारी निभाई। अब बल्लेबाजी के लिए रवींद्र जडेजा आए हैं।

राजस्थान के कप्तान रियान पराग आज फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस सीजन 10वें आईपीएल मैच में पहला अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 32 गेंदों का सहारा लिया। फिलहाल वह ध्रुव जुरेल के साथ 80 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। पावरप्ले समाप्त हो चुका है और राजस्थान ने छह विकेट पर 56 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल और रियान पराग क्रीज पर हैं। राजस्थान को दूसरा झटका काइल जैमीसन ने पारी के दूसरे ओवर में दिया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी को बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना पाए। अब ध्रुव जुरेल का साथ देने रियान पराग आए हैं। राजस्थान को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर मिचेल स्टार्क ने दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को अपना शिकार बनाया, जिन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा था। अब वैभव का साथ देने ध्रुव जुरेल आए हैं। राजस्थान की पारी शुरू हो चुकी है। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर मौजूद हैं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

राजस्थान रॉयल्सः यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, शुभम दुबे, जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा। **इम्पैक्ट खिलाड़ीः** एडम मिल्ने, दसुन शनाका, रवि सिंह, यशराज पुंजा, तुषार देशपांडे। **दिल्ली कैपिटल्सः** केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, नीतीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, काइल जैमीसन, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, टी नटराजन। **इम्पैक्ट खिलाड़ीः** डेविड मिलर, विपराज निगम, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, आकिब नबी डार।

# भारत ने अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया



नयी दिल्ली। कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के चार गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया।

भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इत्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है। भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने टीम के प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम की प्रगति की सराहना की। मकाऊ के खिलाफ जीत इस युवा भारतीय टीम की दृढ़ता का मजबूत संकेत है। टीम ने तीनों पीरियड में शानदार खेल का प्रदर्शन करके नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत से न केवल उनके कौशल, बल्कि बढ़ती परिपक्वता और आत्मविश्वास का भी पता चलता है। इस टूर्नामेंट में किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, मकाऊ (चीन) और भारत की आइस हॉकी टीमें भाग ले रही हैं।

## इस साल के आखिर में टेनिस को अलविदा कह देंगे केई निशिकोरी

तोक्यो। विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने गुरुवार को कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। जापान के 36 वर्षीय निशिकोरी दाहिने कंधे में दर्द के कारण जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले कई वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले साल यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाए थे। निशिकोरी ने 2007 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की तथा वह 2014 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इस तरह से वह किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने थे। फाइनल में उन्हें क्रोएशिया के मारिन सिलिच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। निशिकोरी ने 2016 में रियो ओलंपिक में राफेल नडाल को तीन सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता था। निशिकोरी ने अपनी फिटनेस का जिक्र करते हुए एक्स पर कहा, मैं मुश्किल से खेल में बना हुआ हूं। अब तक के सभी पलों को याद करते हुए मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैंने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया। मैं अपने करियर से वास्तव में खुश हूं।

**संक्षेप**

## महिला वनडे रैंकिंग इंग्लैंड ने भारत पर अपनी बढ़त बढ़ायी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है और चार अंक की बढ़त से दूसरे स्थान पर है जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम इस सूची में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 163 रैंकिंग अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ अपना पहला वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम ने तब से तीन वनडे खेले हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इंग्लैंड ने भारत पर अपनी बढ़त एक अंक से बढ़ाकर चार अंक कर ली है और वह 128 अंकों पर है। भारत (124), दक्षिण अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93) और श्रीलंका (89) अन्य टीमें हैं जिन्होंने अपनी स्थिति बरकरार रखी है। पिछली रैंकिंग में भारत के पास 125 अंक थे जो इंग्लैंड के 126 अंक से महज एक कम था। वहीं चार अंकों की गिरावट के बावजूद ऑस्ट्रेलिया रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। श्रीलंका को अपडेट के बाद छह अंकों का फायदा हुआ है जिससे न्यूजीलैंड के साथ उसका अंतर 13 से घटकर चार हो गया है जबकि बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पीछे छोड़कर सातवां स्थान हासिल कर लिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, थाईलैंड और नीदरलैंड फिलहाल तालिका से बाहर हो गए हैं, क्योंकि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में जरूरी आठ वनडे नहीं खेले हैं। अपनी रैंकिंग वापस पाने के लिए थाईलैंड को एक और वनडे और नीदरलैंड को दो और वनडे खेलने होंगे।

## धोनी की तरह पांच आईपीएल खिताब जीतना चाहता हूंः राहुल

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्पष्ट किया कि खिताब के बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों का कोई महत्व नहीं है और कहा कि उनकी दिली इच्छा महेंद्र सिंह धोनी के पांच आईपीएल खिताब की बराबरी करना है। आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हाल में धोनी से आगे निकलने वाले राहुल ने इस उपलब्धि को कम करके आंका और टीम को प्राथमिकता देने वाले अपने दृष्टिकोण को दोहराया। राहुल ने जिओस्टार से कहा, मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी। उन्होंने कहा, क्रिकेट एक टीम खेल है। आप ट्रॉफी जीतना चाहते हैं।


# टी20 मुंबई महिला लीग के लिए सयाली, साइमा और हुमैरा को आइकन प्लेयर चुना गया



मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शुक्रवार को सयाली सतघरे, साइमा ठाकुर और हुमैरा काजी को पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए आइकन प्लेयर घोषित किया।

सयाली सोबो मुंबई फाल्कन्स का प्रतिनिधित्व करेंगी जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशः ठाणे स्काई राइजर्स और आकाश टाइगर्स के लिए खेलेंगी। सयाली और साइमा दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आएंगी। वहीं हुमैरा घरेलू क्रिकेट और भारत ए टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, आइकन खिलाड़ियों का चयन पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है जो प्रतिभाओं को निखारेगा, घरेलू क्रिकेट के ढांचे को मजबूत करेगा और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान देगा। इस बीच टी20 मुंबई लीग और टी20 मुंबई महिला लीग दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार को आयोजित की जाएगी। अंतिम छंटनी से पहले कुल 2,411 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है जिनमें 2,048 पुरुष और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। महिला लीग की टीम में 16 से 18 खिलाड़ी जबकि पुरुषों की टीमों में 18 से 20 खिलाड़ी शामिल होंगे।

# व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम के लक्ष्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता हूंः भुवनेश्वर



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है।

यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा, लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। टीम प्रबंधन ने मेरा हौसला बढ़ाया है। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई। भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। भुवनेश्वर ने आगे कहा कि हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी। गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सके। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# एसएनआई से जुड़े खिलाड़ियों को मिलेंगी विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं



लखनऊ। खिलाड़ियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, तेज रिकवरी और सुरक्षित खेल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तौर पर शुक्रवार को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के अंतर्गत एसएनआई से जुड़े सभी स्पोर्ट्स सेंटर, कॉम्प्लेक्स, स्कूल और स्टेडियमों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों और उनके परिवारों को विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे खिलाड़ियों को समय पर इलाज, स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट और रिहैबिलिटेशन में मदद मिलेगी। इस एमओयू पर मैक्स हॉस्पिटल की ओर से आशीष शर्मा और एसएनआई की ओर से निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल में स्पोर्ट्स इंजरी विषय पर एक विशेष सेमिनार भी आयोजित किया गया। सेमिनार में प्रसिद्ध सर्जन एवं विख्यात स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कांत शमशेरी (निदेशक झ आथोर्पेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट) ने खिलाड़ियों को खेल के दौरान लगने वाली चोटों, उनके उपचार एवं रिहैबिलिटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्पोर्ट्स इंजरी का सही समय पर उपचार और वैज्ञानिक पद्धति से रिहैबिलिटेशन अत्यंत आवश्यक है , जिससे खिलाड़ी शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः अपने खेल में वापसी कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। इस मौके पर डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने कहा कि इस तरह के समझौते से खिलाड़ियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के जरिए खिलाड़ियों का बेहतर इलाज संभव होगा, जिससे चोट के कारण खेल से दूर हुए खिलाड़ी पुनः मैदान में वापसी कर सकेंगे। खिलाड़ियों और उनके परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है और भविष्य में भी खेलों के विकास के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे चेन्नई और मुंबई



चेन्नई। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा।

आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं। मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी। चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। आठ मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर काबिज रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके को लगातार खराब प्रदर्शन, खराब नेट रन रेट और महेंद्र सिंह धोनी की लंबे समय तक अनुपस्थिति के कारण प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। धोनी सत्र से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं जबकि शुरुआत में माना जा रहा था कि वह जल्द वापसी करेंगे। संजू सैमसन सीएसके के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। इसी सत्र में चेन्नई की टीम से जुड़ने वाले सैमसन ने आठ पारियों में 300 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें दो शतक भी शामिल हैं। वह एक बार फिर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने सीएसके के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन का बचाव करने में नाकाम रही थी जिससे उसकी स्थिति बद से बदतर हो गई है। इस मैच में उसकी गेंदबाजी की कमजोरियां भी उजागर हो गई।

सीएसके की स्थिति मुंबई से थोड़ी बेहतर है। मुंबई नौवें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अपने शेष सभी छह मैच जीतने होंगे। टीम इस प्रकार हैंः

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद। मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है लद्दाख



लेह/जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह केंद्रशासित प्रदेश सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान को सहेजा एवं पोषित किया है।

शाह ने बुद्ध की शिक्षाओं की आधुनिक समय में प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि शांति, करुणा एवं मध्यम मार्ग का संदेश 2,500 साल पहले की तुलना में आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। लद्दाख के दो-दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ रखे जाने के कार्यक्रम और 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन किया। शाह ने उद्घाटन के बाद कहा, लद्दाख सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है। जब दलाई लामा यहां आते हैं तो वह कहते हैं कि यह भूमि केवल भौगोलिक जमीन नहीं, बल्कि बौद्ध संस्कृति एवं करुणा की जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने लद्दाख को करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि इस भूमि ने ज्ञान को सहेजा और पोषित किया है। उन्होंने कहा, जब भी बौद्ध धर्म संकट में पड़ा, इस भूमि ने बुद्ध की शिक्षाओं की रक्षा के लिए काम किया और जब शांति लौटी तो इसने उस संरक्षित ज्ञान को विस्तार देने और आगे बढ़ाने में मदद की। शाह ने कहा कि जब तक व्यक्ति ज्ञान को आत्मसात कर उसे अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाता, तब तक मुक्ति संभव नहीं है। उन्होने कहा, आध्यात्मिक साधना के बिना ज्ञान अधूरा है, जबकि ज्ञान के बिना आध्यात्मिक साधना दिशाहीन है। इसलिए आध्यात्मिक साधना और ज्ञान का संगम ही सही मार्ग है। इन सबके बाद भी यदि नैतिक अनुशासन नहीं है, तो व्यक्ति वास्तव में ज्ञानपूर्ण जीवन नहीं जी सकता। ज्ञानमय जीवन का आधार नैतिक अनुशासन है। शाह ने कहा कि भारत में उत्पन्न तथागत बुद्ध की शिक्षाएं लद्दाख और इसके आसपास के मार्गों के जरिये चीन तथा कई अन्य देशों तक पहुंचीं। उन्होंने कहा, लद्दाख की धरती से निकला संदेश दुनिया भर के अनेक लोगों के लिए जीवन को आगे बढ़ाने की प्रेरक शक्ति बना है। लद्दाख में इन पवित्र अवशेषों की उपस्थिति हमें याद दिलाती है कि भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से शांति और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है। उन्होंने कहा कि लद्दाख जैसे विविधतापूर्ण क्षेत्र में यह संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह विरासत आज भी हमें बताती है कि संघर्ष और अशांति के बीच केवल शांति और करुणा का मार्ग ही समाधान दे सकता है। शाह ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा पर इन अवशेषों की वापसी ने लद्दाख के लोगों के लिए इस पर्व के महत्व को और बढ़ा दिया है। ये पवित्र अवशेष 75 साल बाद लद्दाख आए हैं। ऐसा लगता है कि मानो आज स्वयं बुद्ध यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख और कारगिल में बौद्ध धर्म के अनुयायी तथा अन्य धर्मों के लोग इन अवशेषों से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करेंगे। शाह ने बौद्ध धर्म के प्रसार में लद्दाख की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि कश्मीर कभी बौद्ध अध्ययन, महायान दर्शन और बौद्ध कला का प्राचीन केंद्र था, जहां से लद्दाख पहली बार बौद्ध धर्म के निकट संपर्क में आया था। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के दूतों ने कश्मीर और गांधार के जरिये लद्दाख में बौद्ध प्रभाव की नींव रखी तथा पहली से तीसरी शताब्दी ईस्वी के बीच कुषाण काल में इस क्षेत्र में महायान बौद्ध धर्म का विस्तार हुआ। कश्मीर, लेह, यारकंद, खोतान और तिब्बत को जोड़ने वाला रेशम मार्ग न केवल व्यापार, बल्कि विचारों, भिक्षुओं, पांडुलिपियों और कलात्मक परंपराओं का भी माध्यम बना।

# सेना प्रशिक्षण कमान से अभियानगत तैयारियों को लगातार मजबूत बनाये रखे : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) से भारतीय सेना की अभियानगत तत्परता को बढ़ाने के लिए उत्साहपूर्वक काम जारी रखने का आह्वान किया।

हिमाचल प्रदेश का अपना पांच दिवसीय दौरा समाप्त करने से पहले राष्ट्रपति ने यहां एआरटीआरएसी मुख्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने एआरटीआरएसी के कर्मियों की उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की और उनसे अधिक उत्साह एवं जोश के साथ काम जारी रखने का आग्रह किया। एआरटीआरएसी के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने उन्हें एआरटीआरएसी के बारे में जानकारी दी। एआरटीआरएसी मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता और लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने मुर्मू का स्वागत किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एआरटीआरएसी की नवीन पहलों के बारे में विस्तार से बताते हुए लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने ड्रोन प्रशिक्षण प्रोत्साहन, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने के लिए उठाए गए कदमों और भारतीय सेना में डिजिटलीकरण एवं स्वचालन की दिशा में की गई पहलों पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि एआरटीआरएसी की युद्ध अवधारणाओं को तैयार करने, भारतीय सेना के लिए संसाधन विकसित करने और मित्र विदेशी देशों तथा सहयोगी सेवाओं के साथ व्यापक जुड़ाव रखने में व्यापक भूमिका है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा किया जो भारतीय सेना के प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास के प्रमुख संस्थानों में से एक है। राष्ट्रपति ने नवाचार को बढ़ावा देने और संस्थागत प्रशिक्षण को मजबूत करने में सेना प्रशिक्षण कमान की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जिससे भविष्य के लिए तैयार अधिकारियों का निर्माण होता है। बाद में, शिमला के अनाडेल हेलीपैड पर राष्ट्रपति मुर्मू को विदाई दी गई।

# दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में भारतीय इतिहास को शामिल करने की मांग

जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है।

एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, पाठ्यपुस्तकों में इस विरासत को कमतर दिखाना सच्चाई को कमतर करने जैसा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय के संघर्षों को अधिक स्थान देने से नस्लीय सौहार्द, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इससे यह धारणा भी दूर होगी कि दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों को ऐतिहासिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त थे। हमारे बंधुआ पूर्वजों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया और दास जैसी स्थितियों में जीवन बिताया।

# अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये पर



नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

इन आंकड़ों से पता चला है कि आयात से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि ने घरेलू लेनदेन से प्राप्त संग्रह को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 52,140 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 61,331 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व संग्रह 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस अवधि में रिफंड 19.3 प्रतिशत बढ़कर 31,793 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी में साझेदार प्रतीक जैन ने कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधार लागू होने के बाद मासिक कर संग्रह में सात-आठ प्रतिशत की स्थिर वृद्धि अब एक सामान्य रुझान बनती दिख रही है, जो बजट अनुमानों के अनुरूप है। हालांकि, जैन ने कहा कि आयात आधारित राजस्व की तेज वृद्धि से उपभोग में कुछ नरमी का संकेत मिल सकता है। आयात से जुड़े जीएसटी में करीब 26 प्रतिशत की वृद्धि अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती को दर्शाती है। साथ ही घरेलू जीएसटी का स्थिर प्रदर्शन बताता है कि दरों के सरलीकरण से मांग को समर्थन मिल रहा है। कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक हैं, लेकिन घरेलू लेनदेन और आयात आधारित राजस्व के बीच अंतर होना नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत दर्शाता है। उन्होंने मेक इन इंडिया को वैश्विक आपूर्ति शृंखला बदलावों के अनुरूप मजबूत करने पर जोर दिया। सितंबर 2025 से लागू हुए व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं और चार स्लैब को मिलाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब कर दिए गए।

# मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं: बंगाल सीईओ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है और स्ट्रॉन्ग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी के जरिये निगरानी की जा रही है।

सीईओ का यह बयान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम पर घंटों बिताए जाने और धांधली की आशंका जताए जाने के एक दिन बाद आया है। कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों के आसपास बृहस्पतिवार रात उत्पन्न हुए तनाव के मद्देनजर पुलिस ने शहर के सभी सात स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर निषेधाज्ञा लागू कर दी। अग्रवाल ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम की चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था है। उन्होंने धांधली के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए सिरे से खारिज किया। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता और बेलियाघाट सीट से उम्मीदवार कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देश पर कार्यकर्ता और उम्मीदवार उन मतगणना केंद्रों की निगरानी कर रहे हैं, जहां ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए हैं। अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा, ईवीएम की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों के मद्देनजर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। केंद्रों को पूरी तरह से सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है और वास्तविक समय में सीसीटीवी फुटेज बाहर से देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने के लिए कारण और सबूत होने चाहिए। सीईओ ने रेखांकित किया कि ईवीएम में छेड़छाड़ या गणना पूर्व कवायद में गड़बड़ी के आरोप निराधार हैं। कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों पर बृहस्पतिवार देर शाम उस समय भारी हंगामा हुआ जब तृणमूल नेताओं ने विधानसभा चुनावों की सीलबंद ईवीएम वाले स्ट्रॉन्ग रूम में पारदर्शिता की कमी और संभावित कदाचार का आरोप लगाया। राज्य में विधानसभा चुनाव 29 अप्रैल को संपन्न हुआ था। ममता बनर्जी स्वयं सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित मतगणना केंद्र पर पहुंचीं और लगभग चार घंटे तक वहीं रहीं। आधी रात के बाद वह परिसर से निकलीं और मतगणना प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ चेतावनी देते हुए अधिक पारदर्शिता की मांग की।

## लंदन: यहूदी पुरुषों पर चाकू से हमले के आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

लंदन। लंदन में दो यहूदी पुरुषों को चाकू मारने के मामले में शुक्रवार को 45-वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। ब्रिटेन के यहूदी समुदाय में डर और गुस्से की लहर पैदा करने वाली सिलसिलेवार घटनाओं में यह ताजा मामला है। पुलिस ने बताया कि ईसा सुलेमान पर गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुए हमले के संबंध में हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज किए गए हैं। उसके खिलाफ उसी दिन शहर के दूसरे हिस्से में हुई एक अन्य घटना के संबंध में भी हत्या के प्रयास का तीसरा मामला दर्ज किया गया है। इस घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई थीं। लंदन में रहने वाला सुलेमान, सोमालियाई मूल का ब्रिटिश नागरिक है। उसे शुक्रवार को ही पहली बार अदालत में पेश किया जाना है। यह इलाका ब्रिटिश यहूदी समुदाय का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इस हमले में 34 और 76 वर्ष के दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## ईरान के सर्वोच्च नेता ने परमाणु, मिसाइल की रक्षा का संकल्प जताया

दुबई। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने इस्लामी गणराज्य की परमाणु एवं मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करने का संकल्प व्यक्त किया है। ईरान के एक सरकारी टेलीविजन चैनल के एक प्रस्तोता द्वारा बृहस्पतिवार को पढ़े गए एक बयान में अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने कहा कि फारस की खाड़ी में अमेरिकियों की जगह केवल इसके पानी की तह में है और क्षेत्र के इतिहास में नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुजतबा खामेनेई अपने पिता की युद्ध के शुरुआती हवाई हमलों में मौत के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता बने लेकिन तब से वह सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। खामेनेई ने ऐसे समय में यह टिप्पणी की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान की परमाणु एवं मिसाइल क्षमताओं को हवाई हमलों और व्यापक समझौते के तहत सीमित करने का प्रयास कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था दबाव में है और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी के कारण उसके तेल टैंकर समुद्र में नहीं जा पा रहे हैं। ईरान द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है, जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। बृहस्पतिवार को वैश्विक मानक ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 126 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। तेल आपूर्ति और कीमतों में आए इस झटके से ट्रंप पर दबाव बढ़ रहा है, जो अपने खाड़ी सहयोगियों के तेल और गैस निर्यात के लिए महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से खोलने की नयी योजना पर विचार कर रहे हैं। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि इस योजना के तहत अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रखेगा और सहयोगियों के साथ मिलकर ऊर्जा के मुक्त प्रवाह को बाधित करने के ईरान के प्रयासों पर अधिक लागत थोपेगा।


BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP

BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT

12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!

Job offers & still continuing since last 4 years ...

BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

ADMISSION OPEN 2026-2027

BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in

COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines

Meritorious Scholarships Offered

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI

NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA - AI | IMBA - AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture

BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222



City Montessori School

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

heartily congratulates its 3709 meritorious students who have secured 90% to 99.80% marks in the ISC & ICSE Board Exams, 2026

4 students scored 99.75% and 9 students scored 99.50% in ISC

Vaivaswat Dubey secured 99.80% in ICSE | 62 students secured 99% to 99.80% agg. marks

ISC (Class XII)

99.75% CHHAVI MISHRA Kanpur Road | 99.75% OSHEEN AGARWAL Mahanagar | 99.75% SANSKRITI CHANDEL Gomti Nagar I | 99.75% ZAINAB FATIMA Aliganj I | 99.50% ARYA DWIVEDI Aliganj I | 99.50% ADITYA TRIPATHI Gomti Nagar I | 99.50% ADVIT DHAON Gomti Nagar I

99.50% AARNA BAJPAI Kanpur Road | 99.50% BHANU P VERMA Aliganj I | 99.50% HANSIKA JAGGI Rajajipuram I | 99.50% SHIVPRIYA PATHAK Gomti Nagar Extn. | 99.50% SONYA ARORA Kanpur Road | 99.50% VAILACE RDSO

Note: 4 ISC students scored 99.75%, 9 students scored 99.50%, 15 students scored 99.25%, and 14 students scored 99%

ICSE (Class X)

99.80% VAIVASWAT N DUBEY Gomti Nagar I | 99.60% ANAY AGARWAL Gomti Nagar I | 99.60% ZAHRA FATIMA Asharfabad | 99.40% AFSHAAN AHMAD Gomti Nagar I | 99.40% DIVYANSH KUSHWAHA Gomti Nagar I | 99.40% FARHEEN KHAN Rajajipuram I

Note: 1 ICSE student scored 99.80%, 2 students scored 99.60%, 3 students scored 99.40%, 6 students scored 99.20%, and 8 students scored 99%

These 19 CMS Students on Ranks 1, 2 & 3 shall be given Rs. 1 Lakh each. Another 43 students with 99% and above will get Rs. 21,000 each, making a total prize money of over Rs. 28 Lakh

RESULTS THAT MAKE CMS EUPHORIC !

| S.No. | Highlights | Numbers | Percentage |
|---|---|---|---|
| 1. | CMS students who secured 99% & above aggregate marks | 62 | 0.9% |
| 2. | CMS students who secured 98% & above aggregate marks | 248 | 3.5% |
| 3. | CMS students who secured 97% & above aggregate marks | 562 | 8.0% |
| 4. | CMS students who secured 95% & above aggregate marks | 1441 | 20.5% |
| 5. | CMS students who secured 90% and above aggregate marks | 3709 | 52.8% |
| 6. | CMS students who took & passed the 2026 ICSE & ISC Exams | 7030 | 100.0% |

These 3709 meritorious CMS students will take out a
Grand Victory March and Honouring Ceremony
on Saturday, 2nd May, 2026 at 7.45 am at CMS Gomti Nagar Extension Auditorium, Lucknow
Shri Alok Kumar, IAS
Additional Chief Secretary, Infrastructure & Industrial Development & NRI Department, Uttar Pradesh
will be our honoured Chief Guest on the occasion

Scan QR for full result


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K